आषाढ़ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 19 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 243, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



बाइडन फिर कोविड-19 से हुए संक्रमित 14

रेस 4 में दिखेंगे सलमान और सैफ 13

# चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस बेपटरी, 4 की मौत

## गोंडा में ट्रेन की 8 बोगियां पलटीं, मुख्यमंत्री ने हादसे का लिया संज्ञान, रेलवे ने बैठाई उच्चस्तरीय जांच

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन गुरुवार दोपहर ढाई बजे मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप अचानक तेज धमाके की आवाज के साथ डिरेल हो गई। ट्रेन के एसी कोच के 3 डिब्बे पलट गए, जबकि 5 अन्य बोगियां पटरी से उतर गईं।

हादसे में 4 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 34 यात्री घायल हो गए। घायलों में 11 यात्रियों की हालत गंभीर है। 9 घायल जिले के मेडिकल कॉलेज में भर्ती है, जबकि तीन घायलों को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया, जिसमें देर रात एक की मौत हो गई। रेलवे ने घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है। वहीं, रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष व मुख्य कार्यकारी अधिकारी जया वर्मा सिन्हा ने जिला चिकित्सालय गोंडा पहुंचकर घायल यात्रियों के उपचार की जानकारी ली। साथ ही उन्हें बेहतर इलाज का आश्वासन दिया।

रेलवे के अनुसार, एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार की शाम को चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जाने के लिए निकली थी। ट्रेन करीब 2:15 बजे गोंडा स्टेशन पहुंची ही थी और 2:25 बजे गोंडा स्टेशन से गोरखपुर के लिए रवाना हुई थी। गोंडा गोरखपुर रेल खंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप करीब 2:40 बजे अचानक ट्रेन डिरेल हो गई। इंजन के पीछे लगी एसी की तीन बोगियां पटरी से उतरकर ट्रैक के किनारे खेतों में जाकर पलट गई। जबकि ट्रेन की पांच अन्य बोगी पटरी से उतर गई। हादसे के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए राहत व बचाव कार्य शुरू किया और ट्रेन में फंसे यात्रियों को बाहर निकाल कर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। हादसे की सूचना मिलने पर देवीपाटन मंडल के कमिश्नर शशि भूषण लाल श्रीवास्तव, डीएम नेहा शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व पूर्वोत्तर रेलवे की डीआरएम सौम्या माथुर की घटनास्थल पर पहुंची और हादसे की जानकारी ली।

**दर्दनाक** 34 घायल, 11 की हालत गंभीर



मनकापुर–गोंडा के बीच पिकौरा गांव के पास बेपटरी हुई चंडीगढ़–डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस। ● एजेंसी

### यूं हुआ घटनाक्रम

- दोपहर 2 : 40 बजे हुआ हादसा
- अपराह्न 3 :30 बजे दुर्घटना यान पहुंचा
- शाम 6 :30 बजे डीआरएम सौम्या माथुर पहुंची
- 22 बोगियों में तीन पूरी तरह पलट गईं, पांच पटरी से उतर गईं

### 4 यात्रियों की मौत की पुष्टि

- राहुल पुत्र नाथूलाल निवासी चंडीगढ़।
- सरोज पुत्र रघुनंदन निवासी बिहार।
- दो अज्ञात।

### डीएम बोलीं- राहत और बचाव कार्य जारी

डीएम नेहा शर्मा ने हादसे में चार यात्रियों के मौत की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि इस हादसे में ट्रेन के आठ डिब्बे डिरेलमेंट का शिकार हुए हैं। हादसे में घायल हुए यात्रियों को फर्स्ट एड देकर उनका इलाज कराया जा रहा है। मौके पर राहत व बचाव कार्य जारी है। यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए रोडवेज बसें लगाई गई हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार मौके पर चार से अधिक लोगों की मौत हुई है।

"हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। कई लोगों के घायल होने की भी सूचना है। जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 2.5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा रेलवे की तरफ से की गई है।
– **पंकज कुमार सिंह**, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर

## सेंसेक्स पहली बार 81,000 अंक के पार

**मुंबई।** शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी का सिलसिला गुरुवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 627 अंक उछलकर पहली बार 81,343 अंक के ऊपर बंद हुआ। निफ्टी भी 24,800 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया। आईटी, तेल एवं गैस तथा दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। बाजार में शुरुआत कमजोर रही और एक समय यह 80,390.37 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। हालांकि आईटी शेयरों तथा सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनी में लिवाली से सूचकांक नुकसान से उबर गया।



- निफ्टी 24,800 अंक के नये शिखर पर, सेंसेक्स 627 अंक ऊपर चढ़ा

## विवादित ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की मां गिरफ्तार

**पुणे।** विवादित ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को पुणे की ग्रामीण पुलिस ने बंदूक दिखाकर किसानों को धमकाने के आरोप में गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। मनोरमा के खिलाफ किसानों को धमकाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। मनोरमा को रायगढ़ जिले के महाड स्थित एक होटल से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पिछले काफी समय से मनोरमा की तलाश कर रही थी।









## युवती की हत्या के बाद छात्र ने खुद को गोली से उड़ाया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- अमरोहा की युवती के साथ मुरादाबाद के युवक का था प्रेम-प्रसंग

**अमृत विचार :** देहात थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर में प्रेमी ने प्रेमिका के घर पहुंच कर गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद प्रेमी ने अपने घर पर पहुंचकर खुद को भी गोली मारकर उड़ा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों से पूछताछ की। अमरोहा और कांठ पुलिस ने युवती व छात्र के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव शाहिदपुर उर्फ सादपुर में किसान रूप सिंह का परिवार रहता है। उनकी पुत्री प्रीति (20) ने बीए करने के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। वह चार भाई बहनों में मझली थी। उधर, कांठ थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर निवासी तेजपाल सिंह का पुत्र आयुष उर्फ चाहत मुरादाबाद के एक कॉलेज से पॉलिटेक्निक की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस के मुताबिक, प्रीति और आयुष उर्फ चाहत एक दूसरे के संपर्क में थे। दोनों शादी करना चाहते थे, जबकि प्रीति के परिजनों ने उसका रिश्ता दूसरी जगह कर तय दिया था।

### युवती को गांव के बाहर मिलने के लिए बुलाया था

गुरुवार शाम छह बजे आयुष उर्फ चाहत ने प्रीति को गांव से बाहर बुला लिया। यहां गांव से खेत पर जाने वाले रास्ते के किनारे उसने तमंचे से सिर में गोली मारकर प्रीति की हत्या कर दी। इसके बाद आयुष अपने घर में पहुंचा और गोली मारकर खुद को भी उड़ा लिया। सूचना के बाद सीओ अभिषेक कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए।

## विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं, तो भी लगेगा दोगुना टोल टैक्स

**नई दिल्ली।** सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर जानबूझकर वाहन के अगले शीशे पर फास्टैग नहीं लगाने वालों के लिए कड़ा रुख अपनाते हुए सभी टोल प्लाजा को दिशानिर्देश जारी करके कहा है कि शीशे पर अंदर से फास्टैग चिपकाए बिना टोल प्लाजा की लेन में आने वाले वाहनों से दोगुना टोल टैक्स वसूला जाएगा। सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि कुछ लोग जानबूझकर विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं लगाते हैं और टोल प्लाजा की लेन में आ जाते हैं जिससे अनावश्यक देरी होती है और इससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलने वाले दूसरे लोगों को बेवजह की दिक्कत होती है। इसमें एक बड़ी बात यह है कि ऐसे लोगों को विधिवत ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है।

# नीट-यूजी के केंद्रवार नतीजे हों जारी : कोर्ट

## अभ्यर्थियों की पहचान जाहिर न करने के दिए निर्देश, कल तक परिणाम घोषित करने के आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को अभ्यर्थियों की पहचान गुप्त रखते हुए 20 जुलाई की दोपहर 12 बजे तक नीट-यूजी 2024 के केंद्र और शहर-वार परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया है। परीक्षा के संचालन में गड़बड़ी के आरोपों का समाधान करने का प्रयास करते हुए प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इसे नए सिरे से आयोजित करने का कोई भी आदेश इस ठोस निष्कर्ष पर आधारित होना चाहिए कि पूरी प्रक्रिया की शुचिता प्रभावित हुई है।

शीर्ष अदालत 5 मई को आयोजित प्रतिष्ठित परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोपों के मद्देनजर परीक्षा को रद करने, दोबारा परीक्षा कराने और अदालत की निगरानी में जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर 22 जुलाई को फिर से सुनवाई शुरू करेगी। दिन भर चली सुनवाई के दौरान पीठ ने अभ्यर्थियों के वकीलों से परीक्षा के आयोजन में व्यापक उन अनियमितताओं के बारे में अपना दावा साबित करने को कहा, जिसमें प्रश्नपत्र लीक होना भी शामिल है, जिसके कारण परीक्षा रद कर दोबारा कराने की आवश्यकता हो। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि प्रश्नपत्र लीक की घटना पटना और हजारीबाग तक ही सीमित थी तथा गुजरात के गोधरा में इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है। पटना और हजारीबाग में प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक हो गए, जबकि गोधरा में दावा किया गया कि परीक्षा आयोजित कराने वाले एक व्यक्ति ने कुछ अभ्यर्थियों की ओएमआर शीट भरने के लिए पैसे लिए।



### पेपर लीक मामले में चार मेडिकल छात्र गिरफ्तार, सीबीआई रिमांड पर भेजा

**पटना, एजेंसी।** सीबीआई ने नीट–यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में गुरुवार को पटना एम्स में पढ़ने वाले एमबीबीएस के चार छात्रों सहित पांच को गिरफ्तार किया है। जिन्हें सीबीआई ने बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत में पेश किया। अदालत ने सभी आरोपियों को चार दिन की रिमांड पर भेज दिया है। सीबीआई ने इस मामले मे गिरफ्तार किए गए एक बिचौलिए सुरेंद्र कुमार और चार मेडिकल छात्रों चंदन सिंह, सानू, राहुल आनंद और करम जैन को गुरुवार को विशेष प्रभारी न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया, जहां उन्हें न्यायिक हिरासत में लिया गया। उसके बाद सीबीआई ने एक आवेदन दाखिल कर इन अभियुक्तों से हिरासती पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर दिए जाने की प्रार्थना की। विशेष अदालत ने प्रार्थना स्वीकार करते हुए इन सभी पांच अभियुक्तों को चार दिनों की पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया।

### एक नजर

#### केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाला मामलों में गिरफ्तार मुख्यमंत्री केजरीवाल की उस याचिका पर गुरुवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अपने वकीलों के साथ दो अतिरिक्त बैठकों की अनुमति दिये जाने का अनुरोध किया है। ईडी और तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने इस कदम का विरोध किया और कहा कि कानून सभी के लिए समान है।

#### बब्बर खालसा के सदस्य हथियारों सहित गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित आतंकी मॉड्यूल के एक सदस्य को हाथियार सहित गिरफ़्तार किया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि अमृतसर के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने अमेरिका स्थित आतंकवादी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया और इटली स्थित उसके सहयोगी रेशम सिंह के एक सदस्य को अमृतसर से गिरफ्तार किया है।

## ताजिया दफनाने के दौरान बवाल

संवाददाता, गंजडुण्डवारा (कासगंज)

- पुलिस के लाठीचार्ज करने से भड़के ताजियेदारों ने लगाया जाम

**अमृत विचार:** मुहर्रम पर बुधवार की रात गंजडुंडवारा में ताजिया दफनाने के दौरान बवाल हो गया। पुलिस के लाठीचार्ज करने पर भड़के ताजियेदारों ने जाम लगा दिया और कई घंटे धरना-प्रदर्शन व हंगामा करते रहे। गुरुवार सुबह गंडडुंडवारा का बाजार बंद रहा। अधिकारियों ने आरोपी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब लोग शांत हुए। गुरुवार सुबह ताजिया सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

गंगडुंडवारा में बुधवार की रात करीब तीन बजे ताजिया दफनाने के लिए कर्बला ले जाया जा रहा था। इस दौरान वहां सैकड़ों लोग मौजूद थे। कोतवाली पुलिस ने ताजिया जल्द दफनाने को कहा। अचानक दो पुलिस कर्मियों ने लाठी चार्ज कर दिया। लाठीचार्ज से भगदड़ मच गई जिससे ताजिया टूट गया और कई लोग घायल हो गए। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी पहुंच गए। उन्होंने सीओ विजय कुमार राना एवं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार से लाठी चार्ज को लेकर तीखी नाराजगी जाहिर की। गुरुवार सुबह मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपनी दुकानें नहीं खोलीं। माहौल बिगड़ा देख कई थानों की पुलिस बुला ली गई। करीब नौ बजे एडीएम राकेश कुमार पटेल, एएसपी राजेश भारती पहुंचे। उन्होंने आरोपी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।



गंजडुंडवारा में मौके पर पहुंचे पुलिस अफसर। ● अमृत विचार

## हाईटेंशन लाइन से टकराया 50 फुट ऊंचा ताजिया, एक की मौत

**अमीरनगर (लखीमपुर खीरी)।** मोहर्रम जुलूस के दौरान गुरुवार दोपहर कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव गरदहा में बड़ा हादसा हो गया। करीब 50 फुट ऊंचे ताजिए का जुलूस निकालते समय ऊपर से निकली हाइटेंशन लाइन में छू गया।

हादसे में 19 लोग झुलस गए, जिन्हें सीएचसी ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण सभी को शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया। शाहजहांपुर जिला अस्पताल रेफर में 15 लोगों का इलाज चल रहा है, जिसमें से एक की मौत हो गई है। अन्य झुलसे लोगों को निजी अस्पतालों में ले जाया गया है। एसडीएम मोहम्मदी ने बताया कि इनमें से 20 वर्षीय हसीब को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एसडीएम मोहम्मदी ने बताया कि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में तहसील प्रशासन शाहजहांपुर अस्पताल में तैनात हैं। वहीं एसपी गणेश प्रसाद साहा ने भी मौके पर पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

## मकान खरीदारों को सुप्रीम राहत

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने बैंक और बिल्डर को एनसीआर में जबरिया कार्रवाई नहीं करने का दिया निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में अपने फ्लैट का कब्जा न मिलने से परेशान घर खरीदारों को बड़ी राहत देते हुए निर्देश दिया है कि मासिक किस्त (ईएमआई) भुगतान को लेकर बैंक, वित्तीय संस्थान या बिल्डर उनके खिलाफ कोई जबरिया कार्रवाई नहीं करेंगे।

उनके खिलाफ चेक बाउंस का भी कोई मामला नहीं चलेगा। शीर्ष अदालत दिल्ली उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कई मकान खरीदारों की याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। याचिकाओं में अनुरोध किया गया था कि बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों को निर्देश दिया जाए कि वे रियल एस्टेट डेवलपर द्वारा उनके फ्लैट का कब्जा दिए जाने तक ईएमआई न लें।



### अगली सुनवाई 27 सितंबर को

उच्च न्यायालय के याचिकाएं खारिज करने के बाद मकान खरीदारों ने शीर्ष अदालत का रुख किया था। शीर्ष अदालत ने इस मुद्दे की जांच करने पर सहमति व्यक्त की तथा संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 27 सितंबर तय की है।

## अखिलेश बोले-100 लाओ, सरकार बनाओ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- सपा मुखिया ने अंदरूनी कलह के चलते भाजपा विधायकों को दिया मानसून ऑफर

**अमृत विचार:** प्रदेश की भाजपा सरकार में चल रही अंदरूनी उथल-पुथल के बीच समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर भाजपा नेताओं को मानसून ऑफर देकर चर्चा का बाजार और गर्म कर दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए नेताओं से कहा, 100 लाओ और सरकार बनाओ।

सपा प्रमुख ने एक्स पोस्ट के माध्यम से भाजपा खेमें में धड़कनें बढ़ाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा का कोई भी नेता 100 विधायकों को लेकर उनके पास आता है तो समाजवादी पार्टी उसे मुख्यमंत्री बनाने के लिए समर्थन दे सकती है। इतना ही नहीं, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दिल्ली से लखनऊ आने के बाद अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए तंज भी कसा। कहा कि लौट के बुद्धू घर को आए। मालूम हो कि केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को एक्स पर अखिलेश यादव को सपा बहादुर की संज्ञा दी थी। उन्होंने कहा था कि उप्र. और केंद्र में मजबूत सरकार है।

### प्रदेश में 2027 में हम अपनी सरकार बनाएंगे

साल 2017 की तरह 2027 में भी हम उप्र. में अपनी सरकार बनाएंगे। केशव ने सपा के पीडीए को धोखा बताते हुए यह भी कहा कि प्रदेश में सपा के गुंडाराज की वापसी असंभव है। इसके पहले सोमवार को भाजपा की कार्यसमिति और अगले दिन दिल्ली में आलाकमान के साथ बैठक के उपरांत केशव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करके राजनैतिक गलियारों में हलचल बढ़ा दी थी। चर्चा को लौ देने में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी को दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा तलब करना भी है। जिसके बाद सत्ता के अंदर उलट फेर की बातें शुरू हो गई थीं।

# कांवड़ रूट : पुलिस की एडवाइजरी पर सियासी बवाल

## मुजफ्फरनगर पुलिस का फरमान- ठेले -ढाबे वाले अपना नाम जरूर लिखें, विपक्षी दल बिफरे, कहा-सरकार इसे वापस ले

संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा के दौरान मुजफ्फरनगर पुलिस के फरमान पर विपक्षी दलों ने प्रहार करते हुए कहा है कि सत्तारूढ़ भाजपा सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाने के बहाने ढूंढ़ती रहती है। दरअसल, मुजफ्फरनगर पुलिस ने कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले रूट पर पड़ने वाले ठेले ढाबे वालों को अपना नाम लिखने का सुझाव दिया है।

पुलिस की एडवाइजरी में बताया गया कि यात्रा के रूट पर पड़ने वाली दुकानों, ढाबों और ठेलों पर विक्रेता का नाम लिखना जरूरी होगा। इस मामले में एतराज जताने के बाद में पुलिस ने एक और निर्देश जारी कर बताया कि होटल, ढाबों के मालिक अपनी इच्छा से अपना नाम और रेट कार्ड दुकान के बाहर लगा सकते हैं। पुलिस का कहना है कि कई बार रेट और धर्म को लेकर कांवड़ियों में लड़ाई हुई है, जिसे देखते हुए यह फैसला लिया गया था। इस एडवायजरी के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सामाजिक सद्भाव की दुश्मन है। समाज का भाईचारा बिगाड़ने का वह कोई न कोई बहाना ढूंढ़ती रहती है।

कांवड़ यात्रा को लेकर मुजफ्फरनगर पुलिस ने नया फरमान जारी किया है कि ठेले-ढाबे सहित सभी दुकानदार अपना नाम बाहर जरूर लिखें। इसके पीछे सरकार की मंशा अल्पसंख्यक वर्ग को समाज से अलग बांटने और उन्हें शक के दायरे में लाने की है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया नया सरकारी आदेश यह गलत परंपरा है, जो सौहार्द्रपूर्ण वातावरण को बिगाड़ सकता है। जदयू नेता केसी त्यागी ने कहा कि दुकानों पर मालिकों का नाम प्रदर्शित करने के मुजफ्फरनगर पुलिस के आदेश को वापस लिया जाना चाहिए।



**क्या है मामला :** मुजफ्फरनगर पुलिस का कहना है कि पूर्व में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जहां कांवड़ मार्ग पर हर प्रकार की खाद्य सामग्री बेचने वाले कुछ दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के नाम इस प्रकार से रखे गए, जिससे कांवड़ियों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न होकर क़ानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हुई। पुलिस ने कहा कि इस तरह की घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए और श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाले होटल, ढाबे और खानपान की सामग्री बेचने वाले दुकानदारों से अनुरोध किया गया है कि वे स्वेच्छा से अपने मालिक और काम करने वालों का नाम प्रदर्शित करें। पुलिस का कहना है कि इस आदेश का आशय किसी प्रकार का धार्मिक विभेद ना होकर सिर्फ श्रद्धालुओं की सुविधा, आरोप प्रत्यारोप और कानून व्यवस्था की स्थिति को बचाना है।

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश



36.0⁰ अधिकतम तापमान | 27.0⁰ न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- बरेली ट्रेड यूनियन फेडरेशन द्वारा बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस पर गोष्ठी रोटरी भवन में शाम 5:30 बजे।
- पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ द्वारा आम सभा रेलवे कारखाना मंडल कार्यालय इज्जतनगर में शाम 5 बजे
- बरेली कॉलेज में विद्यार्थी परिषद का प्रदर्शन सुबह 10:30 बजे।
- वनखंडी नाथ मंदिर से हरिद्वार के लिए 300 कांवड़ियों का जत्था रवाना दोपहर 3 बजे।

# सावन : एक महीने तक भारी वाहनों का रहेगा रूट डायवर्जन

## प्रत्येक शुक्रवार रात 8 से सोमवार रात 10 बजे तक प्रभावी रहेगी व्यवस्था, झुमका तिराहा से मिनी बाईपास की तरफ भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सावन में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने भारी वाहनों और बसों का रूट डायवर्जन लागू किया है। डायवर्जन 22 जुलाई से 19 अगस्त तक प्रभावी रहेगा। भारी वाहनों का डायवर्जन प्रत्येक शुक्रवार रात 8 से सोमवार रात 10 बजे तक और रोडवेज बसों का रविवार सुबह 6 बजे से सोमवार रात 10 बजे तक लागू रहेगा।

पुलिस अधीक्षक यातायात शिवराज ने बताया कि रूट डायवर्जन के तहत झुमका तिराहा से मिनी बाईपास की तरफ भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र के भारी वाहन ट्यूलिया अंडरपास से आवागमन कर सकेंगे। लखनऊ से बरेली होकर दिल्ली की तरफ जाने वाले भारी वाहन फतेहगंज पूर्वी से नवादा मोड़, दातागंज-बदायूं रोड, बबराला, नरौरा, बुलंदशहर होते हुए दिल्ली की तरफ जा सकेंगे। बरेली से मुरादाबाद, आगरा, अलीगढ़ जाने वाले भारी वाहन बड़ा बाईपास होते हुए मिलक- शाहबाद-चंदौसी, अनूप शहर, नरौरा अलीगढ़, आगरा होकर जा सकेंगे। बरेली से लखनऊ की तरफ जाने वाले भारी वाहन बड़ा बाईपास, फरीदपुर, शाहजहांपुर होते हुए जाएंगे। शाहजहांपुर में कांवड़ियों की संख्या अधिक होने पर वाहनों को बरेली से बड़ा बाईपास, भुता-बीसलपुर होते हुए आगे भेजा जाएगा। महानगर बरेली में इन्वर्टिस तिराहा, बीसलपुर रोड, विलयधाम, बिलवा पुल से भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

### जिले में कांवड़ यात्रा के प्रमुख मार्ग

- कछला घाट (बदायूं)-बरेली-बदायूं मार्ग पूरी तरह कांवड़ यात्रा के लिए समर्पित रहेगा। इस दौरान रोडवेज बसें, हल्के वाहन व अति आवश्यक सेवाओं वाले वाहनों को निर्धारित डायवर्जन से धीरे-धीरे निकालने की व्यवस्था रहेगी। पीलीभीत जिले के कांवड़िये महानगर से विलयधाम होते हुए जाएंगे।
- ब्रजघाट (गढ़ मुक्तेश्वर-हापुड़)-रामपुर से झुमका-बड़ा बाईपास-शाहजहांपुर तक के मार्गों में एक लेन कांवड़ यात्रा के लिए समर्पित रहती है। रोडवेज बसें, हल्के वाहन और अति आवश्यक सेवाओं वाले वाहनों को निर्धारित डायवर्जन से धीर-धीरे निकालने की व्यवस्था रहेगी।
- हरिद्वार से रुद्रपुर-बहेड़ी होकर बिलवा पुल से आकर श्रद्धालु जिले के विभिन्न शिव मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं। बिलवा पुल-विलयधाम से कांवड़िये पीलीभीत-बीसलपुर-खीरी (गोला गोकर्णनाथ), शाहजहांपुर के लिए निर्धारित रूट पर जाएंगे।
- महानगर बरेली में रामगंगा तिराहा से चौपुला तक एवं चौपुला से किला एवं पटेल चौक तक किसी भी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।
- झुमका तिराहा से महानगर तक का मार्ग कांवड़ यात्रा के लिए रहेगा। इस दौरान हल्के वाहनों के साथ अति आवश्यक सेवाओं वाले वाहनों को धीरे-धीरे निकालने की व्यवस्था रहेगी।

### यहां से गुजरेंगी रोडवेज बसें



रोडवेज बसों समेत छोटे वाहनों का रूट डायवर्जन प्रत्येक रविवार को सुबह 6 बजे से सोमवार रात 10 बजे तक प्रभावी रहेगा। इसमें पुराना बस अड्डा से सभी रोडवेज बसें और हल्के वाहन पटेल चौक, चौकी चौराहा, गांधी उद्यान, मालियों की पुलिया सेटेलाइट होकर जा सकेंगे। दिल्ली की ओर जाने वाली रोडवेज बसें और हल्के वाहन सेटेलाइट से नरियावल, टीपीनगर, इन्वर्टिस तिराहा, बड़ा बाईपास, झुमका तिराहा होते हुए रामपुर की ओर जा सकेंगे। लखनऊ की ओर जाने वाली रोडवेज बसें और हल्के वाहन सेटेलाइट से नरियावल, टीपीनगर, फरीदपुर होते हुए शाहजहांपुर की ओर जाएंगे। बरेली से आगरा-मथुरा की ओर जाने वाली रोडवेज बसें व हल्के वाहन सेटेलाइट, इन्वर्टिस, बड़ा बाईपास, झुमका तिराहा, मिलक, शाहबाद, बिलारी, बबराला, नरौरा, अलीगढ़ होते हुए आ-जा सकेंगे। बरेली से बदायूं जाने वाली रोडवेज बसें व हल्के वाहन लाल फाटक, रामगंगा पुल पार कर, अखा मोड़, अलीगंज, आवंला, कुंवर गांव होकर आ-जा सकेंगे।

# उपकेंद्र पर एसडीओ और जेई को घेरा, तोड़फोड़

## पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करके भीड़ को खदेड़ा, कई घंटे तक बिजली न आने से चढ़ा लोगों का पारा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



किला उपकेंद्र पर घेराव करने पहुंचे लोग। ● अमृत विचार



उपकेंद्र में तोड़फोड़ करते लोग।

**अमृत विचार :** किला क्षेत्र में कई घंटे के बिजली संकट से नाराज लोगों ने बुधवार देर रात उपकेंद्र में एसडीओ और जेई का घेराव कर लिया। लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर लोगों को खदेड़ दिया। इसके बाद गुरुवार दोपहर में भी लोगों ने घेराव किया। इसके बाद भी समाधान न होने पर गुरुवार रात 8 बजे महिलाओं ने उपकेंद्र पर हंगामा और तोड़फोड़ की। लंबा शटडाउन लेने के बाद भी अधिकारी किला उपकेंद्र के 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर में आई खराबी को ठीक नहीं करा सके।

बुधवार को मोहर्रम के जुलूस की वजह से सुबह 10 से रात 10 बजे तक का शटडाउन लिया गया था। शटडाउन के दौरान उपकेंद्र पर लगे 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर में आई खराबी को दूर करने का प्रयास किया गया लेकिन रात में जुलूस समाप्त होने के बाद भी आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। इससे नाराज लोग देर रात उपकेंद्र पर पहुंचे और जेई और एसडीओ का घेराव कर लिया। स्टाफ ने उपकेंद्र का मुख्य दरवाजा बंद करके एसडीओ और जेई को बचाया। उपकेंद्र के घेराव की सूचना पर किला पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करके भीड़ को हटाया। 33 केवी की लाइन ब्रेकडाउन होने पर सीबीगंज ट्रांसमिशन से शटडाउन लेकर फाल्ट को ठीक कराने के बाद गुरुवार सुबह 5 बजे के बाद बिजली आपूर्ति बहाल की गई। इसकी वजह से किला उपकेंद्र से जुड़े चौधरी मोहल्ला, गढ़ी चौकी, अशरफ खां छावनी, बानखाना, जकाती, साहूकारा, सराय, गढ़ैया, फूटा दरवाजा, किला, बाकरगंज, गुलाबनगर, कटघर, हुसैन बाग, मलूकपुर, जखीरा, सिटी स्टेशन रोड आदि जगहों पर 17 घंटे का बिजली संकट रहा। इसके बाद दिन ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या से लोग परेशान हो गए और दोपहर में फिर उपकेंद्र पर हंगामा किया। पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत किया। इसके बाद रात में एक बार फिर महिलाएं उपकेंद्र पर पहुंची और जमकर तोड़फोड़ की।

### किला एसडीओ और जेई पर फोन न उठाने का आरोप

पॉवर कॉरपोरेशन के मुख्य अभियंता रणविजय सिंह ने शहर में अवर अभियंताओं के फोन नहीं उठाने की शिकायत पर सुधार करने के निर्देश भी दिए थे, लेकिन उसके बाद भी उनकी कार्यशैली में कोई सुधार होता नहीं दिख रहा है। लोगों का आरोप है कि किला में लगातार बिजली गुल रहने के बाद किला एसडीओ और जेई का फोन नहीं उठता है।

### अन्य जगह फाल्ट और शटडाउन ने किया लोगों को परेशान

शहर में अन्य उपकेंद्र पर लोकल फाल्ट और शटडाउन होने से भी बिजली गुल रही। शहर के कोहाड़ापीर उपकेंद्र के अशोक नगर और चाहवाई फीडर पर गुरुवार को आरडीएसएस योजना के तहत काम कराने के लिए सुबह 11 से दोपहर 1:30 बजे तक का शटडाउन लिया गया। इसके अलावा सुभाषनगर में भी मरम्मत कार्य की वजह से आपूर्ति बाधित रही। वहीं नदोसी उपकेंद्र के बंडिया, खना गौटिया, तिलियापुर समेत कई गांव में दिन में बिजली कटौती की गई। सिविल लाइंस और कुतुबखाना के साथ जगतपुर उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में भी फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या रही।

> किला में बुधवार को शटडाउन लिया गया था। उसके बाद फाल्ट की वजह से बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई थी। शिकायत पर कर्मचारियों को अलग-अलग जगह भेजकर फाल्ट को ठीक कराया गया।
>
> -**सत्येन्द्र चौहान,** अधिशासी अभियंता

## कई कॉलोनियों में दूर होगा बिजली संकट

**बरेली, अमृत विचार :** पवन विहार में नए बिजली उपकेंद्र का निर्माण शुरू हो गया है। इससे पीलीभीत बाईपास की कई कॉलोनियों के लोगों को बेहतर बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। अधिकारियों का कहना है कि छह माह में उपकेंद्र का निर्माण पूरा करा लिया जाएगा।

जगतपुर और हरुनगला उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्र के लोगों को अब बिजली कटौती और ट्रिपिंग का सामना नहीं करना पड़ेगा। पवन विहार में कब्रिस्तान के पास जगह का चयन कर उपकेंद्र का निर्माण कराने के लिए प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा गया था। मुख्यालय की तरफ से हरी झंडी मिलने के बाद काम शुरू करा दिया गया है। उपकेंद्र के निर्माण में 15 करोड़ रुपये की लागत आएगी। निर्माण पूरा होने के बाद पवन विहार, खुशबू एन्क्लेव, फाइक एन्क्लेव, सतीपुर, पीलीभीत बाईपास, खुशबू एन्क्लेव, जगतपुर आदि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति दी जाएगी। वहीं, सुभाषनगर क्षेत्र में भी नया उपकेंद्र बनाने के लिए जगह की तलाश की जा रही है। अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ ने बताया कि नए उपकेंद्र का निर्माण होने के बाद किला, सुभाषनगर और मढ़ीनाथ उपकेंद्र पर बिजली आपूर्ति दी जाएगी।

# भुगतान के लिए एक्सईएन और ठेकेदार में नोकझोंक

- **अभद्रता करने और भुगतान संबंधी फाइलें अटकाने का आरोप**
- **नगर आयुक्त ने एक्सईएन को दी चेतावनी, जल्द भुगतान के निर्देश**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम का निर्माण विभाग गुरुवार को एक बार फिर से सुर्खियों में आ गया। सड़क निर्माण और बकाया भुगतान को लेकर ठेकेदार और एक्सईएन डीके शुक्ला के बीच जमकर नोकझोंक हुई। काफी देर तक हंगामा होता रहा। नगर आयुक्त ने मामले में एक्सईएन को चेतावनी दी है।

फर्म के मालिक जेपी भाटिया पूर्वाह्न 11 बजे नगर निगम पहुंचे। उन्होंने नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स के सामने बकाया भुगतान की समस्या रखी। इस पर नगर आयुक्त ने एक्सईएन को फोन कर फाइल संबंधी जानकारी मांगी। एक्सईएन ने फर्म के मालिक को उनके पास भेजने को कहा। आरोप है कि जब वह एक्सईएन के पास पहुंचे तो उनके साथ अभद्रता की गई। दोनों के बीच काफी देर तक नोकझोंक हुई। इस दौरान कई ठेकेदारों के साथ अन्य अधिकारी भी आ गए। मामले में नगर आयुक्त ने एक्सईएन को तलब कर चेतावनी देते हुए फर्म का जल्द भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। फर्म के मालिक का आरोप है कि करीब 50 लाख रुपये के कार्यों के भुगतान संबंधी फाइलें एक्सईएन बेवजह रोके हुए हैं। इस वजह से काम प्रभावित हो रहा है।

### मेयर भी इंजीनियरों की कार्यशैली पर उठा चुके हैं सवाल

निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान कुछ दिन पहले मेयर डॉ. उमेश गौतम ने इंजीनियरों की कार्यशैली पर सवाल उठाए थे। कहा था कि उनके निर्देशों का भी पालन नहीं कर रहे हैं। नाला सफाई के काम में लापरवाही बरते रहे हैं। इस वजह से नगर निगम की छवि धूमिल हो रही है।

### नगर आयुक्त हुईं थीं नाराज

कुछ समय पहले निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता पुनीत ओझा का ट्रांसफर हुआ था। उनकी शिकायत शासन तक पहुंची थी कि वह नगर आयुक्त के आदेशों की अवहेलना करते हैं। टेंडर और भुगतान संबंधी फाइलें अटकने पर नगर आयुक्त नाराज हुई थीं।



> फर्म के मालिक और एक्सईएन दोनों की बात सुनी है। एक्सईएन को चेतावनी दी गई है। अगर वह सुधार नहीं करते हैं तो कार्रवाई के लिए शासन को लिखा जाएगा। हालांकि अभी जेपी भाटिया ने लिखित शिकायत नहीं की है।
>
> - **निधि गुप्ता वत्स,** नगर आयुक्त

## संपूर्ण समाधान दिवस 22 को होगा

**बरेली, अमृत विचार :** तीसरे शनिवार को तहसील मुख्यालय पर होने वाला संपूर्ण समाधान दिवस अब 22 जुलाई को होगा। दरअसल, 20 जुलाई को प्रदेश स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम होना है। इसलिए शासन ने समाधान दिवस की तिथि आगे बढ़ा दी है। इस संबंध में विशेष सचिव अनिल कुमार ने आदेश जारी किया है।

## उमस भरी गर्मी से अभी दो दिन नहीं मिलेगी राहत

**बरेली, अमृत विचार:** उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हो रहे हैं। अभी दो दिन और गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। मौसम विभाग ने 21, 22 और 23 को मध्यम से भारी बारिश का अनुमान जताया है। इसके बाद ही गर्मी से राहत मिलेगी।

जिले में गुरुवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस अधिक 36.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.4 डिग्री अधिक 28.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले करीब एक सप्ताह से अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रह रहा है। दिन में तेज धूप खिलने की वजह से उमस भरी गर्मी हो रही है। रात में भी गर्मी से लोग ज्यादा परेशान हो रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार और शनिवार को बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 36-37 और न्यूनतम तापमान 27-28 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

# रेल हादसे के बाद 24 ट्रेनों का संचालन प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बदले मार्ग से गुजारने के कारण कई ट्रेनें बरेली जंक्शन पहुंचीं लेट**

**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे के बाराबंकी-गोरखपुर रेल खंड पर मोतीगंज-झिलाहीं स्टेशनों के बीच डाउन लाइन पर 15904 चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के बेपटरी हो जाने से बरेली जंक्शन से गुजरने वाली 24 ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। पूर्वोत्तर रेलवे की तरफ से कई ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन की जानकारी दी गई है।

जिन ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है, उनमें बरेली जंक्शन से होकर गुजरने वाली ट्रेनें भी शामिल हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह के अनुसार 15653 गुवाहाटी-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा अमरनाथ एक्सप्रेस को मार्ग परिवर्तन कर मनकापुर-अयोध्या-बाराबंकी के रास्ते, 12557 मुजफ्फरपुर आनंद विहार सप्तक्रांति एक्सप्रेस, 14673 जयनगर-अमृतसर शहीद एक्सप्रेस मनकापुर-अयोध्या-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते, 15273 रक्सौल आनंद विहार सत्याग्रह एक्सप्रेस और 13019 हावड़ा-काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस बढ़नी- गोंडा के रास्ते चलाई गई। डायवर्ट होने के कारण ये ट्रेनें लेट चल रही थीं। बरेली से गुजरने वाली 15652 लोहित एक्सप्रेस, 15910 अवध-असम एक्सप्रेस, 15057 गोरखपुर-आनन्द एक्सप्रेस, 12558 मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, 14617 जनसेवा एक्सप्रेस, 15279 पुरबिया एक्सप्रेस, 15909 अवध असम एक्सप्रेस, 14618 जनसेवा एक्सप्रेस भी डायवर्ट की गई हैं।

**बरेली से सवार हुए थे 42 यात्री:** 15904 चंडीगढ़-डिब्रुगढ़ एक्सप्रेस के बेपटरी होने के बाद बरेली जंक्शन से कमर्शियल कंट्रोल रूम का हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया। ट्रेन और यात्रियों से संबंधित जानकारी कंट्रोल नंबर 7817009002 से ली जा सकती है। इस ट्रेन में बरेली जंक्शन से भी काफी यात्री सवार हुए थे। गुरुवार सुबह ट्रेन निर्धारित समय से करीब 34 मिनट की देरी से पहुंची थी। रेल अधिकारियों के मुताबिक जंक्शन से लगभग 42 यात्री सवार हुए थे, जिनमें से 12 का आरक्षण लखनऊ तक था। बाकी 30 यात्रियों का टिकट आगे तक का था। फिलहाल, समाचार लिखे जाने तक रेल अधिकारियों को बरेली से संबंधित किसी यात्री के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली थी।

### बरेली-टनकपुर रेल मार्ग शुरू होने में अभी लगेगा समय

- **डीआरएम ने किया रिस्टोरेशन कार्यों का निरीक्षण**
- **10 दिन के बाद 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो सका**



रिस्टोरेशन कार्यों का निरीक्षण करतीं डीआरएम रेखा यादव। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** बीते दिनों हुई भारी बारिश से भोजीपुरा-पीलीभीत रेल खंड पर पीलीभीत-शाही स्टेशन और पीलीभीत-पूरनपुर रेल खंड पर माला-शाहगढ़ स्टेशनों के बीच कटान हुआ था। 10 दिन बीत जाने के बाद 70 फीसदी कार्य पूरा हो सका है। फिलहाल, बरेली-टनकपुर रेल मार्ग पर ट्रेनों का संचालन बहाल होने में वक्त लेगा। मार्ग बंद होने के कारण त्रिवेणी एक्सप्रेस समेत 20 से ज्यादा ट्रेनों का संचालन पूरी तरह बंद है। रिस्टोरेशन के कार्यों में रेलवे की टीमें 24 घंटे लगी हुई हैं। गुरुवार को डीआरएम इज्जतनगर रेखा यादव ने दोनों स्थलों का गहन निरीक्षण किया। शाही-पीलीभीत रेल खंड पर शाही के पास देवहा नदी में आई बाढ़ के कारण समपार 204 के नजदीक सीमित ऊंचाई वाले पुल पर कटान हुआ था। रेल अधिकारियों के मुताबिक यहां 70 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। गुरुवार को यहां पहुंचीं डीआरएम ने जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं, माला-शाहगढ़ स्टेशनों के बीच पुलिया 305 के रिस्टोरेशन के लिए भी टीमें लगी हुई हैं। गुरुवार को एक मालगाड़ी रिस्टोरेशन कार्यों से जुड़ा सामान लेकर शाहगढ़ पहुंची।














# रामगंगा नगर आवासीय योजना के 108 भूखंडों का आवंटन

## बीडीए को 72 करोड़ रुपये की आय, ग्रेटर बरेली में भी भूखंड लेने का मौका

कार्यालय संवाददाता, बरेली



भूखंड आवंटन के दौरान शिविर में मौजूद अधिकारी और लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण के नवीन कार्यालय भवन में गुरुवार को रामगंगा नगर आवासीय योजना के विभिन्न सेक्टरों के भूखंडों की लाटरी का ड्रा हुआ। लाटरी के जरिये 108 भूखंड आवंटित हुए। इससे बीडीए को 72 करोड़ रुपये की आय हुई। इस आवासीय योजना को प्राधिकरण सुनियोजित तरीके से विकसित कर रहा है।

बीडीए के अनुसार 238 हेक्टेयर क्षेत्रफल में ग्रेटर बरेली आवासीय योजना भी विकसित की जा रही है। इस आवासीय योजना को 13 सेक्टरों में विभाजित किया गया है, जिसमें 5000 से अधिक आवासीय एवं व्यवसायिक भूखंडों का सृजन किया गया है। ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के 2 सेक्टरों का रजिस्ट्रेशन भी खोला जा चुका है। शिविर में सचिव योगेन्द्र कुमार, विशेष कार्यकारी अधिकारी गौतम सिंह, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी शिवधनी सिंह यादव, अधिशासी अभियंता एपीएन सिंह आदि मौजूद रहे।


**ग्रेटर बरेली में यह है खास :** ग्रेटर बरेली आवासीय योजना 60 मीटर चौड़े बरेली बीसलपुर मार्ग और 80 मीटर चौड़े लखनऊ दिल्ली मार्ग बड़ा बाईपास पर स्थित है। योजना में 30 और 45 मीटर चौड़े जोनल रोड हैं। इसके अलावा आन्तरिक सड़कों की चौड़ाई भी 18 मीटर तक रखी गई है। सभी विद्युत लाइनें भूमिगत हैं। योजना के तहत 132 केवीए का विद्युत उपकेंद्र प्रस्तावित है। आवासीय एवं व्यवसायिक के अतिरिक्त होटल, अस्पताल, विभिन्न स्तर के शैक्षिक संस्थान, साइबर सिटी, मल्टीप्लेक्स आदि की स्थापना के लिए भी भूखंड विकसित किए जा रहे हैं। योजना के तहत स्पोर्ट्स स्टेडियम भी विकसित किया जाना प्रस्तावित है। सेंट्रल पार्क व अन्य नेवरहुड पार्क भी प्रस्तावित किए गए हैं।










### सड़क पर खड़ी हो रहीं बसें

**बरेली, अमृत विचार :** सेटेलाइट बस अड्डे के बाहर सड़क पर खड़े होकर रोडवेज बसों में सवारियां भरी जा रही हैं। दो दिन पहले अभियान के बाद भी कोई रोक नहीं लग सकी है।

# खलील स्कूल ने अनुमति की निरस्त... तौकीर का भी इन्कार

## तौकीर रजा ने कहा - प्रशासन से मुस्लिम युवाओं के धर्म परिवर्तन की समीक्षा का आश्वासन मिलने के बाद स्थगित किया फैसला, सीओ के वीडियो मेसेज से मिला आश्वासन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- राष्ट्रीय प्रवक्ता का पत्र वायरल मौलाना ने की कार्यक्रम स्थगन की पुष्टि

**अमृत विचार :** हर तरफ से हो विरोध के बाद आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने 23 हिंदू युवाओं के सामूहिक निकाह के कार्यक्रम से अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। वह खुद तो सामने नहीं आए, लेकिन पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मुफ्ती अहसानुल चतुर्वेदी के नाम से एक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें कहा गया कि उन्होंने प्रशासन से मुस्लिम युवाओं के पूर्व में हुए धर्म परिवर्तन के मामलों की जांच का आश्वासन मिलने के बाद 21 जुलाई को पूर्व घोषित आईएमसी के सामूहिक निकाह का कार्यक्रम निरस्त कर दिया है। मौलाना ने इस पत्र की पुष्टि की है।

पत्र में कहा गया है कि पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रथम के वीडियो मेसेज में इस बात को स्पष्ट करने के बाद कि पूर्व में पंजीकृत धर्म परिवर्तन या प्रकाश में आए प्रकरण को लेकर कोई शिकायत मिलती है तो उसके खिलाफ भी कानून कार्रवाई की जाएगी। लिहाजा, यह स्पष्ट हो गया कि पूर्व में जिन लोगों ने मुस्लिम लड़कियों के गलत तरीके से धर्म परिवर्तन कराए होंगे, उन मामलों में जांच और कार्रवाई होगी। हम कानून के खिलाफ कोई काम नहीं करना चाहते। पहले भी इस बात को स्पष्ट किया गया था कि अनुमति नहीं मिली तो कार्यक्रम नहीं करेंगे। आईएमसी प्रमुख ने बिना उनकी अनुमति कार्यक्रम स्थगित करने का सहमति पत्र पुलिस के अधिकारियों को देने वाले तीन पदाधिकारियों को निलंबित कर दिया था। जबकि सहमति पत्र में पदाधिकारियों की तरफ से बताया गया था कि उन्हें आश्वासन मिला है कि धर्म परिवर्तन कराकर सामूहिक निकाह या विवाह का दूसरा कोई कार्यक्रम नहीं होने दिया जाएगा। उधर, पत्र में स्पष्ट किया गया है कि पदाधिकारियों से मंगलवार रात हुई बातचीत के दौरान प्रशासन की तरफ से पूर्व में धर्म परिवर्तन करा रहे लोगों पर जांच कराने का कोई बयान जारी नहीं किया गया था, इसलिए आईएमसी प्रमुख की अनुमति के बगैर कार्यक्रम स्थगन का सहमति पत्र देने वाले पदाधिकारियों को निलंबित किया गया था। लिहाजा, अब पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट आश्वासन दिया है, जिसके चलते आईएमसी प्रमुख ने अपना कार्यक्रम स्थगित कर दिया है।

### स्कूल प्रबंधन का तर्क, नहीं पता था धर्म परिवर्तन भी होगा

**बरेली, अमृत विचार :** हिंदू युवाओं के सामूहिक निकाह का शगूफा छोड़ने वाले आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को गुरुवार को एक बार फिर बड़ा झटका लगा। खलील स्कूल प्रबंधन ने यह कहकर मौलाना के कार्यक्रम की अनुमति निरस्त कर दी कि उन्हें नहीं बताया गया था कि धर्म परिवर्तन जैसा कोई कार्यक्रम किया जाएगा। खलील हायर सेकेंड्री स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष काजी अलीमुद्दीन और प्रबंधक मुमताज अख्तर की तरफ से सिटी मजिस्ट्रेट को दिए गए पत्र के मुताबिक स्कूल में कार्यक्रम की अनुमति इसलिए दी गई थी, क्योंकि सामूहिक निकाह एक पुण्य का काम है। इस तरह के आयोजन गरीब कन्याओं के लिए हर वर्ग की सामाजिक संस्थाएं करती रहती हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए जो प्रार्थना पत्र दिया गया था, उसमें धर्म परिवर्तन की बात नहीं की गई थी। सामूहिक निकाह की अनुमति केवल अच्छे सामाजिक कार्य के आधार पर दी गई थी। अगर कार्यक्रम विवादित होने का शक होता तो अनुमति किसी भी हाल में नहीं दी जाती। ऐसे कार्यक्रमों की अनुमति विद्यालय कभी नहीं देता है। फिलहाल, स्कूल प्रबंधन ने कार्यक्रम की अनुमति को निरस्त कर दिया है।

> कार्यक्रम विवादित होगा, इसके बारे में पता नहीं था। पूरा मामला मीडिया के जरिए पता चला तो कार्यक्रम की अनुमति निरस्त कर दी। इस तरह के आयोजनों की अनुमति स्कूल प्रबंधन की ओर से नहीं दी जाती।
> – **मुमताज अख्तर**, प्रबंधक, खलील स्कूल

### निलंबित आईएमसी के प्रदेश संगठन प्रभारी को मिल रही जान से मारने की धमकी



**बरेली, अमृत विचार :** इत्तेहाद–ए–मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) से निलंबित चल रहे प्रदेश संगठन प्रभारी नदीम कुरैशी को अलग–अलग नंबरों से फोन कर जान से मारने की धमकी मिल रही है। उन्होंने गुरुवार को इसकी शिकायत प्रेमनगर थाने में की। वह इससे पहले एसएसपी से भी शिकायत कर चुके हैं। नदीम कुरैशी ने बताया कि उन्होंने जो फोन नंबर सामूहिक निकाह कराने की अनुमति के लिए प्रशासन को दिए प्रार्थना पत्र में लिखा था। उसी फोन नंबर पर 14 जुलाई से धमकियां मिल रही हैं। आरोप है कि फोन करने वाले लोग खुद को हिंदूवादी संगठन का बता रहे हैं। नदीम कुरैशी ने प्रेमनगर थाने में ऐसे 10 फोन नंबरों की जानकारी दी है, जिनसे उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं।

### विभिन्न संगठनों ने तौकीर रजा के खिलाफ दिया ज्ञापन



**बरेली, अमृत विचार :** विभिन्न संगठनों ने गुरुवार को आईएमएसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। संगठनों का आरोप है कि मौलाना आपत्तिजनक बयान देकर शहर का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। राष्ट्रीय हनुमान दल के सदस्यों ने ज्ञापन में कहा कि मौलाना तौकीर रजा के बयान से हिंदू समुदाय में आक्रोश है। कांवड़ यात्रा से पहले इस तरह की बयानबाजी से माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। मामले में कार्रवाई की जाए। ऋषभ ठाकुर, उज्जवल ठाकुर, विकास शर्मा, अजय राठौर, संस्कार वैश्य, मयंक सिंह शिवा, देवदत्त शर्मा, संजीव कश्यप आदि मौजूद रहे।



### मौलाना की संपति की जांच की जाए

आजाद हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित राठौर और जिलाध्यक्ष हनी सिंह ने ज्ञापन में कहा कि मौलाना तौकीर पर रासुका लगाई जाए। उनकी चल अचल संपत्ति की जांच की जाए। प्रेसवार्ता कर खुलेआम शासन–प्रशासन को चुनौती देते हुए धर्म परिवर्तन की बात कहने वाले मौलाना पर कार्रवाई की जाए।

### धर्मपरिवर्तन कर निकाह कराया तो देंगे बेमियादी धरना



शिरडी साईं सर्वदेव मंदिर के सरबराकार पं. सुशील पाठक ने ज्ञापन में चेतावनी दी है कि यदि हिंदू लड़कियों का धर्म परिवर्तन कराकर सामूहिक निकाह कराया तो वह बेमियादी धरने पर बैठेंगे। उन्होंने कहा कि मौलाना तौकीर की संपत्तियों की जांच कराई जाए और कार्यक्रम की अनुमति न दी जाए।

### तौकीर रजा पर रासुका लगाकर गिरफ्तार करने की मांग



**बरेली, अमृत विचार :** शिवसेना पश्चिमी संगठन के पदाधिकारियों ने गुरुवार को मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। संगठन के जिला प्रमुख दीपक पाठक की अगुवाई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने मौलाना के विरुद्ध रासुका लगाकर गिरफ्तार करने की मांग उठाई। जिला प्रमुख ने कहा कि मौलाना इससे पहले भी राष्ट्र और हिंदू विरोधी बयान देकर शासन और प्रशासन को चुनौती देते रहे हैं। इससे प्रदेश में सौहार्द का वातावरण प्रभावित हो रहा है। कहा कि मौलाना के खिलाफ कार्रवाई न होने पर संगठन सड़कों पर आंदोलन करने को बाध्य होगा। प्रदेश सचिव अनिल मिश्रा, युवा जिलाध्यक्ष आशीष शर्मा, विश्व प्रताप सिंह, डॉ. प्रदीप, राकेश यादव, वंश सिंह आदि मौजूद रहे।

# दो करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी, 70 लाख जमा कराए



पान मसाला कारोबारी के प्रतिष्ठान पर जांच करती जीएसटी की टीम।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ज्वाइंट कमिश्नर की अगुवाई में टीम ने पान मसाला कारोबारी के प्रतिष्ठान पर मारा छापा
- 25 करोड़ रुपये के वार्षिक कारोबार पर महज 10 हजार रुपये दिया जा रहा था टैक्स

**अमृत विचार :** जीएसटी की टीम ने एक पान मसाला कारोबारी के प्रतिष्ठान में छापा मारकर दो करोड़ रुपये की कर चोरी पकड़ी है। 25 करोड़ का कारोबार करने वाला व्यापारी जीएसटी के रूप में मात्र दस हजार रुपये जमा कर रहा था। बोगस फर्मों से खरीद फरोख्त जारी रखते हुए टैक्स का समायोजन दिखाकर वास्तविक जीएसटी देने से बच रहा था। मामले में कारोबारी ने 70 लाख रुपये कोषागार में जमा किए हैं।

दो दिन पहले ज्वाइंट कमिश्नर विशेष अनुसंधान इकाई अवधेश सिंह की अगुवाई में टीम ने संजय नगर के मोहल्ला कंथारी में पान-मसाला, तंबाकू विक्रेता श्याम ट्रेडर्स की जांच की। यहां विभिन्न ब्रांड के पान मसाला और गुटखा की बिक्री होती है। ज्वाइंट कमिश्नर अवधेश सिंह के अनुसार कारोबारी हर साल 25 करोड़ से अधिक का व्यापार कर रहा था, लेकिन अत्यधिक मूल्य संवर्धन वाली वस्तुओं का बड़े स्तर का व्यापार होने के बावजूद वह समस्त देय कर का समायोजन करते हुए पूरे वर्ष में मात्र 2 से 10 हजार रुपये नकद टैक्स अदा कर रहा था। गुरुवार को बोगस खरीद के विरुद्ध 70 लाख की धनराशि व्यापारी की ओर से डीआर सी-3 के माध्यम से राजकीय कोषागार में जमा की गई। वहीं, एडीशनल कमिश्नर जीएसटी ओपी चौबे के निर्देशन में जोन में जीएसटी चोरी रोकने के लिए निगरानी की जा रही है।

# रेकी करने के शक में की थी दरोगा के बेटे की हत्या, चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पुलिस ने आरोपी विपिन और शालू गुप्ता को मुठभेड़ में दबोचा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी पवन और नीरज गोयल।



मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल हुए आरोपी विपिन गुप्ता और शालू गुप्ता।

**अमृत विचार :** शाहजहांपुर के दरोगा के बेटे अमन की हत्या के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी विपिन गुप्ता और शालू गुप्ता को मुठभेड़ के दौरान दबोचा। मुठभेड़ में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। आरोपियों की फायरिंग में किला इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह और गढ़ी चौकी प्रभारी प्रवीन कुमार बाल-बाल बच गए। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि विपिन ने रेकी और अपनी जान के खतरे के शक में साथियों के साथ मिलकर अमन की हत्या की।

नवादा शेखान निवासी अमन गुप्ता की 13 जुलाई की रात हत्या कर दी गई थी। अमन की मां शोभा ने 14 जुलाई को मलूकपुर थाना किला निवासी विपिन गुप्ता, भमोरा थाना क्षेत्र के कछेली निवासी राम गुज्जर, मठ लक्ष्मीपुर निवासी पवन, जतिन, पीयूष शंखधार, समेत अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस प्रकरण में पुलिस आरोपियों को तलाश कर रही थी। गुरुवार सुबह 4:30 बजे किला इंस्पेक्टर को सूचना मिली कि विपिन और शालू गुप्ता निवासी नवादा शेखान भागने की फिराक में हैं। दौली रघुवर दयाल जाने वाली रोड पर बाकरगंज पुल से कुछ दूरी पर पुलिस पहुंची तो विपिन और शालू ने फायरिंग कर दी, जिसमें इंस्पेक्टर किला हरेंद्र सिंह और गढ़ी चौकी इंचार्ज प्रवीन कुमार बच गए। जवाबी कार्रवाई में विपिन के दाहिने और शालू के बाएं पैर में गोली लगी। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को दोनों आरोपियों के कब्जे से 315 बोर के दो तमंचे और तीन कारतूस और दो खोखा मिले हैं।

पुलिस के मुताबिक विपिन गुप्ता पर थाना किला, कोतवाली, सुभाषनगर, प्रेमनगर और इज्जतनगर में जानलेवा हमला, हत्या समेत 15 मुकदमे पंजीकृत हैं। वहीं शालू गुप्ता के खिलाफ बारादरी और किला थानों में सात मुकदमे दर्ज हैं। वहीं पुलिस ने मठलक्ष्मीपुर निवासी पवन और किला के पंजाबपुरा निवासी नीरज गोयल को भी चौधरी तालाब के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पवन के खिलाफ इज्जतनगर, प्रेमनगर और किला थाना में चार मुकदमे दर्ज हैं और नीरज गोयल के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज है। पुलिस जतिन, रामगुज्जर, पीयूष शंखधार और रेहान की तलाश कर रही है। पुलिस का खास रहा विपिन

मलूकपुर में रहने वाला विपिन गुप्ता किला पुलिस के संरक्षण में वारदातों को अंजाम देता रहा है। किला थाने के कई पुलिसकर्मी उसके लिए मुखबिरी का काम करते हैं। दूसरे जिले में तैनात पुलिसकर्मी भी उसके पास आते रहते हैं। वह पुलिस कर्मियों के साथ महंगे होटलों में पार्टियों का आयोजन करता है। कई साल पहले इज्जतनगर थाना क्षेत्र में शेर सिंह हत्याकांड में विपिन की साजिश होने की बात सामने आई है। ललित और विपिन शेर सिंह के खास थे लेकिन शेर सिंह की हत्या के बाद दोनों अलग हो गए थे।

### राम गुज्जर की एक महीने में पुलिसकर्मियों से हुई 400 बार बात

**बरेली, अमृत विचार :** अमन के हत्यारोपी राम गुज्जर एसओजी और पुलिस का खास मुखबिर था। उसने एसओजी के एक दरोगा और एक सिपाही से एक महीने में करीब 55 बार बात किया, जबकि किला थाने में तैनात एक दरोगा से उसकी एक महीने में करीब 350 बार बात हुई। यही वजह थी कि वह किला थाने से भागने में भी सफल हुआ था। जबकि पुलिस राम गुज्जर को मुखबिर बताते हुए पल्ला झाड़ रही है। सूत्रों की मानें तो राम गुज्जर जिले भर में जुआ कराने वाले लोगों की भी पुलिस से साठगांठ कराता था।

### विपिन ने साथियों के साथ मिलकर दबाया था गला

- ललित सक्सेना गिरोह के सदस्य पवन और राम गुज्जर को भी लिया साथ, ललित की दुकान का बैनामा कराने के बाद विपिन मानने लगा था रंजिश

**बरेली, अमृत विचार :** ललित सक्सेना गिरोह के सदस्य अमन की हत्या विपिन गिरोह के सदस्यों ने रेकी करने के शक में की थी। पुलिस गिरफ्त में विपिन ने इसका खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक विपिन गुप्ता ने अपने एक साथी के नाम बैनामा कराकर केला बाग में दुकान खरीदी थी। इसी दुकान पर ललित सक्सेना की नजर थी। कुछ महीने पहले ललित ने साजिश के तहत विपिन को हत्या के प्रयास के मामले में जेल भिजवा दिया। विपिन के जेल जाने के बाद उसके साथी से ललित सक्सेना ने दुकान का बैनामा अपने नाम पर करवा लिया। जब विपिन जेल से बाहर आया तो उसने अपने साथियों की मदद से दुकान पर कब्जा कर लिया। इससे ललित और विपिन के बीच रंजिश हो गई। पीलीभीत बाईपास पर फायरिंग मामले में ललित सक्सेना जेल गया तो अमन, विपिन के बारे में लोगों से पूछताछ करने लगा। इस पर विपिन को लगा कि उसकी हत्या हो सकती है। तब उसने ललित सक्सेना गिरोह के राम गुज्जर और पवन को लालच देकर अपने साथ मिला लिया लेकिन यह बात अमन को नहीं पता चली। अमन, पवन और राम गुज्जर पर भरोसा करता था। विपिन ने राम गुज्जर और पवन से अमन 13 जुलाई को बुलवाया। इसके बाद उसके साथ अपने कार्यालय में मारपीट करके हत्या कर दी। विपिन गुप्ता एक पूर्व विधायक के बेटे का करीबी बताया जा रहा है।

#### एसओजी का खास मुखबिर है राम गुज्जर

बताया जाता है कि राम गुज्जर एसओजी का खास मुखबिर है। इसलिए उसने पुलिस लाइन स्थित एसओजी कार्यालय में एक प्रकरण में पंचायत के बहाने अमन को बुलाया था। अमन को पवन बुलाकर लाया था। पंचायत के बाद पवन और अमन वहां से चले गए। जैसे ही पवन अमन को लेकर गुलाबनगर पहुंचा, वैसे ही विपिन गुप्ता, शालू गुप्ता, रेहान, पीयूष आदि ने उसे पकड़ लिया और दुकान में ले जाकर उसके साथ मारपीट की। बाद में विपिन ने अपने हाथों से अमन का गला दबा दिया, जबकि उसके हाथ पैर शालू, पियूष, रेहान, नीरज गोयल व अन्य आरोपियों ने पकड़े। अमन की हत्या के बाद रेहान ऑटो लेकर आया। उसी ऑटो में अमन के शव को बैठने जैसी मुद्रा में रख लिया। ऑटो में रेहान, नीरज, पियूष और अन्य आरोपी बैठे। शालू गुप्ता और विपिन बाइक से ऑटो से आगे चल रहे थे। सीसीटीवी कैमरे में भी दोनों आगे चलते हुए दिख रहे हैं। इसके बाद शव को इज्जतनगर क्षेत्र में जीएन सिटी रोड पर नाले में फेंक दिया। वहां से आने के बाद सभी आरोपी केला बाग स्थित अपने कार्यालय के पास एक मकान में छिप गए। वहीं पवन और राम गुज्जर ने खुद बचने के लिए अमन की मां शोभा को फोन पर घटना की सूचना दे दी। पवन की बात पर शोभा ने भरोसा भी कर लिया, लेकिन पुलिस को उस पर शुरू से ही शक था।

#### एसओजी वालों ने थाने भेजा था राम गुज्जर

किला पुलिस से बात करने के बाद एसओजी वालों ने राम गुज्जर को पुलिस लाइन बुलाया। वहां से उसे किला थाने भेज दिया। किला पुलिस को लगा जब राम गुज्जर स्वयं आया तो भागेगा नहीं, लेकिन बाद में वह मोबाइल का चार्जर लेने के बहाने गया और फरार हो गया। हालांकि पुलिस राम गुज्जर की तलाश कर रही है। इंस्पेक्टर किला हरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। राम गुज्जर के एसओजी के दो दरोगा और एक सिपाही से गहरे संबंध हैं। जिस दिन अमन की हत्या हुई थी, उस दिन भी इन्हीं एसओजी कर्मियों के कहने पर पंचायत हुई थी।

# तालाब पटान के विरोध में महिलाओं ने तहसील गेट के बाहर लगाया जाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कहा- जलनिकासी बंद होने से घरों में भरता है पानी
- नायब तहसीलदार ने हाथ जोड़कर रास्ता खुलवाया



सदर तहसील के बाहर सड़क जाम कर प्रदर्शन करतीं महिलाएं। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** तालाब पटान के विरोध में क्यारा ब्लॉक के गांव बरकलीगंज की महिलाओं ने गुरुवार को सदर तहसील गेट के बाहर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कचहरी के पास आवागमन ठप हो गया। वाहनों की कतारें लग गईं। नायब तहसीलदार विदित कुमार ने हाथ जोड़कर सभी महिलाओं से सड़क से उठने का आग्रह किया तो वे मान गईं। नायब तहसीलदार गांव पहुंचकर तालाब से अतिक्रमण हटवाया।

प्रदर्शन करने वाली महिलाओं का कहना था कि गांव में कुछ लोग अवैध तरीके से तालाब को पाट रहे हैं। इससे गांव के पानी का रास्ता बंद हो गया। घरों में पानी भरता है। गलियों और सड़क पर गंदगी फैली रहती है। लोगों के आने जाने का मार्ग भी बंद हो गया है। उन्होंने कुछ गांव वालों के नाम लेते हुए कहा कि दबंगों के अवैध कब्जे से ग्रामीण परेशान हैं।

कहा कि पुलिस से शिकायत की, मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। इस कारण उन्हें तहसील मुख्यालय आना पड़ा। इस दौरान उन्होंने तालाब को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग उठाई। नायब तहसीलदार ने महिलाओं से वार्ता की और आश्वासन दिया कि वह मौके पर चलकर प्रकरण को जानेंगे और समस्या का हाल कराएंगे।

नायब तहसीलदार ने बताया कि गांव की महिलाओं की समस्या सुनकर मौके पर गए थे। वहां सरकारी तालाब की भूमि पर अतिक्रमण था। तुरंत उसे हटवा दिया गया। तालाब की नपाई करा दी गई है। तालाब का जितना रकबा था। उतने हिस्से में ही खोदाई कराई जाएगी।

# कर्ज न चुकाने पर उत्पीड़न किया तो कर ली आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बेटे ने समूह की मुख्य कार्यकर्ता पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**अमृत विचार :** समूह से लोन लेने के बाद चुकता न कर पाने पर मुख्य कार्यकर्ता ने पति-पत्नी का उत्पीड़न शुरू कर दिया। इससे परेशान होकर पत्नी मायके चली गई और पति ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। उनके बेटे ने मुख्य कार्यकर्ता पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। परिजनों ने थाना बारादरी में तहरीर दी है।



रमेश (फाइल फोटो)

जगतपुर पानी की टंकी के भीमसेन मंदिर के पास रहने वाले शिवम ने बताया कि उनकी मां रेखा देवी ने पिता के कहने पर समूह से एक लाख रुपये का कर्ज लिया था। 60 हजार रुपये जमा भी कर दिए थे, लेकिन काम बंद होने के कारण आमदनी कम हो गई और 40 हजार रुपये जमा करने में उनके पिता रमेश असमर्थ थे। उन्होंने कुछ दिनों का समय मांगा था, लेकिन समूह की मुख्य कार्यकर्ता बदसलूकी करने लगी। 15 जुलाई से प्रत्येक दिन घर पर आकर अभद्रता करती थी। धमकी देती थी कि वह रिश्तेदारों से भी कहेगी। इससे परेशान होकर 17 जुलाई को उनकी मां रेखा देवी मायके चली गईं। 18 जुलाई को वह और उनका भाई आकाश काम पर चले गये। घर में उनके पिता रमेश कुमार अकेले थे। उनके पिता से दोपहर 2.30 बजे के कोई मिलने आया था। वह दरवाजा खटखटाता रहा, लेकिन दरवाजा नहीं खुला तब वह चला गया। शाम को 6.30 बजे वह और उनके भाई घर आए। दरवाजा न खुलने पर पड़ोसी की छत से घर में गये तो देखा कि पिता फंदे लटके हैं। जब तक उन्हें उतारा तब तक मौत हो चुकी थी। शिवम ने थाना बारादरी में शिकायती पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# राहुल गांधी पर केस में कोर्ट ने पुलिस से मांगी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट

**विधि संवाददाता, बरेली :** जातिगत जनगणना पर भाषण देकर भावनाएं भड़काने के आरोप में सांसद राहुल गांधी के खिलाफ विचाराधीन मुकदमे में स्पेशल कोर्ट एमपी/एमएलए ने थानाध्यक्ष कोतवाली से प्रारंभिक जांच रिपोर्ट तलब की है। कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई को 13 अगस्त की तिथि नियत की है।

सुभाषनगर निवासी पंकज पाठक ने अपने वकील अनिल द्विवेदी के जरिए कोर्ट में अर्जी देकर बताया था कि 28 मई दोपहर 2 बजे कचहरी परिसर में टीवी पर राहुल गांधी का जातिगत जनगणना संबंधी भाषण देखा और सुना था। भाषण में राहुल गांधी ने राजनीतिक लाभ के लिए देश की अखंडता को चोट पहुंचाने के लिए भड़काऊ बयान दिया। उन्होंने राहुल गांधी पर सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराने को कोर्ट में अर्जी दी थी। राहुल के खिलाफ 21 जून को अदालत ने वाद दर्ज किया था।

# लक्ष्मी की हत्या करने वाली पूजा भी हुई गिरफ्तार

- परिजनों से पूछताछ के बाद मिला था पूजा का सुराग



पुलिस गिरफ्त में आरोपी पूजा। पुलिस

**बरेली, अमृत विचार :** थाना हाफिजगंज क्षेत्र में लक्ष्मी (23) का अपहरण कर उसकी हत्या करने वाले आरोपी व्यापारी मोनू की पत्नी पूजा रस्तोगी को भी पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पूजा को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

नवाबगंज के गांव सरदारनगर निवासी 23 वर्षीय लक्ष्मी रविवार सुबह फुफेरी बहन सपना के साथ शॉपिंग के लिए स्कूटी से बरेली गई थी। रात करीब 9 बजे लौटते समय हाफिजगंज में वह सपना से कुछ देर में आने की बात कहते हुए एक कार में बैठकर चली गई। नवाबगंज निवासी मोनू गुप्ता और उसकी पत्नी पूजा ने कार में बैठाकर ले जाकर बांके से उसकी हत्या कर शव खेत में फेंक दिया था। पुलिस ने मोनू को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि उसकी पत्नी पूजा फरार चल रही थी। पुलिस ने पूजा के परिजनों से पूछताछ की तो उसके बारे में पता चला और फिर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में पूजा ने बताया कि लक्ष्मी को कई बार समझाया था कि वह उसके पति से दूर रहे। बावजूद लक्ष्मी उसके पति मोनू के संपर्क में रहती थी। जिसके कारण आए दिन उसका विवाद होता रहता था। साथ ही मोनू उस पर रुपये लुटाता था, जिसके कारण उसका घर टूटने के कगार पर था। उस दिन दोनों ने घर से ही मन बनाया था कि लक्ष्मी का हर हाल में हत्या कर देंगे। फिलहाल आरोपी पूजा को जेल भेज दिया गया।

## सार-संक्षेप

### पर्यावरण संरक्षण में सहायक होंगे मिट्टी के उत्पाद



**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड की ओर से गुरुवार को एक दिवसीय मंडलीय माटीकला सेमिनार व टूल-किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि माटी कला से जुड़ें और मिट्टी के नए-नए उत्पादों को बनाकर उनका व्यवसाय करें। मिट्टी के उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग करके प्लाटिक के नुकसानों से बचा जा सकता है। ये उत्पाद पर्यावरण संरक्षण में भी बहुत सहायक होंगे। कार्यक्रम में कन्या महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अर्चना सक्सेना, बरेली कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर सारा वसु, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### जिंगल बेल्स में हुआ अधिष्ठापन समारोह




**बरेली, अमृत विचार :** जिंगल बेल्स पब्लिक स्कूल में गुरुवार को अधिष्ठापन समारोह आयोजित किया गया। मोमबत्ती जलाने की रस्म के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सबसे पहले प्रार्थना की गई। इसके बाद बच्चों ने अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह के मध्य छात्रों में से चुने गए नेताओं को बैज व सैश प्रदान किए गए। हेड ब्वाय यग्नेश अरोड़ा व हेड गर्ल विधिता कौर ने निर्वाचित सदस्यों के साथ शपथ ली। स्कूल के निदेशक अक्षित बग्गा ने छात्र परिषद के सभी सदस्यों को बधाई दी। ऐश्वर्या पटेल, ऋतिक पटेल, निशा बग्गा, प्रधानाचार्य इमैनुअल सरकार आदि उपस्थित रहे।

### रुद्राभिषेक के बाद किया पौधरोपण



**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा की ओर से लोकपर्व हरेला के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन रेलवे मंदिर प्रांगण सीबीगंज में किया गया। इस अवसर पर रुद्राभिषेक के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए गए। इसके साथ ही महासभा की ओर से पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। संरक्षक कर्नल एमसी पंत, अध्यक्ष दामोदर लोहानी, जिला महासचिव चंदन सिंह नेगी, कोषाध्यक्ष हेमंत डिमरी, पुष्कर सिंह राणा, भास्कर सिंह रावत, सतीश नैथानी, आचार्य पंडित बीसी पंत, कर्नल एमसी पंत, हेमंत दिमरी, चंदन नेगी, गोपाल मेहरा, पुष्कर राना, संगीता घिल्डियाल, तारा पांडे आदि उपस्थित रहे।

### महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक



**बरेली, अमृत विचार :** जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा के निर्देश पर वन स्टॉप सेंटर और सामाजिक कार्यकर्ता रीना चंद्रवंशी की ओर से बिलवा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मिशन शक्ति स्कीम एनरोलमेंट सप्ताह फाइव की थीम पर रहा। इसमें महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। बताया गया कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में धनराशि बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दी गई है। स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बाल सेवा योजना, वन स्टॉप सेंटर व चाइल्ड हेल्पलाइन की सेवाओं की जानकारी भी दी गई। इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर 1098, 181 और 1090 आदि को लेकर भी जागरूक किया गया।

### बीटेक छात्रों को टैबलेट वितरित किए

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के रासायनिक इंजीनियरिंग विभाग में बीटेक छात्रों को टैबलेट वितरित किए गए। इस मौके पर उप कुलसचिव सुनीता यादव, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय की डीन प्रो. शोभना सिंह, डॉ. एमएस करुणा, प्रो. अख्तर हुसैन, डॉ. हरीश कुमार, आफरीन, निशांत, मनोज शंखधर, संतोष आदि मौजूद रहे।

### अभिषेक बने समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव



**बरेली, अमृत विचार :** समाजवादी युवजन सभा के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक यादव को समाजवादी छात्र सभा (सछास) का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। अभिषेक यादव रुहेलखंड विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के शोध छात्र हैं। सपा जिलाध्यक्ष शिव चरण कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम सुल्तानी, बहेड़ी विधायक अताउर्रहमान, शिव प्रताप यादव आदि नेताओं ने अभिषेक को बधाई दी।

# दूसरी मेरिट में शामिल छात्रों को प्रवेश के लिए एक और मौका

- बरेली कॉलेज में बीएससी जीव विज्ञान और बीए के छात्र शुक्रवार दोपहर 3 बजे तक ले सकेंगे प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष में बीए और बीएससी जीव विज्ञान की दूसरी मेरिट में शामिल छात्रों को प्रवेश के लिए एक दिन का और मौका दिया गया है। छात्र अब शुक्रवार दोपहर 3 बजे तक ऑनलाइन प्रवेश ले सकते हैं। वहीं प्रथम मेरिट में शामिल छात्र जो प्रवेश लेने से छूट गए हैं, उन्हें भी कॉलेज प्रवेश का मौका दे सकता है।

बीए, बीएससी और बीकॉम की 4928 सीटों पर अब तक 2451 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। अभी 50 प्रतिशत सीटें खाली हैं। बीए में अब तक 1210, बीकॉम में 461, बीएससी जीव विज्ञान में 463 और बीएससी गणित में 317 सीटों पर प्रवेश हुए हैं। मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि दूसरी मेरिट में शामिल छात्रों को प्रवेश के लिए एक दिन का और मौका दिया है। छात्र शुक्रवार दोपहर 3 बजे तक प्रवेश ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि छात्र मेरिट के लिए सिर्फ मेसेज का ही इंतजार न करें। वह लगातार वेबसाइट भी चेक कर मेरिट देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि पहली मेरिट में शामिल कई छात्रों ने प्रवेश नहीं लिया है। उन्हें एक और मौका देने पर विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि छात्र प्रवेश के लिए किसी भी दलाल के चक्कर में न पड़ें। किसी भी तरह की परेशानी होने पर सेमिनार कक्ष में संपर्क कर सकते हैं।



बरेली कॉलेज में बीबीए प्रथम वर्ष में प्रवेश लेते छात्र। ● अमृत विचार

### सीयूईटी के परिणाम की वजह से कम हुए प्रवेश

मेरिट में आने के बाद भी कई छात्रों ने अभी प्रवेश नहीं लिया है, इसका कारण सीयूईटी का परिणाम न आना भी है। कई छात्रों ने दूसरे संस्थानों में प्रवेश के लिए आवेदन किया है। ऐसे में वह परिणाम का इंतजार कर रहे हैं।

### बीकॉम ऑनर्स की तीसरी मेरिट जारी

बरेली कॉलेज ने बीकॉम ऑनर्स प्रथम वर्ष की तीसरी मेरिट जारी की है। मेरिट में शामिल छात्रों को 19 और 20 जुलाई को विभाग में सुबह 9 से 12 बजे तक प्रवेश लेना होगा। मेरिट की कटऑफ ओपन-73.24-62.17, सामान्य महिला-61.55-59.36, ओबीसी-61.69-47.03, एससी-सभी, एसटी-सभी रही है। वहीं पहली और दूसरी मेरिट में छूटे हुए छात्रों को 19 जुलाई को सुबह 9 से 12 बजे तक प्रवेश का एक और मौका दिया गया है।

### बीसीए की एक और मेरिट जारी

बरेली कॉलेज ने बीसीए प्रथम वर्ष में प्रवेश की एक और मेरिट जारी की है। मेरिट में शामिल छात्रों को 19 और 20 जुलाई को सुबह 9 से 1 बजे तक विभाग में प्रवेश लेना होगा। मेरिट की कटऑफ सामान्य ओपन-78.11-74.089, महिला-74.089-72.47, पीएच, डीएफ, एफएफ-सभी, ओबीसी ओपन-72.80-71.13, पीएच, डीएफ, एफएफ-सभी, ईडब्ल्यूएस-62.16-58.09, एससी-67.17-63.53, पीएच, डीएफ, एफएफ-सभी, एसटी-सभी, पीएच, डीएफ, एफएफ-सभी रही है।

# सिर्फ कक्षाएं स्मार्ट होने से ही नहीं चलेंगे स्कूल, शिक्षक भी तो चाहिए

## कहीं शिक्षामित्र तो कहीं अनुदेशक के सहारे चल रहे नगर क्षेत्र के 40 से अधिक स्कूल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में बच्चों के शैक्षिक विकास और शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। स्मार्ट कक्षाओं का संचालन, एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई के अलावा बच्चों के बेहतर विकास की दिशा में सरकार निरंतर प्रयासरत है। वहीं दूसरी ओर स्कूलों में शिक्षकों के अभाव के कारण बच्चों की शिक्षा पर संकट मंडरा रहा है। नगर में 40 से अधिक स्कूल ऐसे हैं, जहां बच्चों को पढ़ाने के लिए स्थाई शिक्षक ही नहीं हैं। कोई स्कूल अनुदेशक तो कोई शिक्षामित्र के सहारे चल रहा है।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि नगर क्षेत्र में शिक्षकों का अभाव है। बंद होने के कगार पर पहुंचे स्कूलों के संचालन के लिए दूसरे स्कूल के शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऐसे में कुछ शिक्षकों पर डबल जिम्मेदारी पड़ गई है। कई जगह तो स्कूलों का दायित्व अनुदेशकों और शिक्षामित्रों के कंधों पर ही है। नगर के खड़ऊआ कंपोजिट स्कूल में अभी तक किसी भी शिक्षक की नियमित नियुक्ति नहीं की गई है। अन्य स्कूलों से शिक्षकों को यहां भेज कर बच्चों की पढ़ाई कराई जाती है। पीर बहोड़ा स्थित प्राथमिक स्कूल में 250 बच्चे पंजीकृत हैं। इन्हें पढ़ाने के लिए यहां महज एक शिक्षामित्र को तैनात किया गया है।



कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय कोहाड़ापीर में बैठे बच्चे। ● अमृत विचार



स्कूल की छत का प्लास्टर टूटकर गिरा।

### एक अनुदेशक पर है जिम्मेदारी

पीलीभीत रोड स्थित पीसी आजाद इंटर कॉलेज के पास स्थित प्राथमिक स्कूल में 250 से अधिक बच्चे पढ़ते हैं। यहां भी कोई शिक्षक तैनात नहीं है। जोगी नवादा प्राथमिक स्कूल में भी शिक्षण की स्थिति दयनीय है। यहां सिर्फ एक अनुदेशक को जिम्मेदारी दी गई है। रामलीला गौटिया प्राथमिक स्कूल में भी नियमित शिक्षक की तैनाती लंबे समय से नहीं की गई है। मठ लक्ष्मीपुर स्थित स्कूल में 100 से अधिक बच्चे पढ़ते हैं, जिनकी जिम्मेदारी एक शिक्षा मित्र को दी गई है। इसके अलावा किशोर बाजार प्राथमिक स्कूल, चौपुला, बिहारीपुर, सनैया धनसिंह, लोधी राजपूत, कुंवरपुर द्वितीय, परसाखेड़ा, ख्वाजा कुतुब आदि के परिषदीय स्कूलों में भी लगभग यह ही स्थिति है।

### एक प्रधानाध्यापक चला रहे हैं स्कूल




कोहाड़ापीर स्थित कंपोजिट उच्च प्राथमिक स्कूल में भी महज एक प्रधानाध्यापक की ही तैनाती है। स्कूल में 180 से अधिक छात्र पंजीकृत हैं। खास बात यह है कि इस स्कूल परिसर में नगर के दो खंड शिक्षा अधिकारियों के कार्यालय भी बरसों से संचालित हैं। इसके बावजूद स्कूल में शिक्षण की व्यवस्था सुदृढ़ नहीं हो सकी है। यहां अधिकारियों के दफ्तर भी मरम्मत नहीं होने से जर्जर हो चुके हैं। लिंटर का प्लास्टर भी जगह-जगह झड़ चुका है और सरिया भी जंग लग कर गल चुका है। लिंटर ढहने का खतरा हमेशा बना रहता है। इसके अलावा परिसर में चार और ऐसे कमरे हैं, जो जर्जर हो चुके हैं। यहां के प्रधानाध्यापक मोहम्मद ताहिर का कहना है कि अकेले बच्चों को पढ़ा पाने और संभालने में बेहद दिक्कत होती है। आए दिन तमाम विभागीय कामों से स्कूल से बाहर भी जाना पड़ता है। यहां और शिक्षकों की तैनाती के लिए कई बार विभागीय अधिकारियों से भी निवेदन किया गया है, लेकिन अब तक कुछ नहीं हो सका है।

> नगर में शिक्षकों की कमी के बावजूद हर हाल में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाए, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जिन स्कूलों में यह स्थिति है, वहां जल्द ही शिक्षकों की तैनाती की जाएगी। **-संजय सिंह**, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

# कंपार्टमेंट परीक्षा 20 को 6456 छात्र होंगे शामिल

- बरेली और मुरादाबाद मंडल के नौ जिलों में संपन्न होगी परीक्षा
- हाईस्कूल के 3789 और इंटर के 2667 छात्र होंगे शामिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से हाईस्कूल और इंटरमीडियट की कंपार्टमेंट और इंम्प्रूवमेंट की परीक्षा 20 जुलाई को होगी। परीक्षा में बरेली और मुरादाबाद मंडल के नौ जिलों के 6456 छात्र शामिल होंगे। इनमें हाईस्कूल के 3789 और इंटरमीडिएट के 2667 छात्र हैं। परिषद के क्षेत्रीय सचिव ने इस संबंध में सभी जिलों के जिला विद्यालय निरीक्षकों को पत्र जारी कर जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को परीक्षा से संबंधित शिकायत और छात्रों को जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कंट्रोलरूम की शुरूआत कर दी गई। क्षेत्रीय सचिव डॉ. नीरज कुमार पांडेय ने बताया कि कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित रहेगा।

इसके लिए कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ सहायक सहित छह कर्मचारियों की शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि परीक्षा पूरी तरह नकलविहीन और शांतिपूर्वक हो, इसके लिए विशेष रूप से जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं। सभी जिलों में जिला विद्यालय निरीक्षकों के स्तर पर परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया जाना है।

### सभी जिलों में इतने छात्र देंगे कंपार्टमेंट की परीक्षा

| जिला | हाईस्कूल | इंटरमीडिएट |
|---|---|---|
| मुरादाबाद | 275 | 282 |
| अमरोहा | 237 | 229 |
| बिजनौर | 537 | 553 |
| रामपुर | 371 | 124 |
| संभल | 564 | 190 |
| बरेली | 625 | 357 |
| बदायूं | 518 | 297 |
| शाहजहांपुर | 397 | 376 |
| पीलीभीत | 235 | 259 |

### राजकीय इंटर कॉलेज में होगी परीक्षा

जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह ने बताया कि कंपार्टमेंट और इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज में परीक्षा केंद्र बनाया गया है। हाईस्कूल के 625 और इंटर के 357 छात्रों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया है। परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्था और कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

## बीटेक में कल से शुरू होगी काउंसिलिंग

**बरेली, अमृत विचार :** रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय ने बीएससी जीव विज्ञान प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए संशोधित मेरिट जारी की है। मेरिट में शामिल छात्राओं को 19 से 23 जुलाई तक सुबह 10:30 से 2:30 बजे तक प्रवेश लेना होगा। प्रवेश नियंत्रक प्रो. संध्या सक्सेना ने बताया कि बीएससी जीव विज्ञान की अनारक्षित वर्ग की कटऑफ 73.8 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग की 66.4 प्रतिशत, अनुसूचित जाति और जनजाति की 60.4 प्रतिशत रही है। ईडब्ल्यूएस की सभी छात्राएं मेरिट में शामिल हुई हैं। छात्राओं को प्रवेश के दौरान अपने सभी दस्तावेज लाने होंगे।

## 105 विद्यालयों के जर्जर भवन अगले सप्ताह किए जाएंगे ध्वस्त

- विकास भवन में हुई समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने दिए निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रम की समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित सभागार में गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश ने कहा कि वतर्मान में जिन 105 विद्यालयों के जर्जर भवन का मूल्यांकन होकर आ गया है, उनकी नीलामी व ध्वस्तीकरण अगले सप्ताह में कराना सुनिश्चित किया जाए।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि विभागीय आदेशों के क्रम में निपुण योजना के तहत अक्टूबर तक 646 और दिसंबर तक 1010 विद्यालयों को निपुण कराया जाना है। सीडीओ ने निर्देश दिए कि अगली बैठक में 75 एआरपी के कार्य का आंकलन गुणवत्ता के आधार पर करके रिपोर्ट दें। इसके अलावा कस्तूरबा विद्यालय के उच्चीकरण के लिए विकास खंड क्यारा, रामनगर व मझगवां में जमीन की समस्या बैठक में रखी गई। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारियो को निर्देश दिए कि संबंधित उप जिलाधिकारी से मिलकर समस्या का समाधान कराएं। बैठक में जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय आदि उपस्थित रहे।

## एलन क्लब को खुलवाने की मांग



मेयर डॉ. उमेश गौतम को ज्ञापन देते एलन क्लब के सदस्य। ● अमृत विचार

- क्लब के सदस्यों ने मेयर को दिया ज्ञापन, मिला आश्वासन

**बरेली, अमृत विचार :** करीब चार साल से बंद पड़े एलन क्लब को खुलवाने के लिए बृहस्पतिवार को एलन यूनियन क्लब के सदस्यों ने मेयर डॉ. उमेश गौतम को ज्ञापन सौंपा। मेयर ने सदस्यों को जल्द समाधान का आश्वासन दिया है।

नगर निगम से चंद कदम की दूरी पर स्थित एलन क्लब वर्ष 1908 में 1280 वर्गमीटर जगह में बना था। जिसकी लीज वर्ष 1998 में खत्म हो गई थी मगर सदस्यों ने इसकी अवधि नहीं बढ़वाई। इसकी वजह से करीब चार साल पहले क्लब को प्रशासन ने बंद करा दिया था। क्लब के सदस्यों ने कई बार अधिकारियों से इसे खुलवाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली और मामला नियमों में फंस गया। क्लब में 600 से ज्यादा सदस्य थे। वर्ष 2021 में क्लब को नया नाम बरेली ऑफिसर्स क्लब कर दिया गया। सदस्यों ने बताया कि क्लब में टेबल टेनिस, स्विमिंग पुल, बैडमिंटन कोर्ट, किटी हॉल, बार एंड रेस्टोरेंट, कार्ड रूम, लाइब्रेरी आदि की व्यवस्था है। क्लब बंद होने के कारण इन सुविधाओं को फायदा नहीं मिल पा रहा है। क्लब को अगर शीघ्र नहीं खुलवाया गया तो वह धरना देंगे। मेयर ने आश्वासन दिया है कि इसको लेकर वह जिलाधिकारी से बात करेंगे। उन्हें भरोसा है कि क्लब खुल जाएगा। ज्ञापन देने वालों में संदीप अग्रवाल, गोपाल वैश्य, अमित सरपाल, नवीन चंद्र गुप्ता, सुनील अग्रवाल, विजय शंकर संजय अग्रवाल, राजूभसीन, धीरज सूरी, अतुल कपूर, विशाल मेहरोत्रा आदि रहे।

## आरसीसी क्लब ने जीता मैच, आसिफ रजा मैन ऑफ द मैच




**बरेली, अमृत विचार :** डॉ. शशांक व डॉ. निशांत टी-20 लीग सीजन 1 के दूसरे दिन डोहरा रोड स्थित जीपी एकेडमी पर आरसीसी क्लब और फरीद वारियर्स के बीच मैच खेला गया। इस दौरान आरसीसी के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी फरीद वारियर्स की टीम ने 20 ओवर में 139 रन का लक्ष्य दिया। इस दौरान बल्लेबाज नाजिम रजा ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीसी की टीम ने 15.2 ओवर्स में लक्ष्य प्राप्त कर मैच अपने नाम कर लिया। इस दौरान टीम की ओर से खेलते हुए वसीम ने 42 रन और आसिफ ने 36 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच आसिफ रजा रहे। मुख्य अतिथि जंगल क्लब के मालिक अमन बजाज, सैयद बाबर, रेहान रजा, प्रेमपाल गंगवार, इलियास शब्बीर और सौरभ कन्नौजिया आदि उपस्थित रहे।

# आस्था का प्रमुख केंद्र है 36 साल पुराना पशुपति नाथ मंदिर

- नेपाल के पशुपति नाथ मंदिर की तर्ज पर हुआ था मंदिर का निर्माण
- सावन में मंदिर में जुटती है शिवभक्तों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सावन 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। इस दौरान नगर में शिवभक्तों का सैलाब उमड़ेगा। इसके लिए मंदिरों में विशेष तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पीलीभीत रोड स्थित पशुपति विहार स्थित पशुपति नाथ मंदिर में भी तैयारियों जारी हैं।

यूं तो यह मंदिर अधिक पुराना नहीं है, लेकिन यहां के सात नाथ मंदिरों में इसका भी महत्वपूर्ण स्थान है। शिवभक्तों के लिए यह प्रमुख आस्था का केंद्र हैं। मंदिर के पुजारी पं. मुकेश मिश्रा के अनुसार 1988 से शहर में स्थापित यह मंदिर नेपाल के काठमांडू में विराजमान बाबा पशुपति नाथ की प्रेरणा पर स्थापित कराया गया है।

सावन में अनुष्ठान, पूजा-अर्चना, जलाभिषेक और रुद्राभिषेक करने के लिए बड़ी संख्या में शिवभक्त यहां पहुंचते हैं। चारों ओर जलकुंड के बीच स्थित मुख्य शिवलिंग के साथ 16 स्तंभी पदमकुंड युक्त यज्ञशाला और 108 शिवलिंगों से शोभायमान मंदिर का वातावरण भक्तों को बहुत आनंदित करता है।




### मानसरोवर के पत्थरों से निर्मित है कृत्रिम कैलाश

परिसर में कृत्रिम रूप से निर्मित कैलाश पर्वत मंदिर की शोभा को और बढ़ाता है। पं. मुकेश मिश्रा बताते हैं कि पर्वत के निर्माण में लगे पत्थर मानसरोवर से मंगाए गए हैं। मंदिर में महादेव की स्थापना ज्योतिर्पीठ बद्रिका पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती महाराज के निर्देशन में विधिवत कराई गई है। बताया कि सावन में सोमवार को श्रद्धालुओं का जमावड़ा यहां लगता है। इसके पहले से भी शिवभक्त यहां पहुंच कर मंत्रजाप व अनुष्ठान आदि करते हैं। मंदिर में महादेव के अलावा शनिदेव, भैरव बाबा की प्रतिमाएं भी स्थापित हैं।

### सावन के स्वागत के लिए मंदिरों में तैयारियां जोरों पर

**बरेली, अमृत विचार :** 22 जुलाई को सोमवार से सावन शुरू हो रहा है। इसको लेकर नगर के मंदिरों में तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिरों में भक्तों को परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसके लिए जरूरी प्रबंध किए जा रहे हैं। नगर में वनखंडी नाथ मंदिर, अलखनाथ, धोपेश्वरनाथ, त्रिवटीनाथ, मढ़ीनाथ, पशुपतिनाथ और तपेश्वर नाथ मंदिरों में जलाभिषेक के लिए सोमवार से पहले ही आने वाले कांवडियों के लिए अलग-अलग कतारें बनाई जा रही हैं। इसके अलावा मंदिर समितियों की ओर से मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए वालंटियर्स भी बनाए गए हैं। मंदिरों में सफाई के साथ रंग-रोगन भी लगभग पूरा हो चुका है। पशुपति नाथ मंदिर के पुजारी पं. मुकेश मिश्रा ने बताया कि सोमवार को जलाभिषेक के लिए यहां पीलीभीत, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, रामपुर, उत्तराखंड सहित तमाम जगहों से श्रद्धालु पहुंचते हैं। शिवभक्तों के लिए यहां ठहरने का उचित प्रबंध किया जा रहा है। त्रिवटीनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी संजीव अवतार अग्रवाल ने बताया कि मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए समिति की ओर से वॉलंटियर बनाए गए हैं। इसके आलवा महिला-पुरुष व वरिष्ठजन के लिए हर सोमवार को यहां अलग-अलग रस्सी की कतारें बनाई जाएंगी।

### तुलसी मठ में बताए कांवड़ यात्रा के नियम

**बरेली, अमृत विचार :** तुलसी मठ में गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मठ के महंत नीरज नयन दास ने कांवड़ का धार्मिक महत्व बताते हुए इसके नियमों के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिना स्नान के कांवड़ सेवा वर्जित है। कांवड़ यात्रा के दौरान तेल, साबुन आदि का प्रयोग नहीं करना चाहिए। कांवड़ सेवा करने वाले को दिन में एक समय उपवास करना चाहिए। यात्रा के दौरान मंत्र अथवा नाम का जाप करना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस दौरान अन्य सांसारिक वार्तालाप विपरीत फल देता है। यात्रा के दौरान मादक पदार्थों का उपयोग भी वर्जित है। बाबा महाकाल पालकी समिति के अध्यक्ष बृजवासी लाल अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, प्रमोद रघुवंशी, शिवम वर्मा, केवल नंद, सुशील शर्मा उर्फ गब्बर, नीरू भारद्वाज, दिव्य चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

### मूल्यांकन लगभग पूरा, जल्द जारी होंगे परिणाम

**बरेली :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक और परास्नातक की वार्षिक परीक्षा का मूल्यांकन कार्य लगभग पूरा हो गया है। अब सिर्फ सेमेस्टर पाठ्यक्रमों का मूल्यांकन शेष रह गया है। विश्वविद्यालय जल्द ही परीक्षा परिणाम जारी करेगा।

आवश्यकता है
अमृत विचार, बरेली व लखनऊ को
● अकाउंटेंट की (विज्ञापन विभाग में)
अनुभवः- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड
Complex Fistula (जटिल भगन्दर)
पाइल्स तथा एनल फिसर एवं
Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा
पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर
स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ
व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर,
ऐनल फिसर रेक्टल
पालिप, पाइलोनिडल
साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश





हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

Dr.M. Nadeem®
(BUMS)
यूनानी चिकित्सक
Reg. No. 19709

पुरुषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग
जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दों का सैकस पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।

बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोडों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज

Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोडों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...

शनिवार
रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे
इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
9634499693
9837338306
आपके विश्वास पर ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं।


## महिला के खाते से 25 हजार रुपये उड़ाए

**बरेली, अमृत विचार :** निजी अस्पताल की महिला कर्मचारी का एटीएम कार्ड चोरी करके रिठौरा स्थित एक एटीएम से रुपये निकाल लिए। एसएसपी के निर्देश पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जगतपुर निवासी शांति देवी ने बताया कि वह एक निजी अस्पताल में काम करती हैं। 14 जुलाई को तीन बार में किसी ने उनके एटीएम से 25 हजार रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर मेसेज आने पर उन्हें पता चला। जब उन्होंने बैंक से जानकारी की तो पता चला कि किसी ने रिठौरा के एटीएम से रुपये निकाले हैं। पुलिस को आशंका है कि शांति देवी का एटीएम किसी ऐसे व्यक्ति ने चोरी किया होगा, जिसे एटीएम का पिन पता होगा। पुलिस एटीएम की सीसीटीवी फुटेज देखेगी।

## रिश्वत लेने के आरोपी दरोगा की जमानत अर्जी को किया खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली :** कारपेंटर से 10 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोपी थाना शीशगढ़ के दरोगा जितेन्द्र सिंह की जमानत अर्जी स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट सुरेश कुमार गुप्ता ने खारिज कर दी। सरकारी वकील मनोज वाजपेयी के अनुसार हामिद अली ने थाना भ्रष्टाचार निवारण संगठन में तहरीर देकर बताया कि 6 जून को उसके गांव के कादिर अली ने थाने में झूठा प्रार्थना पत्र दिया कि उसके भाई गुलफाम ने रुपये लेकर काम नहीं किया। 7 जून को चौकी इंचार्ज बंजरिया के दरोगा जितेन्द्र सिंह उसके भाई के घर पर आए और गुल्फाम की पत्नी को धमकाया कि वह चौकी पर आकर मिलें नहीं तो उसके खिलाफ मुकदमा लिखकर जेल भेज दूंगा। चौकी पर दरोगा ने पीड़ित से कहा कि मामले में उनके पक्ष में वह रिपोर्ट लगा देंगे, लेकिन इसके एवज में उसे 20 हजार रुपये देने होंगे। काफी मिन्नत के बाद दरोगा 10 हजार रुपये लेने पर तैयार हुआ। 14 जून को ट्रैप टीम ने आरोपी दरोगा को रिश्वत लेते दबोच लिया।

# फर्जी ट्रेडिंग कंपनी में निवेश कराकर ठग लिए 28.61 लाख

### एसएसपी से शिकायत के बाद साइबर थाने में दो महीने बाद दर्ज की गई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **साइबर ठगों ने निजी अस्पताल के अकाउंटेंट को बनाया शिकार**
- **शुरुआत में बढ़ती दिखाई देती रही रकम, निकालने पर नहीं निकली**

**अमृत विचार :** साइबर ठगों ने फर्जी ट्रेडिंग कंपनी में निवेश कराकर एक निजी अस्पताल के अकाउंटेंट से 28.61 लाख रुपये की ठगी कर ली। एसएसपी के आदेश पर साइबर थाने में दो महीने बाद रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बहेड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक उत्तराखंड के रुद्रपुर में निजी अस्पताल में अकाउंटेंट है। पीड़ित ने बताया कि 3 अप्रैल को उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक विज्ञापन के लिंक पर क्लिक किया। कुछ देर बाद वह व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ गए, जिसका एडमिन अजय कुमार था। उसमें दो सौ से अधिक लोग जुड़े थे। ग्रुप के एडमिन ने ट्रेडिंग के संबंध में जानकरी दी और जी-आरई नाम के एप्लीकेशन को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करा दिया। शुरुआती दौर में तीन से पांच हजार रुपये जमा करने को कहा। शुरुआती दौर में उन्होंने जो रुपये डाले, उसका 10-12 प्रतिशत वापस कर दिया गया। पीड़ित ने बताया कि इसके बाद आरोपियों ने अलग-अलग तिथियों में रकम बढ़ाने का झांसा देकर उनसे 28 लाख 61 हजार रुपये जमा करा लिए। शुरुआती दौर में उन्हें एप पर रकम बढ़ती हुई दिखती रही और आरोपी उसे भी दोगुना करने का झांसा देकर उन्हें ठगते रहे। बाद में जब उन्होंने रुपये निकालने का प्रयास किया तो सफलता नहीं मिली। इस पर पीड़ित ने ग्रुप एडमिन और ग्रुप के सदस्यों से बात करने का प्रयास किया, लेकिन सभी के नंबर बंद आ रहे थे। पीड़ित ने साइबर थाना में 23 मई को शिकायती पत्र दिया, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। तब वह एसएसपी से मिले। इसके बाद साइबर थाना, पुलिस लाइन में रिपोर्ट दर्ज हो सकी।

## कुंवारा बताकर अधेड़ ने युवती से किया निकाह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **कुछ दिनों बाद जेवर-स्कूटी लेकर भागा, एसएसपी के आदेश पर दर्ज की गई रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** शादीशुदा अधेड़ ने खुद को कुंवारा बताकर युवती से निकाह कर लिया। आरोपी के गांव का ही व्यक्ति उसका फर्जी पिता बन गया। कुछ माह तक साथ रहने के बाद महिला का सामान हड़प कर आरोपी कहीं भाग गया। एसएसपी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बारादरी के जोगीनवादा में शाहनूरी मस्जिद के पास रहने वाली महिला ने बताया कि वर्ष 2021 में उसका निकाह इज्जतनगर के परतापुर चौधरी रोड नंबर एक निवासी शमशुद्दीन के साथ हुआ था। निकाह से पहले शमशुद्दीन ने स्वयं को कुंवारा बताया था। उस गांव के ही नबी अहमद ने खुद को उसका पिता बताया था। बिथरी चैनपुर के मेहतरपुर करोड़ निवासी आबिद ने अपनी गारंटी पर शादी कराई थी। निकाह के बाद एक वर्ष तक शमशुद्दीन सही रहा। इस बीच पीड़िता ने पुत्री को जन्म दिया। महिला के अनुसार कुछ समय बाद शमशुद्दीन ने बहला-फुसलाकर उसका जेवर व स्कूटी ले ली। कुछ दिनों बाद वह उसे छोड़कर कहीं चला गया। शमशुद्दीन के जाने के बाद उसे पता चला कि उसकी पहली पत्नी रिछा में रहती है और उसके बड़े-बड़े बच्चे भी हैं। पीड़िता ने शमशुद्दीन, उसके मुंहबोले पिता नबी अहमद और शादी के जमानती आबिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## फंदे से लटक कर बेलदार ने दी जान

**बरेली, अमृत विचार :** थाना इज्जतनगर क्षेत्र में बेलदार ने पंखे के कुंडे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

थाना बिथरी चैनपुर के गांव बिचपुरी निवासी हरीश मौर्या (35) का विवाह इज्जतनगर क्षेत्र के बड़ी विहार निवासी शिवानी से हुआ था। चार महीनों से वह वहां पर ही किराए के मकान में पत्नी के साथ रहता था। वह बेलदारी करता था। शिवानी ने बताया कि बुधवार को देर शाम उनका पति से मामूली विवाद हुआ था, जिसके बाद उन्होंने शराब पी और कमरे में चले गए। देर रात कमरे का दरवाजा बंद कर पंखे के कुंडे के सहारे चादर से फंदा लगा लिया, जिससे उनकी मौत हो गई। सूचना पर युवक के परिजन पहुंचे तो उन्होंने पुत्र की हत्या किए जाने की बात कही। इज्जतनगर थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि तहरीर मिलेगी तो कार्रवाई की जाएगी।


प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
BIUCOP BAREILLY

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)


## छात्र की हत्या की कोशिश मारपीट कर बाइक से फेंका

संवाददाता, बरेली/बहेड़ी

- **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार :** बहेड़ी क्षेत्र में छात्र की उसके साथियों ने मारपीट कर हत्या की कोशिश की और उसे चलती बाइक से धक्का दे दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के आदेश पर पुलिस ने हत्या की कोशिश समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अलसिया भोज निवासी इश्तियाक अहमद ने बताया कि उन्होंने अपने 14 वर्षीय बेटे नसीम को उर्दू की पढ़ाई के लिए काशीपुर के एक मदरसे में भेजा था। आरोप है कि 22 जून को उन्हें पता चला कि उसका बेटा मरणासन्न अवस्था में सितारगंज में एक अस्पताल में भर्ती है। हालत में सुधार न होने पर उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके बेटे का हाथ टूटा हुआ था, जबकि सिर और रीढ़ की हड्डी टूटी हुई थी। हालत में सुधार होने पर बेटे ने बताया कि पीलीभीत के थाना अमरिया के गांव बांसखेड़ा निवासी मौलाना जाने आलम उसे यह कहकर लाया था कि उसके पिता की तबीयत ठीक नहीं है। जाने आलम उस मदरसा में पढ़ता भी है। आरोप है कि उसे बाइक पर बैठाकर ले आया और मुंह बंद कर गन्ने के खेत में जान से मारने की कोशिश की। उसके शोर मचाने पर पड़ोस के दो लोगों को आते देख वह मोटर साइकिल पर बैठाकर ले आया और रास्ते में चलती बाइक से नीच फेंक दिया। इश्तियाक अहमद ने मौलाना पर जादू-टोना का करने और बच्चों की बली चढ़वाने का भी आरोप लगाया है।


प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
FOPS BAREILLY

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)


## ट्रेन से गिरकर पीलीभीत के कारोबारी का पैर कटा

**बरेली, अमृत विचार :** आंवला स्टेशन पर बरेली-दिल्ली पैसेंजर में चढ़ने के दौरान पीलीभीत के राखी कारोबारी नीचे गिर गया और उसका पैर कट गया। आरपीएफ ने उन्हें 108 एंबुलेंस से आंवला स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीलीभीत के थाना माधोटांडा के कलीनगर निवासी सचिन देवल ने आरपीएफ को बताया कि वह अपने पिता बबलू देवल के साथ राखी का सामान खरीदने के लिए दिल्ली जा रहे थे। वह बरेली से 04303 बरेली-दिल्ली पैसेंजर में बैठे थे। ट्रेन जब आंवला स्टेशन पहुंची तो वह पानी लेने के लिए उतरे। बोतल में पानी भर रहे थे कि तभी ट्रेन चल दी। चलती ट्रेन में सवार होने के दौरान पैर फिसलने से वह प्लेटफार्म के नीचे चले गए और उनका दाहिना पैर कट गया।

## डग्गामार बस को किया सीज, 15 वाहनों के चालान



**बरेली, अमृत विचार :** परिवहन विभाग की टीम ने गुरुवार को अभियान चलाकर एक डग्गामार बस को सीज किया तथा 15 वाहनों के चालान किए। आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर गुरुवार को चेकिंग की गई। इस दौरान सेटेलाइट के पास से सवारी भरने वाली 10 ईको के चालान किए गए। इसके अलावा टीम ने अलग-अलग स्थानों से पांच स्कूली वाहनों के चालान भी किए। एक ट्रक को बिना फिटनेस के सीज किया गया।

## कई घरों में पकड़ी बिजली चोरी, दी तहरीर

**बरेली, अमृत विचार :** पॉवर कारपोरेशन की विजिलेंस टीम ने बिजली चोरी पकड़ने के लिए रिछा क्षेत्र के कई मोहल्लों में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान विजिलेंस के ग्रामीण क्षेत्र के प्रभारी मनोज कुमार और अवर अभियंता मोहम्मद अफजल ने उपभोक्ताओं के घरों में लगे मीटरों को चेक किया। कई जगह पर बिजली चोरी होते हुए मिली। टीम ने इसकी वीडियोग्राफी करने के बाद आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए एंटी पॉवर थेफ्ट थाने में तहरीर दी है।

## तबादला नीति के विरोध में संविदा बिजली कर्मचारी

**बरेली, अमृत विचार :** पावर कारपोरेशन के संविदा कर्मचारियों ने तबादला नीति का विरोध शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश पावर संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रिंकू श्रीवास्तव का कहना है कि एक संविदा कर्मचारी को महीने में महज 8 हजार रुपये वेतन मिलता है। ऐसे में उसका तबादला दूर के उपकेंद्र पर होने से दिक्कत होगी। कैसे संविदा कर्मी परिवार का पालन पोषण करेंगे। उनका आरोप है कि विभाग और कंपनी की ओर से संविदा कर्मियों को सुरक्षा उपकरण नहीं दिए जा रहे हैं। कहा कि अगर संविदा कर्मियों को ट्रांसफर किया जाए तो उन्हें भी सरकारी कर्मचारी के तरह वेतन दिया जाए। दरअसल, पावर कारपोरेशन के चेयरमैन ने लखनऊ में हुई बैठक में एक ही उपकेंद्र पर तीन साल से अधिक समय से तैनात संविदा कर्मी के तबादले के निर्देश दिए थे। इस संबंध में शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ ने सभी अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिए हैं कि एजेंसियों के साथ बैठक नियमानुसार संविदाकर्मी का अन्य जगह पर स्थानांतरण कराना सुनिश्चित करें।

## कई संगठनों ने सपा के प्रदेश प्रवक्ता को सौंपा ज्ञापन



**बरेली, अमृत विचार :** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर क्रांतिकारी किसान मंच के नेतृत्व में कई सामाजिक संगठन विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन देने सपा कार्यालय पहुंचे। सांसद नीरज मौर्य के शहर से बाहर होने के कारण संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रदेश प्रवक्ता मयंक शुक्ला को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों और खेत मजदूरों की ऋणग्रस्तता, संकटपूर्ण पलायन से मुक्ति के लिए सर्वसमावेशी ऋण माफी योजना बने। उर्वरक, बीज, कीटनाशक, बिजली, सिंचाई, मशीनरी, स्पेयर पाट्र्स, ट्रैक्टर जैसे कृषि यंत्रों पर कोई जीएसटी न हो। सरकारी योजनाओं का लाभ बटाईदारों को भी मिले। इसके अलावा अन्य मांगों को भी रखा। हिमांशु सिंह, सौरभ पटेल, प्रशांत पटेल, उमेश कुमार, फैसल, मोहित, पप्पू, संजय, कैलाश आदि मौजूद रहे।

## साइबर ठगों ने मुख्य आरक्षी के खाते से 85 हजार उड़ाए

**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस लाइन में तैनात मुख्य आरक्षी अवनेश कुमार के खाते से साइबर ठगों ने 85 हजार 460 रुपये निकाल लिए। एसएसपी के आदेश पर मामले में साइबर क्राइम शाखा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। अवनेश कुमार ने बताया कि उनका क्रेडिट कार्ड इंडसइंड बैंक का है। उन्होंने क्रेडिट कार्ड का स्टेटमेंट चेक कराया तो पता चला कि खाते से अंबर पैथ एनर्जी लिमिटेड के नाम से 85 हजार 460 रुपये काटे गए हैं। यह रकम 8 जुलाई को उनके खाते से काटी गई है।

# उद्यमी बोले- हम ज्यादा रोजगार देने को तैयार, लेकिन सरकार भी तो रियायत दे

### बजट से उम्मीदें: इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रमोट करने को जीएसटी में छूट जरूरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सरकार एमएसएमई को प्रमोट कर रही है। इसमें कॉरपोरेट टैक्स में रियायत दी जाए। इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए जीएसटी में छूट मिले। इसी महीने संसद में पेश होने वाले केंद्रीय बजट से उद्यमियों को कुछ ऐसी ही उम्मीदें हैं। उनका कहना है कि उद्यमी ज्यादा रोजगार देने के लिए तैयार हैं, लेकिन सरकार को भी उनके बारे में सोचना चाहिए। उनके कारोबार को बढ़ाने के लिए सब्सिडी दी जाए।



इस बजट में सरकार से राहत की उम्मीद है। औद्योगिक गतिविधियों की योजनाएं बेहतर हो सकती हैं। इस बार टफ बजट नहीं होगा। कॉरपोरेट टैक्स में अंतर होना चाहिए। एमएसएमई को सरकार की तरफ से विशेष सपोर्ट मिलना चाहिए।

– **डॉ. नीरज सक्सेना**, कार्यक्रम निदेशक रुहेलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन



उद्यमियों को ऋण लेने में आसानी होनी चाहिए। नए उद्योग खड़े होने में एक से दो साल लग जाते हैं। सरकार को तीन साल का ब्रेक पीरियड देना चाहिए, ताकि किस्त देने में सुविधा हो। एनओसी से संबंधित समस्या दूर होनी चाहिए।

–**राजेश गुप्ता**, अध्यक्ष, सेंट्रल चैंबर्स आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री



जीएसटी के पांच रेट के बजाए सरकार को एक दर तय करनी चाहिए। एमएसएमई उद्यमी की सामाजिक सुरक्षा नहीं है। उद्यमी अपने पैसे से मेडिकल इंश्योरेंस ले रहा। जीवन बीमा ले रहा लेकिन सरकार नई टैक्स रिजीम में उसे शामिल नहीं कर रही है। इसे शामिल किया जाए।

– **सुरेश सुंदरानी**, निदेशक, आईआईए



एमएसएमई सरकार का नेशनल एजेंडा है। इसे रोजगार से जोड़कर देखा जा रहा है। इस क्षेत्र में समस्याओं को हल करने के अच्छे तरीके सरकार बजट में ला सकती है। सरकार इंसेटिव की तरफ नहीं औद्योगिक माहौल की तरफ देख रही है। बजट में इंफ्रा और निर्यात के लिए नए प्रोत्साहन सरकार ला सकती है।

– **दिनेश गोयल**, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, आईआईए



सरकार ने बड़े और छोटे उद्योगपतियों से कार्पोरेट टैक्स 22 फीसदी लेना तय किया है। इसे कम होना चाहिए। देश के आर्थिक विकास में एमएसएमई की 29 फीसदी हिस्सेदारी है तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। जीएसटी में छूट दी जाए।

–**मयूर धीरवानी**, चैप्टर चेयरमैन, आईआईए



पर्यावरण के अनुकूल बनने वाले उत्पाद को प्रमोट करना चाहिए। कच्चा माल मंगाने में इंपोर्ट ड्यूटी 27 फीसदी है। यह कम होनी चाहिए। सरकार इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के साथ नए प्लांट लगाने पर सब्सिडी दे।

–**हर्षित**, सदस्य, चैंबर आफ कॉमर्स

# नॉर्थ रेलवे कॉलोनी की राह में गंदगी का अंबार



जंक्शन स्थित नॉर्थ रेलवे कॉलोनी में सड़क पर पड़ा कूड़ा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **लोग बोले, शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा समस्या का समाधान**

**अमृत विचार :** बरेली जंक्शन स्थित नॉर्थ रेलवे कॉलोनी में सफाई के दावे दम तोड़ रहे हैं। यहां रास्ते पर कूड़े का अंबार लगा है। इससे कॉलोनी में रहने वालों को दिक्कत हो रही है।

कॉलोनी के रास्ते पर 50 से 60 रेलवे आवास हैं, मगर इन आवासों में रहने वाले रेल कर्मचारियों निकलना दूभर हो गया है। पूरे रास्ते को कूड़े का ढेर बना दिया गया है। कॉलोनी में सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी सीएचआई की है, लेकिन शिकायतों के बाद भी उनकी ओर से कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। यह स्थिति तब है, जब कॉलोनी के ठीक बराबर में हनुमान मंदिर भी है। सावन का महीना शुरू होने वाला है। इसके बावजूद गंदगी के ढेर लगे हैं। स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि समस्या को सीएचआई के सामने उठाया जाएगा।

**अफसरों के सामने रखेंगे गंदगी की समस्या**

नॉर्थ और साउथ रेलवे कॉलोनी के आवासों की स्थिति दयनीय है। एनआरएमयू शाखा सचिव राजेश दुबे ने बताया कि कॉलोनी में गंदगी और जर्जर आवासों की समस्या को लेकर यूनियन का एक प्रतिनिधि मंडल जल्द रेल अधिकारियों से मिलेगा।

# पौधरोपण को लेकर नोडल अफसरों को प्रशिक्षण



प्रशिक्षण कार्यक्रम में नोडल अधिकारियों को निर्देश देते जिला अधिकारी रविंद्र कुमार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **डीएम ने दिए एप पर जियो टैगिंग व फोटो अपलोड करने के निर्देश**

**अमृत विचार :** पौधरोपण के निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने को लेकर गुरुवार को विकास भवन सभागार में नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि जनपद को 44,72,544 पौधे लगाने लक्ष्य मिला है। उन्होंने बताया कि सभी विभागों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि एक पेड मां के नाम लगाते हुए सेल्फी लेकर http://merilife.nic.in पोर्टल पर अपलोड करें। इसके लिए सभी विभाग रोपित पौधों की सुरक्षा एवं सिंचाई की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। रोपण किये जाने वाले पौधों की जियो टैगिंग भी 20 जुलाई तक पूर्ण कर ली जाए। जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिये कि पौधों को इधर-उधर न फेंका जाए। पौधों से थैलियों को पृथक करने के बाद ही जमीन में रोपा जाए। पौधे लगाने के बाद प्लास्टिक का उचित निस्तारण कर दें। जल भराव वाले क्षेत्रों एवं बड़े-बड़े वृक्षों के नीचे पौधे न लगाएं। जिन स्थानों पर जैविक दबाब अधिक है, वहां सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही रोपण किया जाए। सभी नोडल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर लें और यह सुनिश्चित करें कि सभी पौधे स्थलों पर पहुंच गये हैं। कहा कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, पुलिस अधीक्षक यातायात शिवराज सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी कमल कुमार, उप प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. अपूर्वा पांडेय, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार हसीब अंसारी, पर्यावरण अभियंता नगर निगम राजीव राठी, जिला स्तरीय नोडल अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# तीन साल से भटक रहीं महिलाएं, न सहायता राशि मिली, न कोई जवाब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत किया था आवेदन, कार्यालय के चक्कर लगा कर हुईं परेशान**

**अमृत विचार :** पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि के लिए कुछ महिलाएं लंबे समय से भटक रही हैं। न तो उन्हें योजना का लाभ मिल पा रहा है, न ही इसको लेकर कोई संतोषजनक जवाब विभाग की ओर से दिया जा रहा है। जिले की ऐसी चार महिलाओं ने अपनी समस्या को राष्ट्रीय युवा समाज सुधार एवं संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के समक्ष रखा तो उन्होंने जनसुनवाई पोर्टल पर इसकी शिकायत की। जवाब में बताया गया कि अभी ऊपर से ही कोई रिस्पांस नहीं मिल रहा है।

बांके की छावनी निवासी विमला व राजेश्वरी, किशोर बाजार बिहारी पुर की सोमवती और कैंट सदर निवासी निर्मला ने बताया कि तीन साल पहले उन्होंने आवेदन किया था, लेकिन अब तक न तो सहायता राशि मिली, न ही कोई सही जवाब दिया जा रहा है। महिलाओं का कहना है कि हर बार यह ही कह दिया जाता है कि तुम्हारा सब काम हो गया है। बजट नहीं होने के कारण पैसा रुका हुआ है। महिलाओं ने जब राष्ट्रीय युवा समाज सुधार एवं संघर्ष समिति के सचिव जितेंद्र कुमार राजन को अपनी समस्या बताई तो उनकी ओर से आईजीआरएस पर शिकायत की गई। उस पर मिले जवाब में ऊपर से कोई रिस्पांस न होने ही बात बताई गई। इस जवाब को लेकर जब समाज कल्याण विभाग में बात की गई तो पटल देख रहे बाबू ने बताया कि इसका अर्थ है, इनका कुछ नहीं हो सकता। क्योंकि न तो इन महिलाओं का फॉर्म पटल पर दिखाई दे रहा है, न ही ये महिलाएं अब दोबारा आवेदन कर सकती हैं। लखनऊ से कुछ सूचना होगी तब ही कार्यवाही की जा सकती है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर पांडे ने बताया कि इस मामले में महिलाओं से बातचीत के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। यदि यह समस्या लखनऊ से है तो उसके लिए इंतजार करना होगा।

# युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने के 5 आरोपी दोषमुक्त

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** विवेचक की लापरवाही के कारण युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में इज्जतनगर मुड़िया अहमदनगर निवासी कुलदीप शर्मा, शेखर शर्मा, उमाकांत मिश्रा, कैलाश पटेल, देवेश पटेल आरोपी अदालत से दोषमुक्त हो गए। अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक कुमार चतुर्वेदी ने विवेचक के विरुद्ध कार्रवाई के लिए एसएसपी को आदेश दिया है।

मृतका के पिता ने थाना इज्जतनगर में तहरीर देकर बताया था कि सुखदीपक शर्मा ने 20 वर्षीया पुत्री को 9 जुलाई 2016 को आइसक्रीम में नशीला पदार्थ खिला दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। जब उसे होश आया तो वहअर्द्धनग्न अवस्था में थी। दुष्कर्म करते समय कुलदीप शर्मा उर्फ सोनू ने मोबाइल से उसके अश्लील फोटो खींचे थे। युवती ने इज्जत की खातिर यह बात कुछ समय तक छिपाई।

ये फोटो सोनू के मोबाइल से शेखर शर्मा ने ले लिए और अपने मामा उमाकांत मिश्रा के फोन पर भेज दिए। इस तरह उमेश ने देवेश पटेल के मोबाइल पर फोटो भेजे। इसके बाद कैलाश पटेल के मोबाइल से भी फोटो वायरल हुए। इन सभी के आगे युवती ने काफी मिन्नतें कीं, लेकिन आरोपियों ने उसकी एक न सुनी। इस कारण 22 जुलाई 2016 की सुबह युवती ने आत्महत्या कर ली।

● **कोर्ट ने विवेचना में लापरवाही पर विवेचक के विरुद्ध कार्रवाई को एसएसपी को दिया आदेश**

**विवेचना की कमियों पर अदालत ने जताई नाराजगी**

पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद कमजोर विवेचना कर अपराधियों को लाभ पहुंचाने का काम किया था। कोर्ट ने आदेश में टिप्पणी करते हुए उल्लेख किया कि विवेचक ने यह प्रयास नहीं किया कि वह विवेचना के जरिए यह साफ करे कि मृतका की मौत वास्तव में आत्महत्या थी। आपत्तिजनक फोटो को किस प्रकार, किस व्यक्ति, किस माध्यम से प्राप्त कर केस डायरी में संलग्न कर विवेचना का हिस्सा बनाया गया, यह स्पष्ट नहीं किया। विवेचक ने साक्ष्य अधिनियम का पालन नहीं किया। विवेचना में न तो किसी अभियुक्त के मोबाइल को बरामद किया और न ही फॉरेंसिक जांच कराई। इस वजह से अभियोजन अपने कथानक को कोर्ट में सिद्ध करने में असमर्थ रहा। विवेचना में घोर लापरवाही बरती गई। कोर्ट ने तत्कालीन विवेचक धर्मेन्द्र सिंह के विरुद्ध एसएसपी को कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

## भाजपा नेता और उसकी पत्नी के खिलाफ एससी-एसटी की रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** यूट्यूबर अजितेश कुमार ने आंवला से भाजपा जिला कार्यसमिति के सदस्य आर्येंद्र मिश्रा और उनकी पत्नी समिता मिश्रा, साथी नितिन समेत दो अज्ञात पर एससी-एसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

वीरसावरकर नगर के रहने वाले अजितेश कुमार ने पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश सिंह को दिए शिकायती पत्र में बताया कि पत्नी साक्षी ने फेसबुक पर एक पोस्ट डाली थी। समिता ने पोस्ट पर आपत्तिजनक कमेंट किया तो वीडियो बनाकर उनके कमेंट का विरोध जताया था। इसके बाद नितिन गुप्ता फोन करके धमकी देने लगा। कुछ देर बाद संदेश कन्नौजिया ने मिलने के लिए दफ्तर बुलाया। अजितेश संदेश से बात कर रहे थे, तभी आर्येंद्र मिश्रा, समिता मिश्रा, नितिन गुप्ता और दो अज्ञात लोग आ धमके और मारपीट कर वीडियो हटाने को कहने लगे। पुलिस महानिरीक्षक के आदेश पर इज्जतनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इससे पहले आर्येंद्र ने भी अजितेश और उनकी पत्नी के खिलाफ रंगदारी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

जड़ से इलाज
तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज | पित्त की पथरी | गुर्दे की पथरी
को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136




जीजीआईसी में रोटरी क्लब ऑफ बरेली की ओर से लगाए गए मेगा शिविर में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

## मेगा स्वास्थ्य शिविर में की छात्राओं की जांच

**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली की ओर से छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए द्वितीय मेगा शिविर गुरुवार को जीजीआईसी में लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजश्री मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल रहे। उन्होंने शिविर में आए डॉक्टरों व टीम के निस्वार्थ सेवा भाव की सराहना की। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर्स की 17 सदस्यों की टीम ने छात्राओं की आंखें, दांत व हीमोग्लोबिन आदि की जांच की। जिन छात्राओ की आंखे गंभीर रूप से अस्वस्थ थीं, उनकी विशेष जांच वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सीएस यादव, डॉ. विमलेश शर्मा, डॉ. राजेंद्र कुमार, डॉ. नितिन अस्थाना आदि ने की। साथ ही मुफ्त दवा भी दी गई। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष नरेश मलिक, कार्यवाहक प्रधानाचार्य अनु पाराशरी, सीएस निधि अग्रवाल, जया मेहरोत्रा, रजनी यादव, वंदना श्रीवास्तव, अर्चिता जायसवाल, ममता टंडन, इरा सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब बरेली साउथ ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



स्वास्थ्य शिविर में बच्चों का परीक्षण करतीं चिकित्सक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,बरेली

● **कक्षा एक से लेकर आठ तक के 600 छात्र-छात्राओं का किया स्वास्थ्य परीक्षण**

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब बरेली साउथ की ओर से गुरुवार को विद्या वर्ल्ड स्कूल में आरोग्यम स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा एक से लेकर आठ तक के 600 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

शिविर में मुख्य रूप से आंख, दांत और कान के साथ-साथ हीमोग्लोबिन की जांच की गई। मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष नीरव निमेष अग्रवाल, सीडीएस बरेली जोन विनय कृष्णा और पूर्व मंडल अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल रहे। क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत स्कूल के बच्चों के साथ पौधे लगाए। अध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिव हिमांशु कौशिक, कम्यूनिटी सर्विस डायरेक्टर संदीप मेहरा, विमल मेहरोत्रा, दिनेश खंडेलवाल, रोहित जिंदल, डॉ. नीलू मेहरोत्रा, प्रधानाचार्य युवान कुंवर, संयोगिता चौधरी व अन्य उपस्थित रहे।

शिविर में डॉ. अनमोल अग्रवाल, डॉ. प्रियांशी मेहरोत्रा, डॉ. ललित पागरानी, डॉ. सुधीर कुमार यादव, डॉ. कृतिका अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य का परीक्षण किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# रोटरी क्लब ऑफ बरेली हेरिटेज के शिविर में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण



सेक्रेड हार्ट पब्लिक स्कूल में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** आरोग्य योजना के तहत रोटरी क्लब ऑफ बरेली हेरिटेज की ओर से सेक्रेड हार्ट पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। इसमें एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों की टीम ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष निर्वाचित सीए राजेन विद्यार्थी रहे।उन्होंने बताया कि आरोग्यम में पूरे मंडल में लगभग एक लाख बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट उत्तर प्रदेश सरकार को भेजी जाएगी। जरूरत पड़ने पर बच्चों को चश्मे भी वितरित किए जाएंगे। क्लब की चार्टर अध्यक्ष राधा सिंह, अध्यक्ष भावना वर्मा, सचिव शिल्पी शर्मा, शालिनी विद्यार्थी, सीमा रैक्रीवाल, सविता मेहरोत्रा, डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ शाहजहां बेगम, नीलू मेहंदीरत्ता व विद्यालय की प्रधानाचार्य उर्मिला वाजपेयी आदि उपस्थित रहीं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अरविन्द आयु 30 वर्ष व पुत्रवधु श्रीमती रश्मि उर्फ ललिता आयु 28 वर्ष को उनके दुर्व्यवहार एवं गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति व एक मकान चाचा चौक बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद हरियाणा से बेदखल कर दिया है। मैं उनके किसी भी कृत्य का जिम्मेदार नहीं हूँ। वह अपने कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **रामनिवास गुप्ता पुत्र ताराचन्द्र निवासी ग्राम सुजावली परगना व तहसील सहसवान जिला बदायूँ।**

**सूचना**

हमने अपने पुत्र आसिफ अली को उसके गलत आचरण, दुर्व्यवहार के कारण समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है, भविष्य में अपने लेन-देन, कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा, हमारा वास्ता न होगा। **साबिर अली पुत्र रहमत अली, जीनत पत्नी साबिर अली, निवासी-196, सैनिक बस्ती ग्राम- चनहेटा तह. व जिला बरेली।**

**गौतम बुद्ध महाविद्यालय**
फिरोजपुर बल्लिया, बरेली। (243402)
**आवश्यकता है प्राचार्य पद की**
योग्यता पीएचडी शिक्षण में 10 वर्ष का अनुभव
नोट: विज्ञापन प्रकाशन के 21 दिनों के अन्दर सभी प्रमाण पत्रों की हार्डकॉपी के साथ आवेदन करें।
**प्रबंधक-9634543118, 8937841211**
gautambuddhmahavidyalaya@gmail.com

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत् ।
कार्यते ह्यवश : कर्म सर्व : प्रकृतिजैर्गुणै : ।।

नि :संदेह कोई भी मनुष्य किसी भी काल में क्षणमात्र भी बिना कर्म किए नहीं रहता, क्योंकि सारा मनुष्य समुदाय प्रकृति जनित गुणों द्वारा परवश हुआ कर्म करने के लिए बाध्य किया जाता है।


## संपादकीय

# रेल हादसों के पीछे

देश में लगातार बढ़ रहे रेल हादसों के क्रम में गोंडा जिले में हुई रेल दुर्घटना बेहद दुखद है। गुरुवार को जिले में चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही ट्रेन के आठ डिब्बे मोतीगंज तथा झिलाही रेलवे स्टेशनों के बीच पटरी से उतर गए। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई तथा 20 घायल हो गए। हादसे के कारण कई गाड़ियों को रद किया गया तथा 10 रेलगाड़ियों को मार्ग बदलकर संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासन को प्रभावित यात्रियों को सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। भारतीय रेलवे विश्व के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक है, जहां लाखों लोग प्रतिदिन परिवहन के लिए इस पर निर्भर हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो दशकों में पटरी से गाड़ी उतरने के मामले अधिकांश दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। साथ ही रेलवे से जुड़ी त्रासदियों के पीछे दोषपूर्ण सिग्नलिंग प्रणाली से लेकर मानवीय त्रुटि तक कई कारण होते हैं। मानवीय त्रुटियों के परिणामस्वरूप गलत सिग्नलिंग, दोषपूर्ण संचार, अत्यधिक गति अथवा दोषों या खतरों को अनदेखा करने की स्थिति बन जाती है। पिछले माह 17 जून को सिलीगुड़ी के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से 30 किलोमीटर दूर रंगपानी के पास एक मालगाड़ी खड़ी सियालदह जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस से टकरा गई। ट्रेन दुर्घटना में मालगाड़ी के लोको पायलट सहित 10 लोगों की मौत हो गई। बाद में रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने कहा कि स्वचालित सिग्नल क्षेत्रों में ट्रेन संचालन के प्रबंधन में कई स्तरों पर खामियां हुईं।

विश्व के सबसे बड़े और व्यस्ततम रेल नेटवर्क में से एक भारतीय रेलवे के लिए सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। परंतु रेलवे तंत्र धन की कमी, भ्रष्टाचार और अक्षमता से भी ग्रस्त है जो इसके विकास एवं रखरखाव को प्रभावित करती है। कई रूट 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर संचालित हैं, जिससे भीड़भाड़ और ओवरलोडिंग के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि गुरुवार को हुए रेल हादसे की जांच के बाद ही इस बात की पुष्टि हो पाएगी कि क्या ट्रेन या पटरी के नियमित निरीक्षणों में चूक हुई थी। अनियमित रखरखाव के कारण खराबी हुई और ट्रेन पटरी से उतर गई। फिलहाल देश में सुरक्षा की स्थिति और बेहतर सुरक्षा उपायों एवं अवसंरचना की आवश्यकता के संबंध में रेलवे कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुपालन के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। साथ ही भारत में रेल दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों के समाधान के लिए सरकार व रेलवे प्रशासन को कड़े कदम उठाने होंगे।

# अनुशासित जीवनचर्या और पर्यावरण संतुलन



डॉ . अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

**क्या हमने कभी विचार किया है कि हम दैनिक जरूरतों के रूप में जिन वस्तुओं का उपयोग करते हैं उनमें से कौन–कौन सी प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त होती हैं? इनमें से कौन सी ऐसी वस्तुएं हैं, जिनका इस्तेमाल गैर जरूरी है?**

इस बार जून में सप्ताह-सप्ताह भर के लिए हिमाचल और उत्तराखंड के अलग-अलग पर्वतीय क्षेत्रों में जाना हुआ। कारण था तेज गर्मी से निजात पाना, पर वहां के तापमान में भी कोई विशेष अंतर न था। वहां पर भी लोग इसका जिम्मेदार उन्हीं तौर तरीकों को ठहरा रहे थे, जो हर जगह पर्यावरण असंतुलन का कारण बताए जाते हैं। लोगों के अनुसार मानव की पर्यावरण विरोधी गतिविधियों ने प्राकृतिक असंतुलन पैदा कर दिया है, जो तीव्र गर्मी, वर्षा, भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने आ रहा है।

पर्यावरण शिक्षा प्रारंभिक स्तर से ही हर पाठ्यक्रम का अनिवार्य अंग होती है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल तत्संबंधी सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं है, बल्कि उन्हें आसपास के पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना होता है, जिससे उनमें पर्यावरण की व्यावहारिक समझ उत्पन्न हो और वे इससे संबंधित समस्याओं को पहचान कर उनके समाधान के प्रति जागरूक हों। वे सिर्फ पर्यावरण की परिभाषा तक ही सीमित न रहें, बल्कि इसके संतुलित-असंतुलित होने के कारण, प्रभाव, दुष्प्रभाव और समाधान के प्रति भी संवेदनशील हों। पर्यावरण शिक्षण में हम प्रमुख रूप से जिस मुद्दे पर बात करते हैं वह है प्रदूषण और प्राकृतिक साधनों जैसे वन संपदा तथा पारिस्थितिकी का संरक्षण। यहां हम इन पर चर्चा करते-करते विज्ञान की प्रगति और विकास को पर्यावरणीय असंतुलन का प्रमुख कारण ठहराने लगते हैं, पर क्या विकास की प्रक्रिया गैर जरूरी है? क्या विकास और पर्यावरण के बीच समुचित संतुलन स्थापित नहीं किया जा सकता? अगर हम इन बिंदुओं पर विचार करें तो पाएंगे कि पर्यावरण संतुलन के आड़े न तो विज्ञान आता है और न ही विकास।

पर्यावरण संतुलन हम सबसे एक अनुशासित जीवनचर्या की मांग भर है। अब क्योंकि पर्यावरण असंतुलन की स्थिति में सर्वाधिक प्रभावित भी मानव ही होता है अतः आवश्यक है कि हम अपनी जरूरतों भर ही प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करें। प्राकृतिक संसाधनों का अनावश्यक और अंधाधुंध दोहन ही क्रमशः असंतुलन की ओर ले जाता है। वैज्ञानिक दृष्टि के चलते नित नए आविष्कारों का होना स्वाभाविक है और उनमें

**पर्यावरण संरक्षण हेतु सराहनीय योगदान दे रहे व्यक्तियों को विद्यालय व समुदाय के स्तर पर पर्यावरण प्रहरी, पर्यावरण मित्र, पर्यावरण संगी के रूप में चिह्नित कर सम्मानित किए जाने से समुदाय में सार्थक संदेश जाएगा। विद्यालय स्तर पर बच्चों के संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी पक्षों का सतत आकलन व मूल्यांकन किया जाता है।**

प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग होना भी, पर यदि हम इन संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन पर भी संवेदनशील होते हैं तो यह स्थिति संतुलित बनी रहती है। यदि हम आवश्यकता के परिप्रेक्ष्य में किसी वृक्ष पर आरी चलाते हैं तो उसके साथ ही कम से कम दस पौधे रोपने और उनकी परवरिश की जिम्मेदारी भी हमें ही चाहिए और यह बात हर एक प्राकृतिक संसाधन के उपयोग पर समान रूप से लागू होती है।

क्या हमने कभी विचार किया है कि हम दैनिक जरूरतों के रूप में जिन वस्तुओं का उपयोग करते हैं उनमें से कौन-कौन सी प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त होती हैं? इनमें से कौन सी ऐसी वस्तुएं हैं, जिनका इस्तेमाल गैर जरूरी है? या हमारी स्वयं की दिनचर्या में ऐसे कौन-कौन से क्रियाकलाप हैं, जिनमें आंशिक सुधार करके ही हम पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकते हैं? यदि हम इन सवालों पर थोड़ा ठहरकर तथा संवेदनशील होकर विचार करें तो पाएंगे कि हवा, पानी, मिट्टी, वनस्पति, जीव जगत, भूगर्भ तथा खगोल से जुड़ी हमारी तमाम ऐसी गतिविधियां हैं जिनको आवश्यकतानुसार कम करके पर्यावरण को पोषित किया जा सकता है। यहां सवाल यह उठता है कि हम क्या करें कि जिससे हमारा पर्यावरण पोषित और संवर्धित हो? इसके लिए व्यक्तिगत व सामूहिक स्तर पर छोटे-छोटे योजनाबद्ध काम जरूरी होंगे। बच्चों में पर्यावरण जागरूकता हेतु दो स्तरों पर काम करना होगा। पहला-पर्यावरण की गहरी व संवेदनशील समझ पैदा करना, दूसरा-भावी खतरों, संभावनाओं को समझते हुए उनके समाधान में अपनी भूमिका निर्धारित करने का कौशल विकसित करना। इसके लिए प्रार्थना स्थल, कक्षा के अंदर तथा कक्षा के बाहर के क्रियाकलापों को नियोजित क्रम में कराना होगा। प्रार्थना स्थल पर प्रकृति के अनिवार्य घटकों के प्रति आदर व कृतज्ञता प्रदर्शित करने वाली रचनाओं को शामिल करना, पर्यावरण संवेदना से संबधित प्रेरक प्रसंग सुनाना, प्रमुख पर्यावरणीय चिंताओं और उनके समाधान के तरीकों पर चर्चा कराना, दैनिक आधार पर स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा पर्यावरणीय जागरूकता से सबंधित क्रियाकलापों का कराया जाना उपयोगी होगा।

कक्षा के अंदर के क्रियाकलापों में पर्यावरण जागरूकता संबंधी पोस्टर बनाना, नारा लेखन, पर्यावरण क्विज, कविता, कहानी व निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, अंत्याक्षरी, रोल-प्ले, पर्यावरण जागरूकता से संबंधित फिल्मों का प्रदर्शन, पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी सफलतामूलक कहानियां जैसे क्रियाकलाप प्रभावी साबित होंगे। कक्षा के बाहर के क्रियाकलापों में परिसर की स्वच्छता, पौधारोपण व संरक्षण, परिसर के जलस्रोतों की स्वच्छता व रखरखाव, सामुदायिक स्तर पर पर्यावरण क्लब की गतिविधियां संचालित करना जैसे कार्य बच्चों को सहज व स्वाभाविक रूप से पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाएंगे। विद्यालय स्तर पर पर्यावरण पत्रिका, पर्यावरण कैलेंडर, दीवार अखबार के जरिए विद्यार्थियों में पर्यावरणीय संवेदना के अंकुर सहज रूप से रोपित किए जा सकते हैं। सामुदायिक स्तर पर पर्यावरणीय यात्राएं, क्रियात्मक शोध, पर्यावरण प्रदर्शनी, पर्यावरण मेले, नुक्कड़ नाटक तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे व्यक्तित्वों का साक्षात्कार जैसे क्रियाकलाप पर्यावरणीय जागरूकता का सशक्त माध्यम बन सकते हैं।

पर्यावरण संरक्षण हेतु सराहनीय योगदान दे रहे व्यक्तियों को विद्यालय व समुदाय के स्तर पर पर्यावरण प्रहरी, पर्यावरण मित्र, पर्यावरण संगी के रूप में चिह्नित कर सम्मानित किए जाने से समुदाय में सार्थक संदेश जाएगा। विद्यालय स्तर पर बच्चों के संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी पक्षों का सतत आकलन व मूल्यांकन किया जाता है। विद्यार्थियों में पर्यावरणीय संवेदना संबंधी मूल्य विकसित हो रहे हैं अथवा नहीं इसके लिए सैद्धांतिक पक्ष के साथ-साथ व्यवहारगत परिवर्तनों का भी नियमित अंतराल पर मूल्यांकन हो। इसके लिए परंपरागत मूल्यांकन के बजाय व्यावहारिक तरीकों पर काम करना होगा। इनके अंतर्गत बच्चों को दैनंदिनी में दिए गए कार्य का अवलोकन, तत्क्रम में उनकी दिनचर्या का अवलोकन, दैनिक वर्कशीट के आधार पर कार्य का संपादन, समूह व एकल गतिविधियों में सहभागिता, वीडियो /ऑडियो प्रेजेंटेशन के दौरान चर्चा में प्रतिभागिता, केसलेट डिस्कशन , न्यूजबुक बनवाना, पिक्चर शीट बनवाना जैसे तरीके कारगर साबित होंगे। विद्यार्थियों के समक्ष पर्यावरण मैत्रिक विद्यालय की अवधारणा प्रस्तुत कर तथा उनका सहयोग लेकर हम विद्यालयों को यह स्वरूप प्रदान कर सकते हैं।

विद्यालय पुस्तकालय में प्रमुख पर्यावरणविदों से संबंधित संदर्भ सामग्री, पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु दिए जाने वाले प्रमुख राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार तथा सम्मान, प्रमुख संगठन, सरकार द्वारा इस हेतु संचालित प्रमुख योजनाएं तथा प्रमुख कानूनों की जानकारी से संबंधित संदर्भ सामग्री जुटाकर हम विद्यार्थियों में पर्यावरण विषयक गहरी समझ पैदा कर सकते हैं। प्रमुख पर्यावरणीय संगठनों की वेबसाइट्स, ई-बुक्स, जर्नल्स इस क्षेत्र में बच्चों के ज्ञानवर्धन का महत्वपूर्ण स्रोत हो सकते हैं। इन संसाधनों के जरिए विद्यार्थी पर्यावरण के क्षेत्र में मौजूद करियर संभावनाओं से भी परिचित होंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 पर्यावरण शिक्षा को स्कूली पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग बनाने तथा स्कूली पाठ्यक्रम में पर्यावरण जागरूकता और इसके संरक्षण और सतत विकास के प्रति संवेदनशीलता के उचित एकीकरण पर जोर देती है। यह संभव हो इसके लिए आवश्यक होगा कि विद्यार्थियों में प्रारंभिक स्तर से ही पर्यावरणीय संवेदना के मूल्य विकसित किए जाएं ताकि वे भविष्योन्मुखी चिंताओं और चुनौतियों के समुचित समाधान के साथ आगे बढ़ें। स्वाभाविक ही है कि पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन हम सभी का सामूहिक दायित्व भी है और कर्तव्य भी। यह भी, कि यह संतुलित रहे इसकी चिंता हमें आज और अभी से करनी होगी। कल शायद बहुत देर हो जाएगी।

## प्रसंगवश

# हुनर कौन सिखाएगा



संजय वर्मा
इंदौर

**भारत ने इस लापरवाही की कीमत चुकाई है। आज भारत में काम करने वाले आबादी दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसे डेमोग्राफिक डिविडेंड कहते हैं, पर इन करोड़ों हाथों के लायक हमारे पास कोई काम नहीं है। उधर उद्योगपति शिकायत कर रहे हैं कि हमें प्रशिक्षित कामगार नहीं मिल रहे।**

बेटा आप बड़े होकर क्या बनोगे? यह सवाल आमतौर पर हर बच्चे से कभी न कभी पूछा जाता है। आपसे भी पूछा गया होगा और संभव है आपने जवाब में डॉक्टर इंजीनियर शिक्षक या हवाई जहाज का पायलट बनने की इच्छा जताई हो। पर सोचिए यदि आप जवाब में कहते-मैं बड़ा होकर एक कारपेंटर बनना चाहता हूं या मकान बनाने वाला मिस्त्री बनना चाहता हूं तब क्या होता? आपने यह जवाब नहीं देकर अपने बड़ों को एक बड़ी मुसीबत से बचा लिया।

असल में हमारे यहां पूरी शिक्षा व्यवस्था में बढ़ई, लोहार, दर्जी, मिस्त्री जैसे तमाम हुनर सिखाने के लिए किसी स्कूल में कोई व्यवस्था नहीं है। मजे की बात यह है कि बड़े होकर ज्यादातर बच्चे आज भी इन्हीं हुनर के इस्तेमाल से अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं। आज भी खेती के बाद ज्यादातर लोग जीवनयापन के लिए इसी तरह के छोटे-मोटे हुनर आधारित रोजगार करते हैं। हैरानी की बात है कि आजादी के 77 साल बाद भी किसी ने नहीं सोचा कि ये तमाम छोटे-मोटे रोजगार करने वाले लोग इसके लिए आवश्यक हुनर कहां से सीखेंगे? पहले हमारे पास इसके लिए वर्ण व्यवस्था थी, हम दावा करते हैं कि हमने उस घृणित वर्ण व्यवस्था को खत्म कर दिया, जो कहती थी सुतार का बेटा सुतार ही बनेगा, मगर सुतार बनने की शिक्षा स्कूलों में नहीं देने का सीधा मतलब उसी वर्ण व्यवस्था का समर्थन करना है, जो कहती है लोहार बनने के लिए आपको लोहार के घर में ही पैदा होना होगा। इस तरह हुनर को स्कूली शिक्षा में शामिल नहीं कर के एक तरफ तो हमने वर्ण व्यवस्था को समर्थन दिया, दूसरी तरफ रोजगार के संभावित अवसर खत्म कर दिए।

भारत ने इस लापरवाही की कीमत चुकाई है। आज भारत में काम करने वाले आबादी दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसे डेमोग्राफिक डिविडेंड कहते हैं, पर इन करोड़ों हाथों के लायक हमारे पास कोई काम नहीं है। उधर उद्योगपति शिकायत कर रहे हैं कि हमें प्रशिक्षित कामगार नहीं मिल रहे। भारत जिस जवान आबादी को डेमोग्राफिक डिविडेंड कह रहा है वह बेरोजगारों की एक बड़ी फौज बनकर तबाही भी ला सकती है। चीन की तरह की मैन्युफैक्चरिंग इकोनॉमी बनाने का सपना देखना अच्छी बात है, पर इसके लिए प्रशिक्षित कामगार कौन सा स्कूल बना रहा है, यह भी सोचना चाहिए। सोचना चाहिए कि क्यों हमने हुनर को स्कूली शिक्षा में जगह नहीं दी। शायद यह भी वर्ण व्यवस्था की वजह से हुआ, जिसने हमारे समाज में दिमाग का काम करने वालों को ऊंचे स्थान पर और हाथ का काम करने वालों को सबसे नीचे स्थान पर रखा।

इसका परिणाम यह हुआ कि वे लोग जो हाथ का काम करते हैं वह भी अपने बच्चों को इस रोजगार से दूर रखना चाहते हैं, उन्हें ऑफिस का चपरासी बनना मंजूर है, लेकिन एक सफल टेक्नीशियन बनना नहीं, जिसमें चपरासी की नौकरी के मुकाबले कहीं अधिक पैसा है। किसी खास काम को समाज कितना पारिश्रमिक या कितना सम्मान देगा यह एक जटिल प्रश्न है। कभी-कभी इसके पीछे उस काम को करने में लगने वाली मेहनत या योग्यता के अलावा सामाजिक इतिहास के कारण भी होते हैं। हमारे यहां हाथ के काम करने वालों को ज्यादा मेहनत करने के बावजूद हमेशा से कम पैसा दिया जाता है। तमाम विकसित देशों में दिमाग और हाथ का काम करने वालों के बीच तनख्वाह का फर्क अधिकतम तीन गुना होता है, जबकि हमारे यहां यह हजारों गुना है।

वजह जो भी हो अब समय आ गया है कि भारत के स्कूलों में पढ़ाई जाने वाले निरर्थक सूचनाओं को रटवाने के बजाय बच्चों को हाथ के हुनर सिखाए जाएं ताकि वे कम से कम अपने लिए एक छोटा-मोटा रोजगार ढूंढ सकें। वैसे भी साइन थीटा, कॉस थीटा पढ़कर आपने आखिर इसका क्या इस्तेमाल किया?

# बजट से मध्यम वर्ग की उम्मीदें



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

**साइबर सुरक्षा उपाय-व्यक्तिगत डेटा और ऑनलाइन लेनदेन की सुरक्षा के लिए उन्नत साइबर सुरक्षा उपाय एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है।**

2024 का पूर्ण केंद्रीय बजट 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया जाना है। भारतीय मध्यम वर्ग उन उपायों को देखने के लिए उत्सुक है, जो सीधे उनकी वित्तीय और जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करेंगे। मध्यम वर्ग अपनी जरूरतों और अपेक्षाओं के बारे में बात कर रहा है। विशेष रूप से कोविड-19 महामारी, बढ़ती मुद्रास्फीति और वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में बदलाव से उत्पन्न आर्थिक चुनौतियों के आलोक में।

आयकर में राहत : टैक्स स्लैब का संशोधन-सबसे महत्वपूर्ण उम्मीदों में से एक आयकर स्लैब में संशोधन है। मध्यम वर्ग उच्च बुनियादी छूट सीमा की तलाश में है, जो वर्तमान में 60 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों के लिए 2.5 लाख रुपये है। 5 लाख रुपये तक की बढ़ोतरी से पर्याप्त राहत मिलेगी, जिससे करदाताओं के हाथों में अधिक प्रयोज्य आय आएगी। स्टैंडर्ड डिडक्शन में बढ़ोतरी-मानक कटौती, जिसे 2018 में फिर से शुरू किया गया था और वर्तमान में 50,000 रुपये है, एक और क्षेत्र है, जहां मध्यम वर्ग वृद्धि चाहता है। इसे बढ़ाकर 1 लाख रुपये करने से जीवनयापन की बढ़ती लागत और चिकित्सा खर्चों की भरपाई करने में मदद मिलेगी। आवास और रियल एस्टेटः गृह ऋण पर ब्याज कटौती- संपत्ति की कीमतें बढ़ने के साथ, मध्यम वर्ग को धारा 24 (बी) के तहत होम लोन के ब्याज पर कटौती की सीमा 2 लाख से बढ़कर 3 लाख रुपये होने की उम्मीद है। इस बदलाव से घर मालिकों पर वित्तीय बोझ काफी कम हो जाएगा और रियल एस्टेट क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। शिक्षा एवं कौशल विकास : शिक्षा ऋण पर कर लाभ- मध्यम वर्ग धारा 80 ई के तहत शिक्षा ऋण पर बेहतर कर लाभ का इच्छुक है। कटौती की अवधि बढ़ाने और कटौती योग्य राशि बढ़ाने से उच्च शिक्षा लागत के वित्तीय तनाव को कम किया जा सकता है।

स्वास्थ्य देखभाल : वर्तमान कटौती सीमा व्यक्तियों के लिए 25,000 रुपये और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50,000 रुपये है। इन सीमाओं को क्रमशः 50,000 और 1 लाख रुपये तक बढ़ाने से मध्यम वर्गीय परिवारों को अपनी स्वास्थ्य देखभाल लागत को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिलेगी। सामाजिक सुरक्षा और सेवानिवृत्तिः राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस)- एनपीएस के तहत कर लाभ बढ़ाने से अधिक मध्यम वर्ग के व्यक्तियों को अपनी सेवानिवृत्ति में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। ईपीएफ और पीपीएफ लाभ-कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) और सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) पर उच्च ब्याज दरें अपेक्षित हैं। इसके अतिरिक्त, मध्यम वर्ग को इन योजनाओं के लिए अधिकतम योगदान सीमा में बढ़ोतरी की उम्मीद है। उपभोक्ता वस्तुएं और सेवाएं : जीएसटी दर का युक्तिकरण-आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को तर्कसंगत बनाना एक बड़ी उम्मीद है। घरेलू उपकरणों, व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों और अन्य दैनिक आवश्यकताओं जैसी वस्तुओं पर जीएसटी कम करने से जीवनयापन की कुल लागत कम हो जाएगी। छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप के लिए सहायता : एमएसएमई क्षेत्र का समर्थन- मध्यम वर्ग का एक बड़ा हिस्सा छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप में लगा हुआ है। ऋण तक आसान पहुंचकर प्रोत्साहन और सरलीकृत अनुपालन प्रक्रियाओं सहित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र के लिए बेहतर समर्थन अपेक्षित है। महिला उद्यमियों के लिए सहायता-महिला उद्यमियों के लिए बढ़ा हुआ समर्थन, जिसमें क्रेडिट, मेंटरशिप प्रोग्राम और बिजनेस अनुदान तक पहुंच शामिल है, अधिक मध्यम वर्ग की महिलाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने और बढ़ाने के लिए सशक्त बना सकता है। जलवायु परिवर्तन और सतत जीवन। साइबर सुरक्षा उपाय-व्यक्तिगत डेटा और ऑनलाइन लेनदेन की सुरक्षा के लिए उन्नत साइबर सुरक्षा उपाय एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है। मध्यम वर्ग साइबर खतरों से सुरक्षा के लिए मजबूत नीतियां चाहता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024 के लिए केंद्रीय बजट पेश करने की तैयारी कर रही हैं, मध्यम वर्ग एक ऐसे बजट की प्रतीक्षा कर रहा है, जो उनकी मूल चिंताओं और आकांक्षाओं को संबोधित करता हो। आयकर राहत, किफायती आवास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल में सुधार और मजबूत सामाजिक सुरक्षा उपाय उनकी अपेक्षाओं में सबसे आगे हैं। इन उम्मीदों के अनुरूप बजट न केवल मध्यम वर्ग का उत्थान करेगा, बल्कि राष्ट्र के समग्र विकास में भी योगदान देगा।

## सोशल फोरम

# कवि के घर चोरी का प्रायश्चित



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

चोर ने लिखा-पता होता, कवि का घर है तो चोरी नहीं करता-इस घटना पर बहुत से मित्र लिख चुके हैं। फिर भी मुझे जरूरी लगा कि कुछ कहा जाए। मराठियों में जातीय चेतना बंगालियों से कम नहीं है। उद्धत भावना कुछ ज्यादा ही है, लेकिन वह तभी आक्रामक होती है जब उसे उकसाया या मर्माहत किया जाता है।

जातीय चेतना का नतीजा है कि मराठी भाषी राजनीतिज्ञ भी भाषा और साहित्य के सम्मेलनों में अवश्य जाते हैं। किसी समय महाराष्ट्र, खासकर मुंबई, फिल्मों का ही नहीं, नाटक, रंगमंच और साहित्य का बड़ा केंद्र था। यह इप्टा (जन नाट्य संघ) और प्रगतिशील लेखक संघ का युग था। इस आंदोलन ने दो महान काम किए। एक, जनजागरण में महती भूमिका निभाई, दो, जाति-धर्म के बंटवारे से परे सभी कलाकारों को समान महत्व और पहचान दी। जिस मराठी कवि नारायण सुर्वे के घर चोरी हुई, वे प्रगतिशील आंदोलन की देन थे। जैसे शंकर शैलेंद्र थे। वे महाराष्ट्र में इतने लोकप्रिय थे कि उनके काव्यपाठ में डेढ़-दो लाख लोग सुनने आते थे। न बताया जाए तो पता ही न चलेगा कि वे अत्यंत निम्न वर्ण से आते थे, लेकिन उनका सामाजिक सम्मान आज भी कितना है, यह इसी से जाहिर है कि जब चोर को मालूम हुआ कि उसने नारायण सुर्वे के घर पर चोरी की है तो वह सामान लौटा गया। रामविलास शर्मा की दोस्ती नारायण सुर्वे से वैसी ही थी जैसी शैलेंद्र से।

स्टालिन के निधन के बाद सोवियत संघ में उनके खिलाफ प्रचार शुरू हुआ। शैलेंद्र आगरा जाकर रामविलास जी से मिले। मुंबई (तब बंबई) की एक जनसभा में रामविलास जी मौजूद थे। नारायण सुर्वे को कविता पढ़नी थी। पार्टी नेताओं को उसके बाद बोलना था। दो लाख श्रोता उपस्थित थे। उनकी आंखों देखी लोकप्रियता का वर्णन रामविलास जी से मैंने एकाधिक बार सुना था। जातीय चेतना और सांस्कृतिक प्रभाव मनुष्य को अंदर से बदल देते हैं। चोरी तो जीवन की विडंबनाओं और विवशताओं का नतीजा है, लेकिन यह नैतिकता सांस्कृतिक प्रभाव की देन है, जिसके चलते चोर अपनी भाषा के एक महान कवि के घर चोरी का प्रायश्चित करता है।

**-फेसबुक वॉल से**

# निर्णय वापसी से क्या असंतोष मिट गया



डॉ . अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षकों की स्कूलों में समय से उपस्थिति की अनिवार्यता का आदेश वापस ले लिया गया, क्योंकि यह एक बड़ा राजनैतिक मुद्दा बनने को अग्रसर हो चुका था। समाजवादी पार्टी के मुखिया ने इसका मुखर विरोध करना शुरू कर दिया था। शिक्षकों का एक विशाल वोट बैंक है। सोशल मीडिया पर ऐसी तमाम पोस्ट अपडेट होती रहीं, जिसमें कहीं यह फैसला सरकार वापस न ले ले इसके विरुद्ध वातावरण बनाया जाता रहा। उनका प्रकारांतर से यही मकसद था कि शिक्षकों के असहयोग को निरंतर हवा दी जाए और विधानसभा के आसन्न चुनावों तक मामले को खींचा जाए, जिससे भाजपा को चुनाव में इसकी हानि उठानी पड़े। आखिर उनके मन की नहीं हुई और फिलहाल सरकार को इस निर्णय से पीछे हटना पड़ा, किंतु क्या सरकार के इस निर्णय के वापस ले लेने से भाजपा को जो संभावित हानि होती वह दुर्संभावना टल गई? मेरी और मेरी तरह की सोच रखने वाले बहुत से लोग इस निर्णय से निराश हुए हैं।

दरअसल राजनीति में समझौतावादी रवैया या तुष्टिकरण के हानि लाभ दोनों रहे हैं। मगर कभी-कभी ये नुस्खे बैकफायर भी करते हैं और लाभ के बजाय नुकसान कर जाते हैं। भाजपा अपने दृढ़ निश्चयों के कारण जानी जाती रही है। खासकर उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी की उनके कठिन निर्णयों के चलते एक बड़ी फैन फॉलोविंग है। चाहे वह शाहीन बाग पर भाजपा के अनिर्णय का ढुलमुल रवैया रहा हो या किसानों से संबंधित एक प्रगतिगामी अधिनियम को दबाव में आकर वापस लेने का, एक बड़े जन समुदाय (किसान समाहित) को यह रास नहीं आया था। फैसले वापस ही क्यों लिए जाएं यदि वे सोच समझ कर लिए जाएं। एक बार कोई निर्णय लेकर मुकरना तो कमजोरी ही दर्शाता है। भाजपा प्रशंसक इससे निराश ही होते हैं। उन्हें तो एक ऐसे राजनीतिक दल में अपना आदर्श दिखता है, जो आक्रामकता के साथ जनहित और राष्ट्रहित के मुद्दों को अमली जामा पहनाए। ढुलमुल नीति से तो नुकसान ही होता लगता है।

शिक्षकों की समय से डिजिटल उपस्थिति का निर्णय यदि सुचिंतित था तो उसे वापस लेने का क्या औचित्य था? क्या इससे शिक्षकों का नाजायज असंतोष मिट गया? नहीं, वे अब भी इस निर्णय को सरकार की मजबूरी समझकर पूरी उग्रता से राजधानी लखनऊ में इकट्ठा होने को लामबंद हो रहे हैं। भाजपा नीत सरकार ने उनकी समय से उपस्थिति को सुनिश्चित करने की दिशा में एक दृढ़ निश्चय का जो उपक्रम किया था तमाम अभिभावक, आमजन इससे खुश था और यह एक सही कदम था। सही निर्णय था। इसे वापस लेने से सरकार को झुक जाने का ही प्रतिकूल संदेश गया है। जब सभी लोकसेवकों को समय से उपस्थित रहने की अनिवार्यता है तो क्या प्राथमिक शिक्षक लोकसेवक नहीं हैं? उन्हें अपवाद क्यों माना जाए? आखिर जनता के टैक्स से वे भी एक अच्छी खासी सैलरी पाते हैं। सरकारें ऐसे ही झुकती रहीं तो कितने ही जनहित के सही दिशा में लिए गए फैसले खटाई में पड़ते जाएंगे।

# रावण का यह रूप भी



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लंकापति रावण का सीता हरण वाल रूप ही बहु प्रचलित है और इसके परिणामस्वरूप प्रतिवर्ष उनकी प्रतिमा बनाकर जलाने की परंपरा चल पड़ी है। यह मात्र एक नकारात्मक पहलू है। दरअसल रावण में अनेक गुण भी थे और उन्होंने संसार को काफी कुछ दिया भी है, किंतु इन सकारात्मक पहलुओं को लोग विस्मृत किए हुए हैं। रावण परम विद्वान, उत्तम कुल के ब्राह्मण और पुलस्त्य ऋषि के नाती थे। वे परम शिव भक्त थे, अपने समय के सर्वश्रेष्ठ शैव थे वे। वे चार वेद और छह शास्त्र के ज्ञाता थे, इसीलिए उन्हें दशानन कहा गया। उनका विग्रह बनाते समय दश शीशों के ऊपर एक गधे का शिर भी बनाया जाता है। इसका अर्थ है कि वे पांचवें वेद मान्य आयुर्वेद में भी पारंगत थे। गद का अर्थ है रोग और 'हा' से अभिप्राय है "हरण करने वाला" यानी वैद्य! गदहा का मतलब चिकित्सक से है और इसी को विकृत करके गधे का शिर उनके ऊपर लगा दिया जाता है।

रावण ने प्रसिद्ध "शिव तांडव" स्तोत्र लिखा, जो शिव जी की दो प्रसिद्ध स्तुतियों में से एक है। दूसरी स्तुति है "शिव महिम्न" जिसे आचार्य पुष्पदंत ने प्रणीत किया। रावण ज्योतिष के प्रकांड विद्वान थे और उनकी "रावण संहिता" ज्योतिष, हस्तरेखा आदि पर संसार का मार्गदर्शन कर रही है। उन्होंने 'नाड़ी परीक्षा', 'कुमार तंत्र', 'दस पटलात्मक' आदि आयुर्वेद ग्रंथ लिखे, जैसा कि ऊपर बताया गया है। उनका 'दस शतात्मक अर्क प्रकाश' ग्रंथ चिकित्सा और तंत्र दोनों पर है। वे महान तांत्रिक भी थे। कुल मिलाकर उन्होंने 13 ग्रंथ सृजित किए। शिव जी के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रसिद्ध "वैद्यनाथ धाम" के स्थापक रावण ही हैं, जो देवघर झारखंड में विराजमान हैं। इन्हें रावणेश्वर भी कहते हैं।

कंबन रामायण (इरामावतारम्) के अनुसार श्रीराम द्वारा 'रामेश्वरम्' ज्योतिर्लिंग की स्थापना के समय पौरोहित्य कर्म रावण ने ही किया था और यजमान राम को "विजयी भव" का आशीर्वाद भी दिया था। राम ने जामवंत को भेजकर उन्हें पुरोहित बनने का सादर आमंत्रण भेजा था, क्योंकि उन्हें स्थापना सबसे बड़े शिव भक्त पंडित से ही करवानी थी और यह शर्त रावण ही पूरी करते थे। मध्य प्रदेश के विदिशा के रावण ग्राम व कानपुर के शिवाला, राजस्थान के कोटा में रावण के मंदिर और मूर्तियां हैं, जिनकी यथा समय पूजा होती है। कानपुर के शिवाला में सैकड़ों साल पहले महाराज गुरु प्रसाद शुक्ल ने रावण की मूर्ति स्थापना करवाई थी, जिसकी पूजा वर्ष में एक बार दशहरे के दिन ही होती है। मान्यता है कि रावण ने देवी छिन्नमस्ता को प्रसन्न कर लिया था और उन्होंने वरदान दिया था कि 'मेरी पूजा तभी पूर्ण होगी, जब रावण की भी पूजा की जाएगी'।

## एक नजर

### मेला देखकर लौट रहे युवक की हादसे में मौत

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** भौआ बाजार में मोहर्रम का मेला देखने के गांव परसरामपुर के मोहम्मद उमर का बेटा मोहम्मद अयान (20) बाइक से अपने साथी मोहम्मद आरिफ के साथ गया था। शाम को लौटते समय जागी डंडी की मोड़ पर अज्ञात वाहन ने सामने से टक्कर मार दी, जिसमें मोहम्मद अयान की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना से घर में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी निरीक्षक परमेश्वरी मौके पर पहुंचीं और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। अयान तीन भाई और पांच बहन हैं माता रुखसाना बेगम का रो-रो कर बुरा हाल है।

### गोवंशीय पशु से टकराकर कार क्षतिग्रस्त

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग पर गाय से टकराकर कार क्षतिग्रस्त हो गई, गाय भी घायल हो गई। लविस कुमार कार से परिवार सहित मुरादाबाद से आजमगढ़ जा रहे थे। टोल प्लाजा से गुजरने के बाद थोड़ी दूरी पर डिवाइडर के बीच में बैठी गाय अचानक कार के सामने आ गई। कार नियंत्रित नहीं हो सकी और गाय से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर एनएचआई टीम मौके पर पहुंची और कार को हाईवे से साइड में कराके, गाय का इलाज कराया।

### ससुराल से लौटकर युवक ने की खुदकुशी

**मानपुर, अमृत विचार :** ससुराल से लौटकर एक किशोर ने कमरे में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मानपुर के रुस्तमनगर निवासी सत्यपाल (22) के पिता सियाराम ने बताया कि उसकी शादी दो साल पहले थाना देवरनिया के गांव सेड़ा से धर्मवीर की बेटी शिवानी से हुई थी। तब से वह ज्यादातर ससुराल में ही रहता था। गुरुवार दोपहर वह घर लौटकर आया और कमरे में चला गया। दरवाजा बंद कर लिया कुछ आहट होने पर उन्होंने झांककर देखा तो वह रस्सी के फंदे पर झूल रहा था। शोर मचाने पर पहुंचे बड़े बेटे ने दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजन आत्महत्या की वजह नहीं बता सके। ग्रामीणों ने बताया कि सत्यपाल ने लव मैरिज की थी। शादी के बाद से ही पति -पत्नी में विवाद होता रहता था। आशंका जताई जा रही है, उसने इसी से परेशान होकर खुदकुशी की हो। इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टता गृह क्लेश के चलते युवक ने आत्महत्या की है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

### फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने पकड़ी 12 पेटी शराब

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** आबकारी टीम और फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने संयुक्त रूप से चैकिंग कर 134 बोतल 12 पेटी हरियाणा निर्मित शराब और एक ट्रक के साथ एक युवक को पकड़ा, जिसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। निरीक्षक आबकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह और प्रभारी निरीक्षक थाना फतेहगंज पश्चिमी ने ठिरिया खेतल टोल प्लाजा के पास मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान एक ट्रक के लिए जांच रोका गया। ट्रक में परचून के सामान लदा हुआ था। जिसका बिल्टी व बिल राजहंस ट्रासपोर्ट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड गाजियाबाद के नाम से गाजियाबाद से पटना के लिए बुक किया गया था। इसी सामान के बीच कुल 12 पेटी 134 बोतल अवैध हरियाणा निर्मित शराब बरामद हुई। वाहन चालक के पास शराब से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। चालक मेराज निवासी कस्बा ग्राम बहेरी थाना कोतवाली जनपद बलिया बताया।

### सड़क दुर्घटना में चार गोवंशीय पशुओं की मौत

**भोजीपुरा, संवाददाता :** नैनीताल हाईवे पर अटामांडा के पास सड़क हादसे में चार गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई। मृत पशुओं को देख हिंदूवादी संगठनों ने हंगामा किया, मौत की पुष्टि के लिए पोस्टमार्टम कराया गया, रिपोर्ट में पशु डॉक्टर ने दुर्घटना से मौत का कारण बताया है। भोजीपुरा में नैनीताल हाईवे पर अटामांडा के पास बुधवार सुबह चार संरक्षित पशु मृत अवस्था में पड़े मिले। सूचना पर गोरक्षक दल की टीम मौके पर पहुंची। पशु चिकित्सा अधिकारी ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई करने के बाद तत्काल रिपोर्ट दे दी।

### चालक का मोबाइल और नकदी चोरी

**बहेड़ी, अमृत विचार :** देवरनियां के गांव इमरती इमरता निवासी सोमपाल निकटवर्ती गांव गुड़वारा के एक पेट्रोल पंप पर ड्राइवर की नौकरी करता है। 3 जुलाई की सुबह करीब 4 . 30 बजे वह पंप पर सो रहा था। इसी बीच एक चोर उसकी मोबाइल और 15 हजार रुपये लेकर भाग गया। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज निकलवाने पर चोर की पहचान रिछा के मोहल्ला घेर वार्ड पांच निवासी रिजवान उर्फ गुड्डू के रूप में हुई।

# सुबह काम पर गए हलवाई का शाम को मिला जला हुआ शव

## परिजन पहले शव ले गए घर, बाद में पुलिस को दी सूचना

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** सुबह घर से काम के लिए निकले एक हलवाई का शाम के समय एक बाग के समीप जला हुआ शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

नगर के मोहल्ला भुर्जी टोला निवासी रेखा ने बताया कि उसका पति रवि कुमार (30) हलवाई का काम करते थे। गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे वह घर से काम करने बाहर गए थे। शाम करीब 6 बजे गोकुलधाम कॉलोनी के समीप एक आम के बाग में वह जली हुई हालत में मिले। बाग में खेल रहे बच्चों ने देखा तो यह जानकारी परिजनों को दी तो उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने देखते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। पहले परिजन उसके शव को घर ले गए। बाद में मृतक की पत्नी की सूचना पर पोस्टमार्टम कराने को सहमत हो गए। मोहल्लेवासियों ने बताया कि मृतक के परिवार में उसकी पत्नी, दो बेटे और एक बेटा है। कस्ब चौकी इंचार्ज मोहित चौधरी ने बताया कि मृतक का शव जला हुआ मिला है। पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



मृतक के परिजनों से जानकारी लेते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार



● बाग में खेल रहे बच्चों ने देखा शव तो परिजनों को दी जानकारी

# मारपीट में घायल किसान की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, भुता

● दो फुट जमीन के लिए दबंगों ने 10 दिन पहले की थी मारपीट

**अमृत विचार :** जमीन के विवाद में हुई 10 दिन पहले मारपीट में घायल किसान की इलाज के दौरान बुधवार रात को मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

ग्राम जीही निवासी कन्हैया लाल के मकान के पीछे जमीन पड़ी हुई है। मृतक कन्हैया के बेटे इंद्रपाल का आरोप है कि गांव के ही राजू, पिंकू, टिंकू, डब्लू दो फीट जमीन पर ज्यादा कब्जा करना चाहते थे। उसके पिता ने विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें लाठी -डंडों से पीट दिया। बीच- बचाव में आई मृतक की पत्नी गीता और दिव्यांग बहन सावित्री से भी गाली गलौज कर मारपीट की। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों को बचाया। इंद्रपाल ने थाने में तहरीर दी थी, पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इसी बीच बुधवार रात को कन्हैयालाल की मौत हो गई। परिजनों ने आरोपियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की। थाना अध्यक्ष सतीश कुमार का कहना है कि पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### जीजा के घर रह रहे युवक की गला दबाकर हुई थी हत्या

**भोजीपुरा, संवाददाता, अमृत विचार :** जीजा के घर रह रहे युवक की गला दबाकर हत्या की गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उसकी मौत की वजह स्पष्ट हो गई। धौंराटांडा निवासी कढेराम गुप्ता ने बताया कि वह 15 जुलाई को घर लौटे तो उन्हें साला बंटी मृत अवस्था में मिला, उन्होंने इसकी सूचना उसके परिजनों को देने के साथ ही अंतिम संस्कार की तैयारी में जुटे थे, इसी बीच बंटी की भाभी ने हत्या का आरोप लगाकर पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने परिजनों की मांग पर पोस्टमार्टम कराया, रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट हो गया।

# किसानों की फसल नष्ट करने वाले ताजियेदारों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, भोजीपुरा

● खेत से निकलने का विरोध करने पर किसानों से की थी मारपीट

**अमृत विचार :** निर्धारित रूट छोड़कर किसानों की फसल नष्ट करने विरोध पर मारपीट और पथराव करने के मामले में पुलिस ने पीड़ितों की ओर से अज्ञात ताजियेदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस हिरासत लिए गए युवकों से पूछताछ कर रही है। भोजीपुरा के गांव चौपारा शुमाली के ताजिया कस्बा धौंराटांडा की कर्बला पर जाते हैं।

बुधवार को चौपारा के ताजिएदार जटौआ होकर धौंराटांडा जा रहे थे, ताजियेदारों ने निर्धारित चकरोड का रास्ता छोड़कर जटौआ के किसान कृष्णपाल और प्रवेश कुमार की धान, गन्ने की फसल में सैकड़ों लोग ताजिया लेकर घुस गए। भीड़ ने धान व गन्ने की फसल को तहस नहस कर दिया। किसानों ने विरोध किया तो ताजियेदारों की भीड़ ने दौड़ा लिया। किसान कृष्णपाल और प्रवेश कुमार की पिटाई की। कृष्णपाल को ईंटें मारी और प्रवेश का गला दबाकर मारने की कोशिश की। जैसे तैसे बचकर भागते तो भीड़ ने घर पर पथराव कर दिया। सूचना पर सीओ हाईवे नितिन कुमार और थानाध्यक्ष भोजीपुरा रामरतन सिंह मौके पर पहुंचे। तभी ताजियेदार ताजिया लेकर धौंराटांडा की कर्बला पर पहुंच गए। पुलिस ने देर रात पीड़ित किसान कृष्णपाल की ओर से अज्ञात ताजियेदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थानाध्यक्ष भोजीपुरा रामरतन सिंह ने बताया कि माहौल खराब करने वाले लोगों की पहचान कर शीघ्र कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मोहर्रम में पत्थरबाजी के विरोध में व्यापारियों ने बंद रखीं दुकानें

संवाददाता, अलीगंज

**अमृत विचार :** मोहर्रम पर डीजे को लेकर अलीगंज में हुए बवाल के बाद गुरुवार को शांति रही। दुकानदारों ने पत्थरबाजी के विरोध में गुरुवार को दुकानें बंद रखीं। अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन देकर दुकानें खोलने को कहा। मोहर्रम के जुलूस के दौरान सुबह से ही छुटपुट घटना होती रही। जिसे थानाध्यक्ष और एसडीएम बात करके समझाते हुए निकलवाते रहे।

दोपहर बाद बाहर के बड़े डीजे को देखकर मामला बिगड़ गया, पुलिस ने डीजे को पकड़कर कस्बे से बाहर कर दिया। जिसके बाद मोहर्रम में आए लोगों ने पथराव कर दिया, थाने के पास खड़ी उपनिरीक्षक की गाड़ी के शीशे को भी तोड़ दिया। जिस पर प्रशासन ने सूझबूझ से मामला शांत कराया। गुरुवार सुबह व्यापारियों ने दुकान पर हमला करने के विरोध में बाजार बंद रखी। व्यापारी मनु गुप्ता, राजेश, गोपाल, विकास समेत अन्य ने एसडीएम नहनेराम, सीओ नीलेश मिश्र, थानाध्यक्ष अजय कुमार को शिकायती पत्र देकर दुकान पर पत्थर मारने वालों पर कार्रवाई की मांग की। एसडीएम और सीओ ने व्यापारियों से कहा कि आप लोग निश्चित रहे प्रशासन जांच के बाद कार्रवाई करेगा आप लोग दुकानें खोले, लेकिन देर रात तक दुकानें नहीं खुली।



अलीगंज में पत्थरबाजी के विरोध में बंद दुकानें। ● अमृत विचार

● एसडीएम -सीओ ने व्यापरियों को दिया कार्रवाई का आश्वासन

### शराब के पैसे मांगने पर दबंगों ने सेल्समैन को पीटा

**फरीदपुर अमृत विचार :** दबंगों ने देसी ठेके शराब खरीदी सेल्समैन ने जब शराब के पैसे मांगे तो दबंगों ने गाली देते हुए लोहे की रॉड से पीटकर उसे लहूलुहान कर दिया। फरीदपुर के मोहल्ला कानूनगोयान निवासी राजेश कुमार जायसवाल बीसलपुर रोड मोड़ पर स्थित देसी शराब के ठेके पर सेल्समैन हैं। गुरुवार दोपहर दुकान पर अंकुर निवासी कानूगोयान, दिनेश निवासी लाइन पार और हिमांशु निवासी पीलीभीत पहुंचे और शराब के पौवे खरीदे और वहीं पर शराब पी। जब सेल्समैन ने पैसे मांगे तो वे ऑनलाइन पेमेंट करने को कहने लगे लेकिन पेमेंट नहीं हुआ। तभी सेल्समैन से कुछ कहासुनी हो गई, जिससे आग बबूला होकर तीनों ने दो अज्ञात साथियों ने मिलकर उसे मारापीटा जिससे वह लहूलुहान हो गया। सेल्समैन का पुत्र शेखर पिता को साथ लेकर फरीदपुर कोतवाली पहुंचा और लिखित तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल कराकर कानूनी कार्रवाई शुरू की।

### बाढ़ से नुकसान का सर्वे करने पहुंची टीम

**कैंट, अमृत विचार :** नकटिया नदी में आई बाढ़ से ब्लॉक क्यारा और बिथरी चैनपुर के कई गांवों में हजारों बीघा खरीफ की फसल नष्ट हो गई। तहसील सदर से पहुंची राजस्व टीम ने बाढ़ प्रभावित खेतों का निरीक्षण किया। एसडीएम सदर गोविंद मौर्य ने निरीक्षण करने गई टीम से बाढ़ प्रभावित गांवों में नुकसान की रिपोर्ट मांगी है, ताकि किसानों को नुकसान का मुआवजा दिलाया जा सके। बिथरी ब्लॉक के कुछ गांवों में हुई फसल हानि और मकान हानि के करीब 30 लोगों के प्रस्ताव एसडीएम सदर ने शासन को भेजे हैं। क्यारा, जगतपुर, पीपल गौटिया, गुलाब नगर, हिंडौलिया भोलापुर, नवीनगर, हरदुआ, मानपुर चिकटिया, मोहनपुर मसीतगंज गौटिया समेत दर्जनों गांवों की फसलें बाढ़ से प्रभावित हुई हैं।एसडीएम सदर गोविंद मौर्य का कहना है कि नायब तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व टीम ने ब्लॉक क्यारा के बाढ़ प्रभावित गांवों तथा खेतों का निरीक्षण किया है। शीघ्र रिपोर्ट शासन को भेजकर पीड़ितों को मुआवजा दिलाया जाएगा।

## प्रमोद हत्याकांड की गुत्थी उलझी

**फरीदपुर, अमृत विचार:** प्रमोद हत्याकांड की गुत्थी उलझ गई है। पुलिस की प्राथमिक जांच में नामजद आरोपियों की भूमिका नहीं मिली है। जबकि, घटनास्थल से बरामद मोबाइल की जांच की जा रही है। पीलीभीत के बरखेड़ा निवासी प्रमोद उर्फ दयालू (46) कस्बे में बेटी के घर रहते थे। मंगलवार सुबह 9 बजे प्रमोद साथियों के साथ गए, देर रात तक नहीं लौटे।

चेहरे और सिर पर ईंट से वार कर उनकी हत्या की गई थी। बेटी कोमल जोशी ने मोहल्ले के ही संजीव उर्फ पकौड़ी, बंटी और अनिल जोशी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पता चला कि उनकी भूमिका हत्याकांड में नहीं है। घटना के खुलासे के लिए एसओजी की टीम भी लगाई गई है। पुलिस को घटनास्थल पर एक मोबाइल मिला था, जो नामजद लोगों में से किसी का नहीं है।

# केंद्रीय मंत्री गडकरी ने रेलवे फाटक के ओवरब्रिजों के निर्माण का लिया संज्ञान

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

● सांसद ने परिवहन मंत्री को भिटौरा, धनेटा, सिंधौली रेलवे फाटक की समस्या बताई थी

**अमृत विचार :** बरेली के भिटौरा, धनेटा,सिंधौली रेलवे फाटक से गुजरने वालों के लिए अच्छी खबर है। ट्रेनों के गुजरने के दौरान अब घंटों लगने वाले जाम से निजात मिल जाएगी।

सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार के तीनों रेलवे क्रॉसिंग पर उपरगामी सेतु निर्माण के आग्रह पत्र को केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने संज्ञान लेने के बाद संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर दिया है। नेशनल हाईवे से क्षेत्रों की ओर जाने वाले रोड पर बने भिटौरा, धनेटा, सिंधौली रेलवे फाटक पर ट्रेन गुजरने के दौरान राहगीरों को गेट खुलने का इंतजार करना पड़ता है । कई बार एक से अधिक ट्रेने गुजरने से दोनों तरफ लंबा जाम लग जाता है। जाम में एंबुलेंस फंसने से कई बार मरीजों ने दम तोड़ दिया है। आए दिन बाइक सवार जल्दबाजी के चक्कर में फाटक बंद के दौरान नीचे से गुजरते समय हादसे का शिकार हो जाते है।

इन तमाम समस्याओं को देखते हुए सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने 8 जुलाई को परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के निवास पर पहुंचकर तीनों रेलवे क्रॉसिंग पर ऊपर गामी सेतु का निर्माण कराने का आग्रह किया गया था।जिसका संज्ञान लेते हुए केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है। इसके साथ ही सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार को भी पत्र भेजकर अवगत कराया गया है।

## गहलुइया में सात दिन से ट्रांसफार्मर फुंका

**शेरगढ़ ,अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव गहलुइया में लगे दो विद्युत ट्रांसफार्मर एक सप्ताह से फुंके पड़े हैं, जिसके चलते आधे गांव के लोगों को परेशानी हो रही हैं। ग्रामीणों ने अति शीघ्र ट्रांसफार्मर बदलवाकर बिजली आपूर्ति सही करने की मांग की ।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में चार ट्रांसफार्मर लगे हैं। जिसमें दो ट्रांसफार्मरों से 50 घरों को बिजली आपूर्ति होती है, जबकि शेष गांव की आबादी को बाजार और प्राथमिक विद्यालय के निकट लगे दो ट्रांसफार्मरों से बिजली मिलती है, जो सात दिनों से फुंके हैं, इससे आधे गांव में लोगों को परेशानी हो रही हैं। गुरुवार को बिजली अव्यवस्था से झल्लाए ग्रामीणों ने विद्युत ट्रांसफार्मर पर एकत्र हो बिजली महकमे के प्रति नाराजगी जताते हुए अति शीघ्र बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। जेई विक्रम सिंह का कहना है कि फुंके ट्रांसफार्मरों को बदलवाने के लिए पांच दिन पहले मांग भेज दी गई है। नया ट्रांसफार्मर लगवाकर अति शीघ्र बिजली व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी।

# सड़क निर्माण से पहले पुलिया धंसी

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत, विचार :** कई गांवों को जोड़ने वाली पुलिया सड़क निर्माण से पहले क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिया का निर्माण भुता -फरीदपुर मार्ग पर सड़क बनने के बाद पदारथपुर गांव के पास हुआ। तीन माह बाद ही पुलिया धंस गई, इससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई साल बाद सड़क का निर्माण शुरू हुआ, लेकिन पुलिया धंस गई। गनीमत है कि लोगों के पास वैकल्पिक मार्ग नहर से है, जिससे लोग आवागमन कर रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया निर्माण के दौरान पर्याप्त मात्रा में मेटेरियल नहीं डाला गया, जिसके कारण यह पुलिया धंस गई। लोगों ने अधिकारियों से मांग की है कि वे इस मामले की जांच कर कार्रवाई की जाए।इस मामले में पीडब्ल्यूडी के जेई का फोन नहीं उठा,जिससे इस संबंध में वार्ता नहीं हो पाई।

### सड़क पर कीचड़ फैलने से राहगीर परेशान

**गुलड़िया, अमृत विचार :** सड़क किनारे नाली नहीं होने से घरों का पानी भरने से बड़ागांव होकर मीरगंज जाने वाला रास्ता तीन सालों से कीचड़ से पटा रहता है, इसकी शिकायत ग्रामीण लगातार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से कर रहे है, लेकिन इस समस्या का समाधान नहीं हो सका। पूर्व प्रधान ऐडल सिंह ने बताया कि मुख्य मार्ग पर नाली नहीं है, जिसके चलते घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। पूरा रास्ता कीचड़ से भरा रहता है, बाइक सवार फिसलकर घायल हो रहे है। इस संबंध में कई बार शिकायत जनप्रतिनिधियों से की पर अभी तक कोई निस्तारण नहीं हो पाया। गुरुवार को पीडब्ल्यूडी एक्सईन राजीव मौर्या ने बड़ागांव पहुंचकर गांव में भरे पानी व कीचड़ को देखकर नाराजगी जाहिर की और ग्रामीणों से कहा कि आपके घरों के पानी से सड़क खराब हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी कांवड़ रास्तों को 72 घंटे में मरम्मत कर सही करने के आदेश दिए हैं, इससे अधिकारियों में खलबली मची हुई है। पीडब्ल्यूडी एक्सईन ने पानी और कीचड़ में पत्थर डलवाकर रास्ते को सही करने को निर्देश दे गए है। प्रधान पुत्र अनिल कुमार ने बताया पीडब्ल्यूडी विभाग का कहना है कि नाली बनाने का काम उसका नहीं है, नाली नहीं होने से लोग सड़क पर पानी छोड़ रहे है।



### किशोरी से दुष्कर्म के बाद कराया गर्भपात, तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**आंवला, अमृत विचार :** किशोरी को युवकों ने नशीला पदार्थ देकर शारीरिक संबंध बनाए और अश्लील फोटो खींच लिए। फोटो वायरल करने की धमकी देकर शोषण करते रहे, उसके गर्भवती होने पर गर्भपात करा दिया। किशोरी के पिता ने दो नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के एक मोहल्ला निवासी युवक ने बताया कि दो माह पहले उसकी 15 वर्षीय बेटी को दो लड़कों ने घर बुलाया था। उसे नशीला पदार्थ देकर उससे दुष्कर्म किया और अश्लील फोटो खींच लिए। एक युवक ने फोटो वायरल करने आदि धमकी देकर कई बार संबंध बनाए। जिससे वह गर्भवती हो गई। बुधवार सुबह उसकी बेटी चावल बेंचने जा रही थी। इसी दौरान मोहल्ले की एक धर्मशाला के समीप से वल लोग एक महिला की मदद से उसकी बेटी को अपने वाहन में ले गये। उन्होंने बिसौली रोड के एक डॉक्टर से उसकी बेटी का गर्भपात करा दिया और दोपहर करीब तीन बजे वह लोग उसकी बेटी को छोड़कर चले गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मोहल्ला पुरैना ढाल बाइपास निवासी आरोपी अरुन पुत्र महेश, सितम पुत्र अर्जुन और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## सार-संक्षेप

### धरा को हरा भरा बनाए रखने के लिए पौधरोपण जरूरी



**शेरगढ़ ,अमृत विचार :** "पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ" अभियान के तहत ग्राम पंचायत ढकिया ठाकुरान के मजरा शहपुरा-मनकरा स्थित चौकी के परिसर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान लोगों से मां की तरह पेड़ पौधों की देखभाल करने का आह्वान किया गया। इस मौके पर एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने कहा कि वृक्ष धरा का आभूषण हैं, धरा को हरा भरा बनाए रखने के लिए पौधरोपण बेहद जरूरी है। ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर "एक वृक्ष मां के नाम"अभियान के तहत वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है जिसमें सभी को बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता करनी चाहिए। चेयरमैन बुद्धसेन मौर्य ने कहा कि पेड़ लगाने के साथ-साथ पेड़ बचाने में सहयोगी बनकर काम करें क्योंकि पेड़ लगाने से ज्यादा उन्हें संरक्षित किया जाना जरूरी है। इस अवसर पर वीरपाल सिंह,अमित पटेल उर्फ अज्जू,इंद्रजीत सरोज,डॉ . केपी सिंह, अभिदीप अग्रवाल, राजीव शर्मा,सचिन गंगवार समेत अन्य मौजूद रहे।

### अधिवक्ता को दबंग दे रहे धमकी, शिकायत

**मीरगंज, अमृत विचार :** अधिवक्ता से मारपीट के मामले में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी उसे धमकी दे रहे हैं। दरअसल 15 जुलाई को अधिवक्ता संजीव कुमार के साथ गांव फिरोजपुर के वाहिद हुसैन, जाबिर, आरिफ और ताहिर ने न्यायालय में विवाद करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद अधिवक्ता ने आरोपियों के विरुद्ध मीरगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद से आरोपी अधिवक्ता को फोन पर धमकी दे रहे है। गुरुवार को बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बार के अध्यक्ष एड . अशोक कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार विशाल कुमार शर्मा को सौंपा। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष एड .अशोक कुमार उपाध्याय, सचिव भगवान सिंह गंगवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रईस अहमद,उपाध्यक्ष नसीमुल हसन, अरविंद कुमार, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

### दो अल्ट्रासाउंड सेंटरों ने दी अलग-अलग रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** भारतीय जनता मजदूर संघ ने नगर के दो अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर एक ही महिला की अलग- अलग रिपोर्ट जारी करने का आरोप लगाकर जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार आरके सिन्हा को सौंपा। संगठन जिलाध्यक्ष सय्यद अकबर अली ने बताया कि उसने पत्नी नगीना का नगर के दो अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर अलग-अलग जांच कराई। जिसमें दोनों की रिपोर्ट भिन्न है। जबकि उसने बरेली के एक सेंटर पर अल्ट्रासाउंड कराया तो रिपोर्ट ठीक निकली। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि नगर में अवैध और फर्जी अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित हैं। यहां डॉक्टर नहीं हैं। रोगियों की जिंदगी से खिलवाड़ हो रहा है। अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। संगठन ने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान आमिर, फिरोज, रोहित, नुमान, आशिक, फैजान, रिहान अली आदि मौजूद रहे।

### ढकिया ठाकुरान से डाक कांवड़ियों का जत्था रवाना



**मानपुर, अमृत विचार :** मानपुर चौकी के गांव ढकिया ठाकुरान से डाक कांवड़ियों का पहला जत्था गुरुवार को रवाना हुआ। महेंद्र, सतेंद्र कुमार, बाबू महंत अनिल कुमार की अगवानी में 27 कांवड़ियों की टोली हरिद्वार के लिए रवाना हुई है। जो रविवार को जल लेकर रवाना होंगे और करीबन 300 किलोमीटर से अधिक की दूरी 24 घंटे में तय करके आने वाले सोमवार को सुबह गांव के ही शिव मंदिर मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का अभिषेक करेंगे।

### समुदाय विशेष पर टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** एक युवक ने दूसरे समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक शब्द कहते हुए वीडियो बनाकर वायरल किया हैं, जिससे उस समुदाय के लोगों में आक्रोश हैं। ग्रामीणों ने एक्स के माध्यम से उच्च अधिकारियों से शिकायत की, जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने क्योलड़िया पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। थाना प्रभारी ने युवक के खिलाफ शांति भांग में कार्रवाई कर जेल भेज दिया। एहतियातन विवादित जगह पर फोर्स तैनात कर दी गई है। वायरल वीडियो में केलाडांडी का युवक 17 जुलाई को शराब के नशे में एक समुदाय के लोगों पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहा है, जिसकी वीडियो वायरल हो रही है । थाना प्रभारी निरीक्षक परमेश्वरी ने बताया कि गांव कि विवादित जगह पर फोर्स तैनात कर दी गई है, गांव की शांति व्यवस्था खराब नहीं होने दी जाएगी। कानून से खिलवाड़ करने वालों पर कानूनी कार्रवाई होगी। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिलने के मामले में रिपोर्ट

**देवरनियां, अमृत विचार :** देवरनियां के एक गांव में सावन से पहले मिले गोवंशीय पशु के अवशेष के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। इस मामले में गोरक्षा हिंदू दल ने आंदोलन की चेतावनी दी है। देवरनियां के गांव शरीफनगर में बड़ी संख्या में गोवंशीय पशु के अवशेष मिले थे। पहले तो पुलिस अवशेषों को दबाकर मामला दबाना चाह रही थी,ले किन जब गोरक्षा हिंदू दल के जिला अध्यक्ष देवेंद्र भास्कर टीम के साथ मौके पर पहुंचे, और हंगामा किया तो पुलिस हरकत में आई,और अवशेषों को जांच के लिए भेजने और रिपोर्ट दर्ज करने की बात की कही। पुलिस ने इस मामले गुरुवार को अज्ञात गोतस्करों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी है।

### मोहर्रम पर ठिरिया बन्नौजान में लगा मेला

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** यौमे आशूरा के दूसरे दिन ठिरिया बन्नौजान और बाहर जागीर में ताजियों का जुलूस निकला। जुलूस बड़ी अकीदत के साथ निकला। बाहर जागीर में भी गुरुवार मोहर्रम मनाया गया शाम को ताजियों को कर्बला में दफन किया गया। प्रभारी निरीक्षक परमेश्वरी, उप निरीक्षक तरुण कुमार टीम के साथ मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व प्रधान मोहम्मद फारूक मोहम्मद जफर रफीक अहमद गुलाम गफ्फार नसरुद्दीन आशिक हुसैन रईस अहमद छोटे इरफान मास्टर दूल्हा हसन समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे ।

### महिला के कुंडल लूट ले गए बाइक सवार

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** दवा लेकर पति के साथ बाजार से घर जा रही महिला के कुंडल बाइक सवार लूट ले गए। सरेराह हुई लूट से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। सूचना पर पहुंची पुलिस लुटेरों की तलाश में जुटी है। ग्राम हरेली निवासी सिंटू पत्नी राज बेटी को गुरुवार शाम को टिसुआ से दवा दिलाकर पैदल घर जा रहे थे । रास्ते में लॉर्ड बुद्धा स्कूल के समीप बाइक सवार दो लुटेरों ने उसके कुंडल छीन ले गए ।

### पिता -पुत्र को पत्थर मार कर किया घायल

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज के नई बस्ती पश्चिमी के निवासी सलीम ने बताया कि वह गुरुवार को इस्लाम नगर नाला पार स्थित बेटे शाहीन के घर गया हुआ था। वहां बस्ती का एक युवक नशे में उसके पुत्र के घर आकर गाली देने लगा, जिसे समझा कर लौटा दिया। आरोप है कि कुछ देर बाद आरोपी अपने भाई के साथ पहुंचा दोनों ने गालियां देते हुए पिता-पुत्र पर पत्थरों से हमला कर दिया ।

### किशोरी से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** प्रेमजाल में फंसाकर किशोरी को घूमाने के बहाने ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी सोहिल निवासी बस अड्डा बहेड़ी कस्बा और थाना शीशगढ़ को दुष्कर्म के आरोप में पकड़ा। पुलिस ने बताया कि आरोपी और पीड़िता के बीच प्रेम प्रसंग था, दोनों कई बार बाहर घूमने गए थे, इसकी जानकारी दोनों के परिजनों को थी। दोनों के परिवार वाले शादी के लिए भी तैयार थे। इसी बीच सोहिल ने प्रेमिका को फोन कर घर से दूर धनेटा फाटक के पास बुलाया, वहां से सोहिल पीड़िता को अपने साथ धनेटा फाटक के पास हाईवे किनारे जंगल में ले गया और वहां उससे दुष्कर्म किया। उसे घर जाते समय बीच रास्ते में ही छोड़कर चला गया। पीड़िता ने अपने पिता के साथ थाने में पहुंचकर सोहिल के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी सोहिल को अगरास तिराहे से दबोच लिया।

### समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने दिए निर्देश, कहा- अधिकारी पारदर्शिता के साथ कराएं विवाह

# सौ से ज्यादा जोड़े होने पर जिलाधिकारी कराएंगे सामूहिक विवाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अगर 100 से ज्यादा जोड़े हुए तो जिलाधिकारी स्वयं उपस्थित होकर सामूहिक विवाह कराएंगे। समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने इस सिलसिले में सभी जिला समाज कल्याण अधिकारियों को निर्देश जारी किया है। राज्यमंत्री ने विभाग की ओर से जारी मानक



परिचालन प्रक्रिया एसओपी का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है।

राज्यमंत्री की ओर से बीती 17 जुलाई को जारी निर्देश में कहा गया है कि सामूहिक विवाह में विवाह योग्य जोड़ों की संख्या 100 के अंदर रखी जाए। अगर संख्या 100 से ऊपर हो तो जिलाधिकारी स्वयं उपस्थित रहकर कार्यक्रम को व्यवस्थित कराएं। समाज कल्याण अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जाकर स्थानीय जनप्रतिनिधि सांसद, विधायक, ब्लॉक प्रमुख आदि को इन कार्यक्रमों में शामिल कराने के लिए आमंत्रित करें। सांसद व विधायक से पूछकर ही विवाह कार्यक्रम की तारीख तय की जाए। समाज कल्याण निदेशक की ओर से जारी एसओपी का सख्ती से पालन कराया जाए।

सामूहिक विवाह के लिए चयनित जोड़ों में से 10 प्रतिशत जोड़ों के औचक सत्यापन जिलाधिकारी की ओर से राजस्व या अन्य विभाग के अधिकारियों से कराया जाएगा। जांच प्रक्रिया को पुख्ता किए जाने के लिए जनपद स्तरीय समिति को दायित्व दिया गया है। इसमें पोर्टल से जेनरेट सत्यापन प्रारूप पर जांच अधिकारी की ओर से आख्या प्रस्तुत की जाएगी। जांच के दौरान मौके पर उपस्थित आस-पास के व्यक्तियों से पूर्व में विवाह न होने की भी पुष्टि की जाएगी, ताकि किसी भी दशा में अपात्र योजना का लाभ न उठा सकें।

#### 1,06,911 जोड़ों के होंगे विवाह, एसओपी जारी

चालू वित्तीय वर्ष में 1,06,911 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में गड़बड़ियों पर रोक लगाने के लिए समाज कल्याण विभाग ने एसओपी तैयार की है। एसओपी के तहत आयोजन के समय पात्र जोड़ों की पुष्टि के लिए अलग पंजीकरण कराया जाएगा। पुष्टि की प्रक्रिया के दौरान मंडल के उपनिदेशक और जिला समाज कल्याण अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहेंगे। दोनों अधिकारी व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे और विभाग को रिपोर्ट देंगे।

## आगरा में लगे फिलिस्तीन जिंदाबाद के नारे, सात गिरफ्तार

**आगरा, अमृत विचार :** थाना फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में मोहर्रम के जुलूस के दौरान फिलिस्तीन जिंदाबाद के नारे लगे। इसकी वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फतेहपुर सीकरी के बुलंद दरवाजे के पास बस्ती में कुछ लोगों ने मोहर्रम का जुलूस निकाला था। इस दौरान फिलिस्तीन जिंदाबाद के नारे लगाए। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने युवकों को चिन्हित कर कार्रवाई करना शुरू कर दी है। पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ ने बताया कि वीडियो में जो भी युवक हैं, उनके खिलाफ जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### नर्सिंग-पैरामेडिकल संस्थानों में परीक्षाएं अक्टूबर में

**लखनऊ, अमृत विचार :** नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण संस्थानों में अगस्त में प्रस्तावित परीक्षाएं अक्टूबर माह में होंगी। यह सूचना उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.आलोक कुमार ने सभी कॉलेज प्रबन्धकों व प्रधानाचार्यो को प्रेषित की है। उन्होंने बताया कि, सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा जीएनएम, एएनएम व समस्त पैरामेडिकल प्रशिक्षणों की मुख्य परिक्षाओं की समय-सारिणी जारी कर दी जाएगी। इसके बाद सितंबर के दूसरे सप्ताह में छात्र-छात्राओं के प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। सचिव डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि अक्टूबर माह के तृतीय सप्ताह में लिखित परीक्षाएं और अंतिम सप्ताह में मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न होंगी।

### प्रशासन-संतों की बैठक में पॉलिथीन मुक्त मेले पर जोर

**प्रयागराज, अमृत विचार :** दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महाकुंभ 2025 को दिव्य और भव्य बनाने को लेकर साधु-संतों की सबसे बड़ी संस्था अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद और प्रशासन के बीच गुरुवार को मंडलायुक्त कार्यालय में हुई बैठक में सभी संतों ने गंगा की निर्मलता और पॉलिथीन मुक्त मेले पर जोर दिया। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और निरंजनी अखाड़े के सचिव रविन्द्र पुरी ने बैठक के बाद बताया कि महाकुंभ को पॉलिथीन मुक्त बनाने के साथ गंगा की निर्मलता के लिए अधिकारियों के सामने बात रखी गई है। इसका पूरी गंभीरता के साथ पालन करने की जरूरत है। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर ने कहा कि महाकुंभ मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े इंतजाम किये जा रहे है।

### रिश्वत लेने के मामले में आरोपी को मिली जमानत

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस उपनिरीक्षक के साथ मिलकर रिश्वत लेने के मामले में बिना किसी ठोस सबूत के पांच महीने से कारावास की सजा झेल रहे नामजद आरोपी को सशर्त जमानत दे दी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकल पीठ ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धाराओं के तहत आरोपी ऋषिपाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार शिकायतकर्ता प्रेमपाल ने आरोप लगाया कि आईपीसी के तहत एक मामले में पुलिस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह ने 50 हजार की मांग की, लेकिन मामला 40 हजार पर तय हुआ और 29 जनवरी 2024 को 20 हजार की रिश्वत राशि उक्त उपनिरीक्षक को सौंपी गई, जिसके बाद वर्तमान याची को धनराशि सौंप दी गई।

### पैसेंजर ट्रेन से कटा सांड़, दो घंटे थमे रहे पहिये

**सीतापुर, अमृत विचार :** गोंडा से सीतापुर आ रही पैसेंजर ट्रेन से एक सांड़ कट गया। तीसरे बोगी के पहियों में सांड़ फंस गया। रेलवे कर्मियों ने करीब 2 घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद उसके अवशेष बाहर निकाले। इसके बाद ट्रेन आगे रवाना हो सकी। ट्रेन संख्या 05091 गोंडा से चलकर सीतापुर आने वाली ट्रेन बड़े हादसे का शिकार होने से बच गई। गुरुवार की दोपहर करीब 5 बजे ट्रेन टप्पा खजुरिया स्टेशन से निकलकर सीतापुर स्टेशन पहुंचनी थी। ट्रेन में सवार यात्रियों ने बताया कि ट्रेन में अचानक झटका लगा और ट्रेन कुछ दूर चलने के बाद अचानक रुक गई। यात्रियों ने जब उतरकर देखा तो एक सांड़ ट्रेन की पटरियों के बीच मृत पड़ा था। यात्रियों ने बताया कि करीब दो घण्टे तक ट्रेन लखीमपुर-सीतापुर क्रासिंग के समीप मदनापुर गांव के पास खड़ी रही।

### गोला गोकर्णनाथ मंदिर परिसर का होगा सौंदर्यीकरण

**लखनऊ, अमृत विचार :** लखीमपुर स्थित गोला गोकर्णनाथ के पौराणिक शिव मंदिर व उसके परिसर का सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। यहां लाइट एंड साउंड शो की व्यवस्था की जाएगी। परिसर में यात्रियों की सुविधाओं का विस्तार लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन विभाग द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी गुरुवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने कहा, पर्यटन विभाग धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी प्राचीन मंदिरों को संवारने एवं सजाने का कार्य कर रहा है।

# पिस्तौल खोलते समय चली गोली सिर में लगी, कांस्टेबल की मौत

### सूचना मिलते ही पहुंचे एसएसपी, घटनाक्रम की भी ली पूरी जानकारी

संवाददाता, अलीगढ़

**अमृत विचार :** पशु तस्करी के आरोपियों की तलाश में दबिश के दौरान एसओजी के एक कांस्टेबल की उस समय मौत हो गई, जब जाम पड़ी पिस्तौल को खोलते समय उससे अचानक चली गोली उसके सिर में जा लगी। घटना में एक उप-निरीक्षक के घायल होने की भी खबर है।

पुलिस के मुताबिक, विशेष अभियान समूह (एसओजी) और दो थानों की पुलिस की संयुक्त टीम पशु तस्करों को पकड़ने के लिए बुलंदशहर जिले की सीमा से लगे एक गांव में दबिश डाल रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संजीव सुमन ने बताया, "दबिश के दौरान निरीक्षक अजहर हुसैन की पिस्तौल जाम हो गई थी और वह उसे खोल नहीं पा रहे थे। हुसैन की मदद करने के लिए उप-निरीक्षक राजीव कुमार



कांस्टेबल याकूब।

- पशु तस्करी के आरोपियों की तलाश में दबिश देने पहुंची थी एसओजी की टीम

ने पिस्तौल पकड़ी, तभी अचानक उससे गोली चल गई। गोली कुमार को छूती हुई कांस्टेबल याकूब के सिरे में जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।" सुमन के अनुसार, दोनों पुलिसकर्मियों को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन याकूब ने वहां पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि घटना में घायल कुमार की हालत स्थिर है और उनका इलाज किया जा रहा है। सुमन ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

आईजी अलीगढ़ रेंज शलभ माथुर का कहना है कि घायल दरोगा राजीव और अन्य पुलिसकर्मियों ने घटनाक्रम की जानकारी दी है। गोली पिस्टल को अनलॉक करते हुए अचानक चल गई जिससे सिपाही की मौत हो गई।

#### कांस्टेबल के पिता ने उठाए सवाल

याकूब के पिता ने घटनाक्रम पर सवाल खड़े किए है। पिता बली मोहम्मद ने बताया कि उसे पुलिस की कहानी में झोल लग रहा है। फिलहाल पूरे राजकीय सम्मान के साथ उसका अंतिम संस्कार किया गया है। पोस्टमार्टम भी उसकी मौजूदगी में हुआ। उसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई है। दरोगा ने इस मामले में लापरवाही की है। वह खराब पिस्टल को क्यों लेकर गया, वहीं दूसरे दरोगा को उसने अपने नाम पर अलॉट पिस्टल को ठीक करने को क्यों दी। दरोगा पिस्टल अनलॉक कर रहा तो बेटे के सिर में कैसे लगी। दरोगा के पेट को छूकर निकली गोली सिर में कैसे लग गई। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।

## विधायक बेदी राम के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट रद

**लखनऊ, अमृत विचार :** रेलवे विभाग में ग्रुप डी की भर्ती का पर्चा लीक मामले में आरोपी बनाए गए विधायक बेदी राम व विपुल दुबे सहित आठ आरोपियों के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट को गैंगेस्टर कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पुष्कर उपाध्याय ने रद कर दिया है। कोर्ट ने आरोपियों पर आरोप तय करने के लिए 26 जुलाई की तारीख़ तय की है।

ग्रुप डी की भर्ती के मामले में की गई धांधली को लेकर 19 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में सुनवाई चल रही है। कोर्ट में हाजिर न होने पर गत 11 जुलाई को विधायक बेदी राम, विपुल दुबे समेत कई आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। गुरुवार को आरोपी बेदी राम, विपुल दुबे, अवधेश, शिव बहादुर सिंह, एके सिंह, अख्तर हुसैन, धर्मेंद्र कुमार व राम कृपाल ने कोर्ट में हाज़िर होकर वारंट को निरस्त करने की मांग वाली अर्जी दी। जिस पर कोर्ट ने आरोपियों को 50-50 हज़ार का निजी मुचलका दाखिल करने पर इस शर्त के साथ वारंट निरस्त करने का आदेश दिया गया है कि वह नियत तिथि पर आरोप तय किए जाने के लिए व्यक्तिगत रूप से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होंगे।

# नहीं जुड़ा आधार, रुक गई 3 लाख महिलाओं की पेंशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जनकल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शी बनाने और गड़बड़ियां रोकने के लिए मानकों को सख्त किया जा रहा है। प्रदेश में बैंक खाते से आधार लिंक न कराने वाली तीन लाख महिलाओं की पेंशन रोक दी गई है। महिला कल्याण विभाग की ओर से इन्हें निराश्रित पेंशन योजना का लाभ आधार कार्ड लिंक होने के बाद ही मिलेगा।

महिला कल्याण विभाग की ओर से पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिलाओं को पेंशन दी जाती है। पात्र महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये के हिसाब से दिए जाते हैं। पिछले वित्तीय वर्ष तक पात्र लाभार्थियों के बैंक खाते में तीन माह की धनराशि भेजी जा रही थी। नए वित्तीय वर्ष में व्यवस्था बदल गई और पेंशन के लिए बैंक खाते से आधार लिंक को आवश्यक कर दिया गया। अप्रैल से जून 2024 तक प्रदेश के 75 जिलों में 26 लाख 12 हजार को पेंशन दी गई, जबकि तीन लाख महिलाएं बैंक खाते से आधार लिंक न होने के कारण पेंशन से वंचित रह गईं। महिला कल्याण विभाग की निदेशक संदीप कौर ने बताया कि वंचित महिलाओं के आधार कार्ड को बैंक खाते से लिंक कराया जा रहा है। उनको जागरूक किया जा रहा है कि आधार कार्ड लेकर बैंक जाएं और उसे लिंक करा लें।

#### पुराने पेंशनरों को खुद करना होगा आधार लिंक

**लखनऊ, अमृत विचार :** पेंशन योजनाओं में गड़बड़ी रोकने के लिए समाज कल्याण विभाग ने आधार लिंक को अनिवार्य कर दिया है। पेंशनरों को अब स्वयं आधार लिंक करवाना होगा। समाज कल्याण विभाग से पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए नए ऑनलाइन आवेदन में आधार प्रमाणीकरण आवेदन के समय ही हो जाता है। आवेदक किसी भी जनसेवा केंद्र पर जाकर आधार प्रमाणीकरण करवा सकते हैं। पुराने डाटा बेस में दर्ज मोबाइल नंबर अगर सेवा में नहीं है तो लाभार्थी स्वयं आवेदक लॉगिन में जाकर अपना नया मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी प्राप्त कर सकता है।

## रामलला के नित्य दर्शन को मिलेगा क्यूआर कोड रहित अनुमति पत्र

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला के नित्य दर्शन करने वाले भक्तों के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा क्यूआर कोड रहित अनुमति पत्र जारी किया जाएगा। प्रतिदिन दर्शन करने वाले भक्त की पहले ऑनलाइन हाजिरी लगेगी। फिर राम मंदिर में रामलला का दर्शन प्राप्त होगा।

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या के संत-धर्माचार्य व स्थानीय लोगों के लिए नित्य दर्शन की व्यवस्था बनाई जानी है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने भी नित्य दर्शन की व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिख अनुरोध किया था। ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया कि प्रातः काल 10 से शाम 6 बजे के मध्य राम कचहरी स्थित ट्रस्ट के कैंप कार्यालय और रामपथ पर स्थित बिड़ला धर्मशाला के सामने बने तीर्थ यात्री सेवा केंद्र में अपना आधार कार्ड दिखाकर निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन करके नित्य दर्शन के लिए अनुमति पत्र प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने




कहा कि अनुमति पत्र छह माह के लिए वैध होगा और प्रवेश डी-1 से ही होगा। सुरक्षा में लगे जवान क्यूआर कोड रहित अनुमति पत्र को स्कैन करने के बाद ही प्रवेश देंगे।

#### सरयू में स्नान कर सीधे रामलला के मंदिर पहुंच सकेंगे भक्त

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीराम मंदिर तक पहुंचने वाले जन्मभूमि पथ, रामपथ और भक्तिपथ के बाद अब भ्रमण पथ भी श्रद्धालुओं को रामलला के दरबार तक पहुंचाने का काम करेगा। इसका एक चौथाई कार्य पूरा कर लिया गया है। भ्रमण पथ काशी में गंगा और विश्वनाथ धाम को जोड़ने की तर्ज पर सरयू नदी से राम मंदिर को जोड़ेगा। रामभक्त सरयू स्नान के बाद सीधे रामलला के दर्शन के लिए पहुंच सकेंगे।

# रेल हादसे: मेंटेनेंस बड़ी चुनौती

जमीर सिद्दीकी

बीते साल 2 जून को ओडिशा के बालासोर में हुए तीन ट्रेनों के हादसे को कौन भूल सकता है। इस हादसे में करीब 300 यात्रियों की मौत हो गई थी, जबकि 1200 घायल हो गए थे। इतनी बड़ी घटना के बाद भी रेलवे ने अपनी मानवीय चूक और ट्रैक मेंटेनेंस, कोच मेंटेनेंस की ओर बहुत ज्यादा ध्यान नहीं दिया। लिहाजा, एक बार फिर चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के रूप में एक और ट्रेन हादसा सामने आया है, जो बहुत ही दुखद है।

गुरुवार को गोंडा जिले में एक्सीडेंट हुआ है। इस ट्रेन के पायलट का भी कहना है कि एक तेज धमाके के बाद ट्रेन हादसे का शिकार हो गई। निश्चित तौर पर इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि या तो ट्रैक में कोई कमी थी या फिर इंजन या किसी कोच का मेंटेनेंस सही नहीं था, जिससे इतनी बड़ी दुर्घटना हुई। अगर आप बीते एक दशक के आंकड़े देखें तो पता चलेगा कि लगभग 449 ट्रेन हादसे हुए हैं।

त्वरित टिप्पणी

- ट्रेनों को समय पर चलाने के चक्कर में नहीं हो पा रहा ट्रैक मेंटेनेंस



कुछ बिंदुओं से जानते हैं कि इस तरह के हादसे की वजहें क्या हैं... **नंबर एक-** ट्रेनों की संख्या अधिक होने के कारण ट्रैक का मेंटेनेंस नहीं हो पा रहा है। ट्रैक मेंटेनेंस देखने वाले रेल के संबंधित कर्मचारी अधिकारी कभी चीफ कंट्रोलर से पांच दस मिनट के लिए ट्रेन संचालन रोकने के लिए कहते हैं तो चीफ कंट्रोलर यह कहकर मना कर देता है कि ट्रेन लेट हो जाएगी और आला अधिकारी को जबाब कौन देगा। ऐसे में ट्रैक मेंटेनेंस देखने वाले अधिकारी जहां ट्रैक का काम करना होता है, उसके दोनों साइड के रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर से बात करते हैं और यह जानने की कोशिश करते हैं कि किधर से कौन सी ट्रेन कितनी देर में आएगी और फिर जल्दी-जल्दी जैसे तैसे जितना हो सकता है, ट्रैक का मेंटेनेंस कर दिया जाता है। यही जल्दबाजी हादसे का कारण बनती है। **नंबर दो-** वंदे भारत, स्वर्ण शताब्दी, राजधानी जैसी कई ऐसी ट्रेन हैं, जिन्हें समय पर चलाने की चुनौती बड़ी है। रेलवे बोर्ड तक यह चाहता है कि ये वीआई ट्रेन 1 मिनट भी लेट ना हों और इस प्रकार के निर्देश भी दिए गए हैं। ऐसे में ट्रैक का मेंटेनेंस कैसे हो सकता है।

**नंबर तीन-** हर मंत्री और जनप्रतिनिधि यह चाहता है कि उनके क्षेत्र से कोई ना कोई ट्रेन चले। ऐसे में दिन-प्रतिदिन ट्रेनों की संख्या में इजाफा हो रहा है और मेंटेनेंस की समस्या बढ़ती जा रही है। और **नंबर चार-** रेल वर्कशॉप में कोचों और इंजन के मेंटेनेंस को लेकर अधिकारियों का इतना ज्यादा दबाव रहता है कि जल्दी-जल्दी कोच और इंजन को ठीक करके रूट पर भेज दिया जाता है। ऐसे में मेंटेनेंस में कोई ना कोई चूक रही जाती है।


## वर्ग पहेली-135

**बाएं से दाएं**

3.1. किसी चीज़ को खाने या चबाने की क्रिया, ग्रसन 2. निगलना।
5. आश्चर्य, विस्मय।
6. विशेष रूप से, विशेषत:, ख़ासतौर से।
8.1. शक्ति, सामर्थ्य 2. घोड़े की लगाम, वल्गा। [मु.] -बाग होना : बहुत ख़ुश होना। (मु.)-मोड़ना : किसी ओर घुमाना या लगाना।

**ऊपर से नीचे**

1.1. किसी वस्तु का टूटकर या कट-छँटकर अलग हुआ कोई हिस्सा।
2. निगाह, दृष्टि।
4. नभ में गमन करने वाला, नभ में विचरने वाला।
5. गर्व से भरी चाल, अकड़ जताने वाली चेष्टा या भाव-भंगिमा, हेकड़ी, गरूर।
6.1. पति, ख़सम, शौहर 2. स्वामी, मालिक।
7.1. किसी वस्तु के दस अंग 2. दस प्रकार के सुगंधित द्रव्यों का मिश्रण।



### वर्ग पहेली -134 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जे | क | | 2 मु | | 3 क |
| | | 4 सो | हा | सि | त |
| 5 ग | ण | | फ़ि | | र |
| प | | | ज़ | | ना |
| 6 क | लं | 7 कि | त | | |
| ना | | रा | | 8 ध | 9 म |
| | 10 पि | या | र | | य |

## सुडोकू -48

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 7 | | 2 | | | 3 | 6 |
| 2 | 3 | | | 9 | | 1 | | |
| | | 8 | | 3 | | | 5 | |
| | 4 | | 1 | | | | 8 | |
| | 5 | | | | | | 2 | |
| | 7 | | | | 6 | | 4 | |
| | 8 | | | 6 | | 3 | | |
| | | 3 | | 1 | | | 9 | 7 |
| 9 | 2 | | | 5 | | 4 | | 8 |

### सुडोकू -47 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 3 | 7 | 4 | 9 | 2 | 6 | 5 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 4 | 7 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 6 | 5 | 8 | 9 | 1 |
| 8 | 7 | 6 | 5 | 3 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 4 |
| 5 | 4 | 9 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 2 | 3 | 7 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 8 | 6 | 7 | 2 | 1 | 3 | 9 |
| 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 19.41 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र- मूल 20 जुलाई 02.55 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष:** आज आपके मन में आत्मसंतोष की भावना रहेगी। दूसरों की जिम्मेदारियां भी आपको उठानी पड़ सकती है। आपकी अपेक्षा के अनुसार सभी काम हो जाएंगे। निजी कंपनियों में जॉब कर रहे लोगों को पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृष:** आज हित शत्रु आपकी भावनाओं का नाजायज लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर जागरूक रहना चाहिए। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव की भावना कम हो सकती है। आवश्यक काम दूसरों के भरोसे कतई न छोड़ें।

**मिथुन:** आज वाद-विवाद और चर्चाओं में आप दूसरों के ऊपर भारी पड़ेंगे। आपके सामाजिक संबंध और प्रगाढ़ होंगे। दांपत्य जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। पहले की गई मेहनत का आपको सुखद परिणाम प्राप्त होगा। व्यापार में नए सहयोगी जुड़ सकते हैं।

**कर्क:** आज कानूनी अड़चनों से छुटकारा मिलेगा। बुरी संगत से आपको बचने की आवश्यकता है। अध्यात्मिक चर्चाओं से आपका दृष्टिकोण बदल सकता है। उच्च रक्तचाप के रोगियों को गुस्सा करने से बचना चाहिए। दूसरे लोगों के मामलों को लेकर ज्यादा सोच-विचार न करें।

**सिंह:** आज आप नव समाचारों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। प्रेम विवाह के मार्ग में बाधा आ सकती है। कटु भाषा का चयन करने से बचें। शोध क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। लोग आपकी कला व योग्यता को सम्मान देंगे।

**कन्या:** आज अधिकारियों का विश्वास आपके ऊपर से कुछ कम हो सकता है। शारीरिक और मानसिक ऊर्जा में थोड़ी कमी रहेगी। व्यर्थ की बातों का तनाव न लें। अपने काम व जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। बड़ों के द्वारा दिया गया सुझाव आपके काफी काम आएगा।

**तुला:** आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। धार्मिक चर्चाओं के लिए दिन सर्वोत्तम रहेगा। आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। अपने स्वभाव में सकरात्मकता बनाए रखें। अविवाहित महिला जातक के विवाह की चिंता रहेगी।

**वृश्चिक:** आज जॉब इंटरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। प्रेमी जन से अपने दिल की बातें शेयर करने से मन हल्का होगा। गृह कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं। दूरस्थ परिजनों के साथ फोन पर बातें होंगी।

**धनु:** आज किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। नई संपत्ति खरीदने का विचार बनाएंगे। आप अपने आप में ही व्यस्त रहेंगे। अविवाहितों को प्रेम प्रस्ताव मिल सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। व्यापार में जबरदस्त उन्नति होगी।

**मकर:** आज सेहत के मामले में लापरवाही न करें। पेट में गैस की समस्या हो सकती है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। कार्यस्थल में आपका दबदबा घट सकता है। कोई नकारात्मक समाचार मिलने की संभावना है।

**कुंभ:** आज किसी नए काम को लेकर मन में विचार आएंगे। जीवनसाथी के साथ समय बहुत अच्छा रहेगा। संतान के करियर को लेकर समस्या दूर होगी। पुराने अनुभवों का आपको लाभ मिलेगा। व्यवसाय को लेकर नया प्रयोग कर सकते हैं।

**मीन:** आज मार्केटिंग पर आपको काफी ध्यान देने की आवश्यकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त होगा। निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेंगे। टीमवर्क के माध्यम से उलझे मामलों को संभाल लेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
देवता — दोपहर : 12.30
परिवार — रात : 07.00

SONY PIX
घोस्त राइडर — सुबह : 11.12
अनचार्टेड — रात : 09.00

&pictures
सीक्रेट सुपरस्टार — सुबह : 10.47
फराज — रात : 08.00

ZEE CINEMA
मिली — सुबह : 09.35
ऑपरेशन जावा — रात : 08.00

colors CINEPLEX
कसक — सुबह : 09.36
कभी अलविदा ना कहना — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू - इतना परेशान क्यों है?
गप्पू - अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे।
पप्पू - तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू - उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए।

भिखारी- कुछ दे दो साहब, लाचार हूं।
सिंटू- हट्टे-कट्टे तो दिख रहे हो। लाचार किस चीज से हो?
भिखारी- अपनी आदत से।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन –तुलसी 2075, राज श्री 1390, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1975, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1525, सचिन 1510, सूरज 1550, अवसर 1650, राग गोल्ड 1605, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1920, स्वास्तिक 2045 ।किराना– (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 35000, लाल मिर्च 19500–25000, धनिया 9000–11000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–900 ।चावल – (प्रति कु.) डबल चाबी सेला 10150, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4800, खजाना 4800 ।दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700–14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7575–7900, मलका छाँटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10200–10900, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 8300, लाल हिंदुस्तान 8400, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9500–11700, सच्चा हीरा 11300, मोटा हीरा 13100, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000–16200, अरहर कोरी छोटी 17200 ।चीनी – डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी 4000 ।

# खाद्य सामग्री महंगी होने पर अर्थशास्त्रियों ने जताई चिंता

### आरबीआई बुलेटिन में प्रकाशित अर्थव्यवस्था की स्थिति शीर्षक वाले लेख में खुलासा

**मुंबई, (एजेंसी)**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को जुलाई माह का बुलेटिन जारी किया। इसमें कहा गया है कि 2024-25 की दूसरी तिमाही की शुरुआत में अर्थव्यवस्था में तेजी के संकेत मिले। बावजूद इसके खाने के सामानों की महंगाई चिंता का विषय है।

अर्थव्यवस्था की स्थिति शीर्षक से प्रकाशित इस लेख में कहा गया है कि कृषि का माहौल, गांवों में खर्च में सुधार ने मांग में तेजी लाने में प्रमुख भूमिका निभाई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति लगातार तीन महीनों तक नरम रहने के बाद जून 2024 में बढ़ गई। इसका मुख्य कारण सब्जियों की कीमतों में बड़े पैमाने पर तेजी आना है। यहां



- **लेख में कहा गया कि दूसरी तिमाही की शुरुआत में अर्थव्यवस्था में तेजी के संकेत मिले**
- **जून में खुदरा मुद्रास्फीति चार महीने के उच्चतम स्तर 5.08 प्रतिशत पर पहुंची जबकि मई में यह 4.8 प्रतिशत थी**

यह जानना जरूरी है कि सब्जियों और अन्य खाद्य उत्पादों की कीमतें बढ़ने से जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.08 प्रतिशत पर पहुंच गई है जबकि इसके एक महीने पहले मई में यह 4.8 प्रतिशत पर थी। इस लेख को आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम ने लिखा है। इसमें कहा गया है कि यह तर्क दिया जाता रहा है कि खाने के सामान के दामों में तेजी अस्थायी है, लेकिन एक साल के अनुभव से यह बात सही साबित नहीं हो पा रही है। यह मूल्य के स्तर पर लगने वाले झटके में कोई छोटी अवधि नहीं बल्कि यह लंबी अवधि है।

लेख में कहा गया है कि यह साफ है कि खाद्य वस्तुओं की कीमतों ने हेडलाइन (कुल) मुद्रास्फीति को गति दी है और परिवारों की महंगाई की उम्मीदों पर इसका प्रतिकूल असर दिखा है। इससे मौद्रिक नीति और आपूर्ति प्रबंधन के माध्यम से मुख्य (कोर) और ईंधन मुद्रास्फीति में जो कमी आई, उसका ज्यादा लाभ नहीं हुआ।

## एल्युमीनियम कबाड़ आयात पर शून्य शुल्क की मांग

**नई दिल्ली।** बजट से पहले पुनर्चक्रण उद्योग निकाय एआई ने सरकार से एल्युमीनियम कबाड़ पर आयात शुल्क हटाने का आग्रह किया। मैटेरियल रिसाइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमआरएआई) के अनुसार, एल्युमीनियम कबाड़ की पुनर्चक्रण प्रक्रिया से प्रति टन उत्पादन पर केवल 3 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित होता है, जबकि स्मेल्टर से 1 मीट्रिक टन एल्युमीनियम के उत्पादन पर 14 टन कार्बन उत्सर्जन होता है। एआई ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखे पत्र में कहा कि भारतीय एल्युमीनियम पुनर्चक्रण उद्योग के सामने सबसे बड़ी चुनौती 2.5 प्रतिशत आयात शुल्क है। सरकार को इसे तब तक शून्य करना चाहिए जब तक कि घरेलू बाजार में गुणवत्तापूर्ण सामग्री (कबड़ा) पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध न हो जाए।

## एफटीए से भारत-रूस व्यापार को मिलेगा बढ़ावा : जीटीआरआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

निर्यात बढ़ाने, स्थानीय मुद्रा व्यापार को व्यावहारिक बनाने और यूरेशियन आर्थिक संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) जैसे कदमों से भारत और रूस के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत को व्यापार घाटे को लेकर चिंतित नहीं होना चाहिए, क्योंकि उसे रूस से बाजार मूल्य से सस्ते दाम पर कच्चा पेट्रोलियम तेल मिल रहा है। इससे भारत का समग्र तेल आयात बिल भी कम हो रहा है।

2022 में यूक्रेन युद्ध तथा अमेरिका द्वारा रूस पर प्रतिबंध लगाने के बाद से भारत और रूस के बीच व्यापार संबंधों में काफी बदलाव आया है। रूस से आयात में तीव्र वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप व्यापार असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो गई है। 2020-21 और 2023-24 में निर्यात 59% बढ़ा, वहीं आयात में भी वृद्धि हुई है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि 2023-24 में मौजूदा द्विपक्षीय व्यापार 65.7 अरब डॉलर होने के साथ यह लक्ष्य हासिल हो सकता है। 2023-24 में रूस को भारत का निर्यात 4.3 अरब अमरीकी डॉलर था, जबकि कच्चे तेल से प्रेरित आयात 61.4 अरब अमरीकी डॉलर था।



- **निर्यात में वृद्धि, स्थानीय मुद्रा में व्यापार और यूरेशियन संघ से हुए समझौते**

## दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स के दो ब्लॉक दुनिया की 10 बड़ी खदानों में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **एसईसीएल के गेवरा और कुसमुंडा ब्लॉक ने दूसरा और चौथा स्थान पाया**

दुनिया की 10 सबसे बड़ी कोयला खदानों की सूची में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के गेवरा और कुसमुंडा ब्लॉक ने क्रमशः दूसरा और चौथा स्थान हासिल किया है। वर्ल्डएटलस डॉट कॉम ने उत्पादन मात्रा के आधार पर कोयले की सबसे बड़ी खदानों की सूची जारी की है।

एसईसीएल ने गुरुवार को कहा कि छत्तीसगढ़ के कोरबा स्थित दोनों खदानें सालाना 10 करोड़ टन से अधिक कोयला उत्पादन करती हैं। यह भारत के कुल कोयला उत्पादन का 10% है। वर्ल्डएटलस डॉट कॉम द्वारा जारी दुनिया की 10 सबसे बड़ी कोयला खदानों की सूची में गेवरा और कुसमुंडा खदानों को क्रमशः दूसरा और चौथा स्थान मिला है। एसईसीएल ने कहा कि गेवरा की वार्षिक उत्पादन क्षमता 7 करोड़ टन है। इस खदान ने 2023-24 में 5.9 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया। जबकि कुसमुंडा ने 5 करोड़ टन से अधिक कोयले का उत्पादन किया। एसईसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रेम सागर मिश्रा ने कहा कि यह गर्व की बात है कि दुनिया की पांच सबसे बड़ी कोयला खदानों में से दो छत्तीसगढ़ में हैं।

## जीडीपी वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान : फिक्की

**नई दिल्ली।** उद्योग संगठन फिक्की ने चालू वित्त वर्ष में औसत जीडीपी वृद्धि दर 7.0 प्रतिशत रहने का अनुमान जताते हुए सरकार से आम बजट में कराधान सुधार, रोजगार सृजन, नवाचार और सतत विकास पर ध्यान केंद्रित किये जाने की अपील की है। जुलाई 2024 में किसे गये सर्वेक्षण के आधार पर आज जारी फिक्की के आर्थिक दृष्टिकोण रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। इसमें कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए औसत वृद्धि दर 2024-25 के लिए 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। यह वर्ष 2023-24 में दर्ज की गई लगभग 1.4 प्रतिशत की वृद्धि दर की तुलना में सुधार दर्शाता है। सामान्य दक्षिण-पश्चिम मानसून की उम्मीद के साथ अल नीनो प्रभाव में कमी आने से कृषि उत्पादन के लिए अच्छा संकेत मिलने की संभावना है।

- **बजट में रोजगार नवाचार और विकास पर ध्यान केंद्रित करने की अपील**

## भारत सबसे बड़ा पॉम ऑयल बाजार : गनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **भारत में चावल-चीनी जैसे उत्पादों के निर्यात पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने की मलेशियाई मंत्री ने की अपील**

मलेशिया के पौधरोपण और कमोडिटी मंत्री वायबी दातुक सेरी जौहरी बिन अब्दुल गनी ने आम चुनाव के दौरान भारत में चावल और चीनी जैसे आवश्यक कृषि उत्पादों के निर्यात पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने की अपील करते हुए गुरुवार को कहा कि भारत उनके लिए बहुत बड़ा पॉम आयॅल बाजार है क्योंकि भारत में बढ़ता मध्यम वर्ग इस सबसे बड़ा खरीददार है।

गनी ने भारतीय वनस्पति-तेल उत्पादक संघ (आईवीपीए) द्वारा आईवीपीए ग्लोबल राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस के तीसरे संस्करण के शुभारंभ पर यह बात कही। कॉन्फ्रेंस की थीम- वेज ऑयल्स विजन 2030: अवसर और चुनौतियां थी। गनी ने कहा कि मलेशिया पर भारत के निर्यात प्रतिबंधों के प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। अगर भारत खुलता है, तो यह मलेशिया के लिए फायदेमंद होगा। भारत को पाम ऑयल का महत्वपूर्ण निर्यातक मलेशिया, भारत के सुरक्षात्मक उपायों से खुद को चुनौतीपूर्ण स्थिति में पाता है। पिछले वर्ष मलेशिया से भारत को पाम ऑयल और पाम ऑयल उत्पादों का निर्यात कुल 33 लाख टन था, जिसका मूल्य 3 अरब डॉलर था, जो मलेशिया के पाम ऑयल निर्यात का 13% था।

उन्होंने कहा कि 2023 में भारत में तेल और वसा की खपत 2.72 करोड़ टन था और इसमें पॉम ऑयल की हिस्सेदारी 36% थी। भारत में खाद्य और अखाद्य क्षेत्रों में पॉम ऑयल की मांग में तेजी आ रही है क्योंकि मध्यम वर्ग में वृद्धि हो रही है। अभी भारत में मध्यम वर्ग की आबादी 31% है, जिसके 2031 तक बढ़कर 38 % होने का अनुमान है और 2047 तक यह आबादी 60% हो जायेगी।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### किशोरी से दुष्कर्म में चार नाबालिगों सहित 7 गिरफ्तार

**जलपाईगुड़ी, (प. बंगाल),** जलपाईगुड़ी जिले में चाय बागान में 4 नाबालिगों समेत सात लोगों ने किशोरी से कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि किशोरी के परिवार ने जिन सात लोगों को नामजद किया है, उन्हें बीते तीन दिन में गिरफ्तार किया जा चुका है। 7 आरोपियों में से 4 नाबालिग हैं और तीन वयस्क आरोपियों में से दो को पुलिस व एक को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। अधिकारी ने कहा कि नाबालिगों को किशोर गृह भेजा गया है।

### 3.5 करोड़ रुपये लूटने के आरोप में 12 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में ट्रांसपोर्टर के कार्यालय से 3.5 करोड़ रुपये लूटने के आरोप में अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (उत्तरी) मनोज कुमार मीणा ने बताया कि पिछले हफ्ते यहां किशनगंज इलाके में कुछ लोग ट्रांसपोर्टर के कार्यालय में घुस गए थे और बंदूक दिखाकर लूटपाट की थी। गुरुवार को इस मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि चार लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

### अस्पताल में गोलीबारी का साजिशकर्ता गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** जीटीबी अस्पताल में गोलीबारी के मुख्य साजिशकर्ता किशोर सहित तीन लोगों को गुरुवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया। शाहदरा के पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि 14 जुलाई को किशोर के साथ फौजान व सैफ अस्पताल गए। उन्होंने रियाजुद्दीन को वसीम समझ गोली मारकर हत्या कर दी। दोनों आरोपियों और किशोर को भागने के फिराक में थे। पुलिस ने उनको उत्तर–पश्चिम दिल्ली के ब्रह्मपुरी इलाके से गिरफ्तार किया है।

# कांग्रेस विधायक के ठिकानों पर ईडी का छापा

### 1,392 करोड़ रुपये के कर्ज से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के तहत हुई कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 1,392 करोड़ रुपये के कथित बैंक कर्ज धोखाधड़ी के मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के सिलसिले में कार्रवाई करते हुए देश के कई प्रदेशों सहित 15 स्थानों पर छापेमारी की और परिसरों की तलाशी ली। केंद्रीय एजेंसी ने मामले से जुड़े हरियाणा के कांग्रेस विधायक राव दान सिंह, एक धातु निर्माण कंपनी और उसके प्रवर्तकों के ठिकानों पर भी गुरुवार को छापेमारी कर तलाशी अभियान चलाया।

केंद्रीय एजेंसी के गुरुग्राम स्थित कार्यालय के अधिकारियों ने गुरुवार को बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मामले की जांच के तहत हरियाणा के महेंद्रगढ़, बहादुरगढ़, गुरुग्राम तथा दिल्ली और झारखंड के जमशेदपुर समेत 15 स्थानों पर तलाशी ली। कार्रवाई के दौरान ईडी की टीम के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों का एक दल भी था।

सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने जिन लोगों के ठिकानों की तलाशी ली, उनमें महेंद्रगढ़ क्षेत्र से 65 वर्षीय विधायक राव दान सिंह, उनका बेटा अक्षत सिंह, एलाइड स्ट्रिप्स लिमिटेड (एएसएल) कंपनी तथा उसके प्रवर्तक मोहिंदर अग्रवाल, गौरव अग्रवाल व अन्य लोग शामिल हैं। केंद्रीय एजेंसी ने राव दान सिंह के रेवाड़ी स्थित फार्म हाउस की भी तलाशी ली है। एएसएल स्टील रोल उत्पादों का निर्माण करती है। इस कंपनी पर 1,392 करोड़ रुपये के बैंक कर्ज धोखाधड़ी मामले में शामिल होने का आरोप है। जिसकी जांच के तहत केंद्रीय एजेंसी ने कार्रवाई की है।

**बैंक धोखाधड़ी मामला**



- **हरियाणा, दिल्ली और झारखंड समेत 15 स्थानों पर ली गई तलाशी**

### सीबीआई ने 2022 में कंपनी के खिलाफ दर्ज किया था मामला, विधायक ने ली रकम नहीं लौटाई

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2022 में कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सूत्रों के मुताबिक, ऐसा आरोप है कि राव दान सिंह के परिवार और उनकी कंपनियों ने एएसएल से कर्ज लिया था, लेकिन कभी कर्ज की राशि को लौटाया नहीं और बाद में इस कर्ज की रकम को बट्टे खाते में डाल दिया गया, जिसकी जांच के तहत ईडी ने विधायक के ठिकानों की तलाशी के लिए और कंपनी से जुड़े कई स्थानों पर छापेमारी की है। सिंह ने कांग्रेस पार्टी के टिकट पर भिवानी–महेंद्रगढ़ सीट से हाल में लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन वह 41,000 से अधिक वोटों के अंतर से भाजपा के धर्मबीर सिंह से हार गए थे।

## मोदी के खिलाफ हिंसा भड़काने वाले बयानों का इस्तेमाल करती है कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने गुरुवार को कांग्रेस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अक्सर हिंसा भड़काने वाले बयानों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में शब्दों का चयन बेहद महत्वपूर्ण होता है।

उन्होंने कहा कि हिंसा और हत्या जैसे शब्दों से समाज में अनावश्यक तनाव पैदा होता है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पूर्व आईपीएस के लेख का हवाला देते हुए कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए बयानबाजी कई बार हिंसा को उकसाती है। उन्होंने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास का जिक्र किया। वैष्णव ने कहा कि विपक्ष को अपनी गरिमा को बनाए रखना चाहिए। त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी ने संसद में हिंसा और हत्या जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया और चुनाव प्रचार के दौरान मोदी के काफिले पर कुछ फेंके जाने की घटना पर कहा था कि अब मोदी से कोई नहीं डरता। पंजाब के कार्यक्रम के लिए गए प्रधानमंत्री की सुरक्षा खतरे में पड़ गई थी जबकि उस समय वहां कांग्रेस की सरकार थी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी जब कश्मीर और मणिपुर जैसे संवेदनशील स्थानों पर गए थे तो उनकी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।






- **केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले- विपक्ष को अपनी गरिमा को बनाए रखना चाहिए**
- **भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पूर्व आईपीएस के लेख का दिया हवाला**

## जो अपने पास से सेवा करते हैं, वे बड़े होते हैं : भागवत

**रांची, एजेंसी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत ने कहा कि विकास लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। अपने पास से जो लोगों की सेवा करते हैं, वे बड़े होते हैं। एकजुट होकर कार्य करने से सफलता पाई जा सकती है। उन्होंने गांव के विकास के लिए एक-दूसरे की मदद के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया।

उन्होंने यह बात गुरुवार को झारखंड के गुमला जिले के विकास भारती बिशुनपुर में ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कही। कार्यक्रम की शुरुआत में भागवत सहित अन्य अतिथियों का आदिवासी परंपरा के अनुसार पत्ते की टोपी पहनाकर और भगवान जतरा टाना भगत की मूर्ति देकर स्वागत किया गया। भागवत ने कहा कि जिनके पास सब कुछ होता है और वह किसी की सेवा नहीं करते हैं। आदिवासी जनजाति बहुल क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो सका लेकिन एकजुट होकर कार्य करने से सफलता मिलेगी। वर्तमान में विश्वास में सेवा और विकास की आवश्यकता है।



- **झारखंड में ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का संबोधन, लोगों ने भगवान जतरा टाना भगत की मूर्ति देकर किया स्वागत**

## सुप्रीम कोर्ट को मिले दो नये न्यायाधीश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट को गुरुवार दो नए न्यायाधीश मिले। जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एन. कोटिश्वर सिंह और मद्रास हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश आर. महादेवन ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली।

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट परिसर में आयोजित समारोह में दोनों न्यायाधीशों को शपथ दिलाई। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई समेत न्यायाधीशों की संख्या 34 हो गई है। अब सुप्रीम कोर्ट में एक सितंबर 2024 को न्यायमूर्ति हिमा कोहली के सेवानिवृत्त होने तक 34 न्यायाधीश काम करेंगे। सीजेआई चंद्रचूड़ इस साल 10 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे। न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस के सेवानिवृत्त होने के बाद दो पद रिक्त हो गए हैं। केंद्र ने 16 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश को स्वीकृति दे दी थी। सीजेआई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय कॉलेजियम ने 11 जुलाई को केंद्र से दोनों न्यायाधीशों को सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत करने की सिफारिश की थी। कॉलेजियम ने इन दोनों नामों की सिफारिश करते हुए कहा था, उनकी नियुक्ति से पूर्वोत्तर को प्रतिनिधित्व मिलेगा और सिंह मणिपुर राज्य से शीर्ष अदालत के न्यायाधीश बनने वाले पहले न्यायाधीश होंगे। न्यायमूर्ति सिंह को अक्टूबर 2011 में गौहाटी हाईकोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त हुए थे। मणिपुर हाईकोर्ट के गठन के बाद उन्हें वहां स्थानांतरित कर दिया गया।



- **जम्मू कश्मीर के मुख्य न्यायाधीश कोटिश्वर तथा मद्रास हाईकोर्ट के न्यायाधीश महादेवन ने ली शपथ**

## यूट्यूबर सवुक्कू शंकर को रिहा करने का आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर (सवुक्कू) शंकर (48) को रिहा करने का आदेश दिया। उसे कोयंबटूर पुलिस ने 4 मई को एक साक्षात्कार में महिला पुलिस कर्मियों पर अपमानजनक बयान देने के आरोप में गुंडा अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था। वह इस समय कोयंबटूर केंद्रीय कारागार में बंद हैं।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि पीठ शंकर की मां गुंडा अधिनियम के तहत उसकी हिरासत को चुनौती देने वाली दायर पर सुनवाई कर रही थी। वहीं चेन्नई पुलिस के अनुसार, शंकर के खिलाफ सात मामले लंबित हैं, जिनमें से तीन मामलों की जांच चल रही है। दो में आरोप पत्र दायर किए जा चुके हैं। शेष मामलों में सुनवाई लंबित है।

- **शंकर की मां ने हिरासत को चुनौती देते हुए दायर की थी याचिका**

## कर्नाटक सरकार को गिराना चाहती है भाजपा : गौड़ा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि भाजपा राज्य सरकार को गिराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है और कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार लोगों पर वरिष्ठ नेताओं के नाम लेने का दबाव डाल रही है।

राज्य के राजस्व मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने दावा किया कि केंद्र सरकार कर्नाटक सरकार को गिराने का प्रयास कर रही है, जैसा उसने झारखंड, दिल्ली, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में किया था। उन्होंने कहा कि हमारे पास पुख्ता जानकारी है और हम इसे आपके साथ साझा करेंगे।

- **राजस्व मंत्री बोले- केंद्रीय एजेंसियों का कर रही इस्तेमाल**

## 7 घंटे में स्थानांतरित हुए जगन्नाथ मंदिर के रत्न

**पुरी, एजेंसी**

पुरी स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर के प्रतिष्ठित खजाने रत्न भंडार (कोषागार) में रखी गयी मूल्यवान सामग्री और आभूषणों को एक अस्थायी भंडार कक्ष में स्थानांतरित करने का कार्य गुरुवार को सात घंटों के भीतर पूरा हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि रत्न भंडार को इस सप्ताह दूसरी बार खोला गया ताकि बहुमूल्य चीजों को मंदिर परिसर के भीतर एक अस्थायी स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जा सके। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के प्रमुख अरविंद पाढ़ी ने बताया कि रत्न भंडार के आंतरिक कक्ष से सभी कीमती सामान को सफलतापूर्वक मंदिर परिसर के भीतर एक अस्थायी स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित कर दिया गया है। लकड़ी और स्टील की अलमारियों और संदूकों सहित सात कंटेनरों को स्थानांतरित करने की पूरी प्रक्रिया में सात घंटे लगे। मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के निर्देशों के अनुसार आंतरिक कक्ष और अस्थायी 'स्ट्रांग रूम' दोनों को बंद कर सील कर दिया गया है।



- **मंदिर के भीतर अस्थायी स्ट्रॉन्ग रूम में रखा गया सामान**

### 7 कंटेनरों में रखे गए कीमती सामान

पर्यवेक्षण समिति के अध्यक्ष एवं उड़ीसा हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश विश्वनाथ रथ ने कहा कि आंतरिक कक्ष के अंदर आभूषण और कीमती सामान सात कंटेनरों में रखे गए, जिनमें तीन लकड़ी की अलमारियां, दो लकड़ी की पेटियां, एक स्टील की अलमारी और एक लोहे की पेटी है। सभी सामान को नये कंटेनरों में रखा गया और बाद में मंदिर परिसर में अस्थायी स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित कर दिया गया। रथ ने कहा कि स्ट्रांग रूम को सील कर चाबियां पुरी जिलाधिकारी को दे दी गई। चाबियां खजाने में रखी जाएंगी। न्यायमूर्ति रथ ने कहा कि आंतरिक कक्ष के अंदर हमने जो देखा उसका विवरण गोपनीय है। इसे सार्वजनिक रूप से उजागर करना अनुचित होगा।

## तलोजा से अबू सलेम नासिक के केंद्रीय कारागार स्थानांतरित

**मुंबई।** तलोजा केंद्रीय कारागार में बंद अबू सलेम तथा 17 अन्य हाई-प्रोफाइल कैदियों को दूसरी जेलों में भेजा गया है या उन्हें सामान्य बैरक में ले जाया गया है।

अबू सलेम गैंगस्टर एक्ट तथा 1993 मुंबई बम धमाकों का दोषी है जबकि एंटीलिया आतंकवादी मामले के आरोपी बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे के साथ ही एल्गार परिषद मामले के कई आरोपी इनमें शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि सलेम को नासिक सेंट्रल जेल स्थानांतरित किया गया है, जबकि वाजे को ठाणे जेल भेजा गया है और अन्य कैदियों को जेल की सामान्य बैरक में रखा गया है। जेल अधिकारियों ने बताया कि पनवेल में लोनिवि के ऑडिट से पता चला है कि जेल की इमारत उपयोग के लिए असुरक्षित थी।

- **17 अन्य हाई प्रोफाइल कैदी भी दूसरी जेलों में भेजे गए**

## सूरत में 51.4 करोड़ के मादक पदार्थ सहित तीन लोग गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने सूरत के बाहरी इलाके में मेफेड्रोन निर्माण इकाई का भंडाफोड़ कर 51.4 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ और कच्चा माल जब्त किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि सुनील यादव, विजय गजेरा और हरेश कोराट को गिरफ्तार किया गया है। तीनों ने सूरत के पलसाना तालुका के करेली गांव में औद्योगिक इकाई किराए पर ली हुई थी जहां वे विभिन्न सामग्री का उपयोग करके मेफेड्रोन बनाने थे।

# इंग्लैंड ने 4.2 ओवर में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया

● वेस्टइंडीज के खिलाफ ओली पोप का शतक, इंग्लैंड ने चाय तक चार विकेट पर बनाए 259 रन



नॉटिंघम, एजेंसी

इंग्लैंड ने अपना आक्रामक रवैया जारी रखते हुए गुरुवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ सिर्फ 4.2 ओवर में सबसे तेज टीम अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया।

सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और ओली पोप ने मिलकर इंग्लैंड ने 1994 में द ओवल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4.3 ओवर में अर्धशतक के अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। सबसे तेज टीम अर्धशतक की सूची में पहले तीन स्थान पर इंग्लैंड काबिज है। ओली पोप के शतक की बदौलत दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज के खिलाफ चाय तक चार विकेट पर 259 रन बना लिए। चाय ब्रेक तक पोप 115 रन और बेन स्टोक्स 15 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को बल्लेबाजी का न्योता दिया। जाक क्राउले खाता भी नहीं खोल सके और अल्जारी जोसफ का शिकार हो गये। फिर पोप और बेन डकेट (71 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 105 रन की शतकीय साझेदारी निभाई। शमार जोसफ ने डकेट को आउट कर इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। जो रूट (14) ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सके जबकि हैरी ब्रुक ने 36 रन की पारी खेली। पोप ने 143 गेंद में 14 चौके और एक छक्के की मदद से अपना शतक पूरा किया।

# भारत फीफा रैंकिंग में 124वें स्थान पर, अर्जेंटीना ने शीर्ष पर

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को जारी फीफा पुरुष रैंकिंग में 124वें स्थान पर बरकरार है जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन और कोपा अमेरिका विजेता अर्जेंटीना ने अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया। जून में जारी फीफा रैंकिंग में भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम सूची में तीन पायदान खिसक गई थी। ऐसा उसके कतर और अफगानिस्तान से 2026 विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने में विफल होने के कारण हुआ था।

पिछले साल दिसंबर से भारत का रैंकिंग में खिसकना जारी है। भारतीय टीम पिछले साल शीर्ष 100 में पहुंची थी जिसमें उसकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 99 रही थी, लेकिन इसके बाद से उसका खिसकना जारी है। एशिया में भारत 22वें स्थान पर बरकरार है जिसमें वह लेबनान, फलस्तीन और वियतनाम से पीछे है। अर्जेंटीना ने सफलतापूर्वक कोपा अमेरिका खिताब बरकरार रखने के बाद रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पकड़ मजबूत कर ली है। फ्रांस (दूसरी रैंकिंग) यूरो 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दूसरे स्थान पर है। हाल में यूरोपीय चैंपियन बनी स्पेन पांच पायदान के फायदे से तीसरी रैंकिंग पर पहुंची। वहीं उससे हारने वाली इंग्लैंड एक पायदान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गई और उसने ब्राजील को पछाड़ दिया जो एक पायदान खिसककर पांचवें स्थान पर पहुंची। बेल्जियम रैंकिंग में छठे, नीदरलैंड सातवें, पुर्तगाल आठवें और कोलंबिया नौवें स्थान पर काबिज हैं।

# परिवार और गांव का अधूरा सपना सच करेंगे गाजीपुर के राजकुमार

नई दिल्ली, एजेंसी

करीब तीन हजार की आबादी वाले करमपुर गांव से हॉकी स्टिक थामकर सैकड़ों लड़कों ने ओलंपिक खेलने का सपना देखा लेकिन इसे पूरा करने का मौका सिर्फ राजकुमार पाल को मिला है और 'गाजीपुर के राजकुमार' के नाम से मशहूर मिडफील्डर की ख्वाहिश पेरिस में अच्छा प्रदर्शन करके हर एक अधूरे सपने को पूरा करने की है।

वाराणसी से करीब 40 किलोमीटर दूर गाजीपुर के गांव करमपुर के मेघबरन स्टेडियम पर हॉकी का ककहरा सीखने वाले बच्चों के प्रेरणास्रोत बन गए हैं राजकुमार। एक ऐसा गांव जहां से 400 से अधिक लड़कों को हॉकी के जरिए रोजगार तो मिला लेकिन भारत की नुमाइंदगी का



● करमपुर के मेघबरन स्टेडियम पर हॉकी का ककहरा सीखकर ओलंपिक तक पहुंचना था सपना

मौका नहीं। इनमें राजकुमार के दोनों भाई जोखन और राजू भी शामिल हैं जो देश के लिये नहीं खेल पाए। राजकुमार ने अपने पहले ओलंपिक के लिए रवाना होने से पहले कहा हम तीनों भाई हॉकी खेलते हैं। बीच वाले भाई भारतीय टीम के शिविर में रह चुके हैं और बड़े भाई राष्ट्रीय स्तर पर खेले हैं। दोनों भारत के लिए नहीं खेल सके और अब एक रेलवे से और एक सेना से खेलते हैं। अभावों के बीच अपने कोच तेज बहादुर सिंह की मदद से हॉकी के शौक को परवान चढाने वाले 26 वर्ष के इस मिडफील्डर ने कहा मेरे गांव के मैदान से 400 से ज्यादा लड़कों को हॉकी के जरिये नौकरी मिल गई लेकिन इस स्तर पर कोई नहीं खेला। मेरे गांव के लोगों की नजरें मुझ पर है और मैं अपने भाइयों और उन सभी के अधूरे सपने पूरे करने के लिए पेरिस में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा।

10 वर्ष की उम्र में करमपुर के मेघबरन स्टेडियम से हॉकी के अपने सफर की शुरूआत करने वाले राजकुमार ने 2018 में बेल्जियम में पांच देशों के अंडर 23 टूर्नामेंट में खेला और 2020 में भारतीय टीम में पदार्पण किया।

## खेल डायरी

### विश्व जूनियर में अगुआई करेंगे बावा और अनाहत

**नई दिल्ली।** शौर्य बावा और अनाहत सिंह ह्यूस्टन में विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में क्रमश: लड़कों और लड़कियों की टीम स्पर्धाओं में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। बावा ने एकल में कांस्य पदक जीता था, वह युवराज वाधवानी, अयान वाजिराल्ली और अरिहंत केएस के साथ गुरुवार से शुरू होने वाली लड़कों की स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। एकल में क्वार्टरफाइनल तक पहुंची राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत फिर महिलाओं की टीम स्पर्धा में उन्नति त्रिपाठी, निरूपमा दुबे और शमीना रियाज के साथ मिलकर चुनौती पेश करेंगी। भारतीय लड़कों का सामना पहले दौर में कुवैत से होगा जबकि लड़कियां पहले दौर में चीनी ताइपे से भिड़ेंगी।

### विश्व सुपरबाइक चैंपियनशिप में पहले भारतीय क्विंटल

**चेन्नई।** राइडर केविन क्विंटल विश्व एसबीके एसएसपी300 प्रतियोगिता में ऐतिहासिक पदार्पण करने को तैयार हैं जिससे वह विश्व सुपरबाइक चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पहले भारतीय राइडर बन जाएंगे। आयरिश टीम 109 रेट्रो ट्रैफिक कावासाकी और इसकी प्रबंधन कंपनी गामन रेसिंग ग्लोबल सर्विस ने क्विंटल को यह मौका मुहैया कराया जिससे उनकी एसएसपी प्रतियोगिता में चौथे दौर के लिए प्रविष्टि स्वीकार ली गयी। यह एसएसपी स्पर्धा शुक्रवार को चेक गणराज्य के मोस्ट में शुरू होगी। चेन्नई के 19 साल के स्टार क्विंटल आयरलैंड की टीम के मुख्य राइडर स्पेन के डेनियल मोगेडा की जगह लेंगे जिन्हें सुपरस्पोर्ट 300 क्लास के बाद एक दुर्घटना में चोट लग गई थी। इसके बाद ही आयरिश टीम ने भारतीय राइडर को शामिल किया। क्विंटल इस समय यूरोपीय स्टॉक चैम्पियनशिप और एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

### एचसीएल साइक्लोथॉन का दूसरा संस्करण अक्टूबर में

**चेन्नई।** एचसीएल साइक्लोथॉन का दूसरा संस्करण छह अक्टूबर को यहां आयोजित किया जाएगा। एचसीएल समूह ने गुरुवार को साइक्लोथॉन चेन्नई 2024 के दूसरे संस्करण के शुभारंभ की घोषणा की। नोएडा में दो सफल संस्करणों और चेन्नई में 5000 से अधिक साइकिल चालकों की भागीदारी के बाद, एचसीएल साइक्लोथॉन चेन्नई के ईसीआर पर छह अक्टूबर से शुरू होगा। तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण (एसडीएटी) द्वारा संचालित और भारतीय साइकिलिंग महासंघ के तत्वावधान में इस आयोजन में 33 लाख रुपये का पुरस्कार पूल है। पंजीकरण 22 सितंबर तक खुले हैं। तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण के सदस्य सचिव मेघनाथ रेड्डी ने गुरुवार को कहा कि इस संस्करण का विषय चेंज योर गियर है, जो साइकिल चलाने की शक्ति और व्यक्तिगत कल्याण और पर्यावरणीय स्थिरता पर इसके सकारात्मक प्रभाव पर जोर देता है।

### शिखर धवन बने मोटोजीपी के ब्रांड एंबेसडर

**मुंबई।** यूरोस्पोर्ट इंडिया ने भारत में मोटोजीपी के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में भारतीय क्रिकेट आइकन शिखर धवन की नियुक्ति की आज घोषणा की। धवन यूरोस्पोर्ट इंडिया के अभियान फेस कर रेस कर के जरिए रेसिंग के प्रति अपने जुनून का प्रदर्शन करेंगे। धवन ने कहा प्रतिष्ठित मोटोजीपी के साथ इसके भारत के राजदूत के रूप में साझेदारी करना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत में मोटोजीपी को लेकर बढ़ता उत्साह वास्तव में रोमांचकारी है, और यह मेरे लिए एक पूर्ण-चक्र क्षण जैसा है, खासकर जब मैं अपने गृहनगर, दिल्ली की सड़कों पर अपनी पसंदीदा बाइक की सवारी करने के अपने दिनों को याद करते हुए सोचता हूं। इस जीवंत शहर में जन्मे और पले-बढ़े एक क्रिकेटर के रूप में मेरी यात्रा यूरोस्पोर्ट इंडिया के माध्यम से इस नई भूमिका के साथ एक व्यक्तिगत संबंध जोड़ेगी। 2024 मोटोजीपी सीजन में अब तक नौ रेस हो चुकी हैं।

# स्वर्ण के लिए सर्वश्रेष्ठ करूंगी : सिंधू

## अपने तीसरे ओलंपिक में अतीत के अनुभव का फायदा उठाएंगी बैडमिंटन खिलाड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने कहा कि वह पेरिस में तीसरा व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी जिसके लिए वह अतीत के अनुभव से फायदा उठाना चाहेंगी।

सिंधू की निगाहें आगामी ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने पर लगी हैं जिससे वह इतिहास रच सकती हैं क्योंकि उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में रजत और 2020 तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। जियो सिनेमा के द ड्रीमर्स पर बातचीत के दौरान सिंधू ने पेरिस में इतिहास रचने पर ध्यान लगाने के बारे में बात की। हालांकि इस भारतीय स्टार के लिए यह काफी मुश्किल होगा। सिंधू ने कहा पेरिस में तीसरा पदक जीतने के बारे में सोचने की बात निश्चित रूप से मुझे प्रेरित करती है और मैं स्वर्ण पदक जीतने के लिए अथक प्रयास करूंगी। मेरे लिए ओलंपिक ऐसे खेल हैं जिसमें मैं अपना 200 प्रतिशत देती हूं। उन्होंने कहा यह यात्रा 2016 में और 2020 में शानदार रही है जिसमें काफी अथक प्रयास रहे और ऐसे पल रहे जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। पेरिस 2024 के लिए तैयारी नई शुरूआत है और कुछ भी हो, मुझे अपना शत प्रतिशत देना होगा। विश्व रैंकिंग की शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल सिंधू ने कहा ओलंपिक में पिछले प्रदर्शन का काफी अनुभव मेरे पास है जिससे मैं पेरिस 2024 में मदद लूंगी लेकिन मैं पदकों के बारे में सोच सोचकर अतिआत्मविश्वासी नहीं होना चाहती।

उन्होंने कहा मुझे उम्मीद है कि मैं देश की उम्मीदों को पूरा कर सकती हूं और तीसरा पदक जीत सकती हूं क्योंकि लगातार तीन पदक जीतना हंसी मजाक का खेल नहीं है। मेरी सोच स्वर्ण पदक जीतने पर लगी है जिससे मेरा मनोबल बढ़ा हुआ है। सिंधू ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक चलने वाले ओलंपिक की तैयारियों के बारे में लंबी बातचीत की।

उन्होंने कहा मेरे तैयारियां कड़ी मेहनत करने पर लगी हैं। ओलंपिक में काफी कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है और सभी खिलाड़ी अपने शिखर पर होते हैं। दुनिया की शीर्ष 10 से 15 खिलाड़ियों का स्तर समान ही होता है जिसमें आन से यंग, अकाने यामागुची, कैरोलिना मारिन और ताई जु यिंग शामिल हैं। सिंधू ने कहा ओलंपिक में कोई भी अंक आराम से नहीं मिलता जिससे हर अंक के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है। ओलंपिक में कुछ भी हो सकता है, एक छोटी सी गलती सबकुछ बदल सकती है।




# तैराक श्रीहरि नटराज की नजरें ओलंपिक सेमीफाइनल पर

नई दिल्ली, एजेंसी

PARIS 2024
ओलंपिक 7 दिन शेष

पिछले साल राष्ट्रीय खेलों में आठ स्वर्ण समेत दस पदक जीतने वाले भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज 2017 से लगातार खेल रहे हैं और कड़े अभ्यास से थककर आखिर उन्हें कुछ समय का ब्रेक लेना पड़ा।

नटराज ने कहा मुझे आराम की जरूरत थी क्योंकि 2023 सत्र काफी व्यस्त था जिसमें इतने सारे टूर्नामेंट थे। मुझे लगा कि अगर ब्रेक नहीं लिया तो शरीर टूट जाएगा। इससे चोट का भी डर रहता या अभ्यास की इच्छा ही मर जाती। शरीर पर काफी दबाव था लिहाजा मैने कुछ समय का ब्रेक ले लिया। ब्रेक के बाद तरोताजा होकर 23 बरस के नटराज दूसरा ओलंपिक खेलने को तैयार हैं जिसमें वह सौ मीटर बैकस्ट्रोक में भाग लेंगे। यूनिवर्सिलिटी कोटा से ओलंपिक जा रहे नटराज ने तोक्यो ओलंपिक के लिये सरधे क्वालीफाई किया था। यूनिवर्सिलिटी कोटा के तहत जिस देश के तैराक सीधे



क्वालीफाई नहीं कर सके हों, उनके सर्वोच्च रैंकिंग वाले दो तैराकों को ओलंपिक खेलने का मौका मिलता है। यह निराशाजनक था कि मैं सीधे क्वालीफाई नहीं कर सका लेकिन इसे लेकर चिंतित नहीं हूं। मुझे कोटा मिल गया है और अब या तो मैं अपने अभ्यास पर फोकस कर सकता हूं या इसका दुख मना सकता हूं कि मुझे सीधे क्वालीफिकेशन नहीं मिला। ब्रेक से लौटने के बाद उन्होंने स्पेन और फ्रांस में मेयर नोस्ट्रम मीट में दो रजत पदक जीते।

# हमारे पास अगले ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की हैं योजनाएं : मनिंदर

**चेन्नई।** भारतीय साइकिलिंग महासंघ (सीएफआई) के महासचिव मनिंदर पाल सिंह ने गुरुवार को कहा कि कोविड -19 महामारी ने भारतीय खिलाड़ियों के पेरिस ओलंपिक में भाग लेने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया, लेकिन उनके पास 2028



लॉस एंजिल्स खेलों के लिए योजनाएं है। भारत ने एशियाई खेलों में साइकिलिंग में तीन पदक जीते हैं लेकिन अभी तक ओलंपिक में किसी खिलाड़ी को प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। मनिंदर कहा कि साइकिलिंग में ओलंपिक क्वालीफिकेशन दूसरे खेलों से काफी अलग है। हम अगले ओलंपिक (लॉस एंजिल्स में) में जगह बनाने की राह पर हैं। हमारी योजनाएं सही हैं और हम पहली बार क्वालीफाई करने को लेकर आशान्वित और आश्वस्त हैं।

# उद्घाटन समारोह से पहले सीन नदी को किया सील

**पेरिस।** सीन नदी के किनारे ओलंपिक आतंकवादी विरोधी इंतजामों की शुरुआत के साथ गुरुवार को मध्य पेरिस में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई जिसके चलते पहले से पास के लिए आवेदन नहीं करने वाले पेरिसवासियों और पर्यटकों के लिए कई किलोमीटर लंबा क्षेत्र सील कर दिया गया। कई लोगों की जुबान पर क्यूआर कोड शब्द थे।

यह वह पास है जो 26 जुलाई को होने वाले ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह की सुरक्षा के लिए स्थापित सुरक्षा घेरे में लगाए गए धातु अवरोधों के पार जाने की स्वीकृति देता है। जिन लोगों के पास फोन पर या कागज के टुकड़ों पर यह कीमती कोड था वे धातु अवरोधों के बीच विभिन्न अंतराल पर बनी पुलिस चौकियों से आसानी से गुजर गए। अपवाद के रूप में पेरिस ने पिछले मेजबान शहरों की तरह स्टेडियम के बजाय नदी पर उद्घाटन समारोह करने का फैसला किया है। बाद में नदी के आस-पास अधिकांश सुरक्षा उपाय हटा दिए जाएंगे।

# सूर्या होंगे श्रीलंका दौरे में टी-20 टीम के नए कप्तान, शुभमन बने उपकप्तान

मुंबई, एजेंसी

श्रीलंका के दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान गुरुवार को कर दिया है। भारत की टी-20 टीम की कमान सूर्य कुमार यादव को सौंपी है जबकि वनडे टीम की कप्तानी रोहित शर्मा के पास ही रहेगी। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने विज्ञप्ति के जरिए यह जानकारी साझा की। भारतीय टीम श्रीलंका दौरे में तीन टी20 और तीन एक दिवसीय मैच खेलेगी। गौतम गंभीर को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है।

कप्तान की रेस में हार्दिक पांड्या



और सूर्य कुमार यादव का नाम आगे चल रहा था जिसमें सूर्य कुमार को नए कोच गौतम गंभीर की पसंद माना जा रहा था। शाह ने बताया कि टी-20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल होंगे। टीम के अन्य सदस्यों में यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप, खलील अहमद और सिराज शामिल हैं। एक दिवसीय टीम में भी उपकप्तान की भूमिका में शुभमन गिल होंगे। टीम के अन्य सदस्यों में विराट, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ (विकेटकीपर), श्रेयस, शिवम दुबे, कुलदीप, सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद और हर्षित राणा को शामिल है। शाह ने कहा कि आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र, 2024-25 में खिलाड़ियों की उपलब्धता और भागीदारी पर नजर रखना जारी रखेगा।

## बॉलीवुड हलचल



# रेस 4 में काम करेंगे सलमान और सैफ

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और सैफ अली खान रेस 4 में काम करते नजर आ सकते हैं। रेस एक एक्शन-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसके अभी तक 3 पार्ट आ चुके हैं। फिल्म के पहले दो पार्ट में सैफ अली खान ने लीड रोल निभाया था और रेस 3 में सलमान खान नजर आए थे। अब इसके चौथे पार्ट यानी रेस 4 पर काम किया जा रहा है। कुछ दिनों पहले फिल्म के निर्माता रमेश तौरानी ने रेस 4 की शूटिंग और अन्य जानकारी शेयर की थी। कहा जा रहा है कि रेस 4 में सलमान खान और सैफ अली खान नजर आ सकते हैं। दोनों कलाकार इस फिल्म में एक साथ काम करने के लिए तैयार हैं, लेकिन अभी उन्होंने स्क्रिप्ट पर मंजूरी नहीं दी है। यदि इस फिल्म में दोनों एक्टर्स ऑफिशियल तौर पर काम करने के लिए तैयार हो जाते हैं तो ऐसा पहली बार होगा जब बॉलीवुड के ये दोनों सितारे रेस फ्रेंचाइजी में साथ दिखाई देंगे। निखिल आडवाणी रेस 4 को निर्देशित करेंगे।

# आसान नहीं है दर्शकों को हंसाना: विक्की कौशल

**लखनऊ।** उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक, मसान और सैम बहादुर जैसी सुपरहिट फिल्मों में अपने किरदार का लोहा मनमाने वाले बालीवुड स्टार विक्की कौशल का मानना है कि अपने अभिनय से दर्शकों को हंसाना और गुदगुदाना आसान काम नहीं है। अपनी अगली फिल्म 'बैड न्यूज' के प्रमोशन के सिलसिले में नवाब नगरी पहुंचे विक्की ने गुरुवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा अभी तक जितनी भी फिल्में की हैं, उनसे 'बैड न्यूज' काफी अलग है, क्योंकि इसमें मुझे कॉमेडी करने का मौका मिला है। हालांकि कॉमेडी करना इतना आसान नहीं होता है, लेकिन मैंने इसे स्वीकार करते हुए अपने आपको थोड़ा चेंज करने की कोशिश की है। विक्की पिछले साल सैम बहादुर फिल्म में नजर आये थे। इस फिल्म में उनके अभिनय की खूब तारीफ हुयी थी। विक्की ने साल 2015 में फिल्म 'मसान' से बतौर लीड एक्टर बॉलीवुड डेब्यू किया था। उनके फिल्मी करियर को नौ साल हो गए हैं। इस दौरान उन्होंने 10 फिल्में दी हैं जिनमें तीन हिट और एक ब्लॉकबस्टर फिल्म रही है। आनंद तिवारी के निर्देशन में बनी बैड न्यूज में विक्की के साथ एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी और एमि विर्क लीड रोल्स में है।

**महिला एशिया कप** | पहला मुकाबला आज शाम 7 बजे से, आठ टीमें खिताब के लिए करेंगी प्रतिभा का प्रदर्शन

# पाकिस्तान के खिलाफ जीतने उतरेगा भारत

दांबुला, एजेंसी

कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय महिला टीम शुक्रवार को अपने चिरप्रतिद्वंदी पाकिस्तान को हरा कर अपने महिला एशिया कप 2024 अभियान का आगाज करेगी। महिला एशिया कप 2024 के बहुप्रतीक्षित मुकाबला टूर्नामेंट के पहले दिन ही दांबुला में खेला जाएगा। ग्रुप ए में भारत के अलावा पाकिस्तान, यूएई, नेपाल की टीमें शामिल है जबकि ग्रुप बी में मेजबान श्रीलंका के अलावा बांग्लादेश, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें रखी गई हैं। दोनो टीमों के बीच मुकाबला भारतीय समयानुसार आज शाम 7 बजे से शुरु होगा।




महिला एशिया कप 2024 के आगाज से पहले प्रेसवार्ता में पहुंचीं सभी टीमों की कप्तान। ● एजेंसी

आंकड़ों के लिहाज से भारतीय टीम पाकिस्तान की तुलना में काफी भारी है। एशिया कप में भी भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ छह में से मैच जीते हैं, हालांकि भारत को पाकिस्तान के खिलाफ हार भी पिछले एशिया कप के दौरान ही मिली थी। अब तक दोनों टीमों के बीच 14 मैच खेले गए हैं, जिसमें भारत को 11 में जीत मिली है। टी-20 विश्व कप 2016 में दिल्ली में खेले गए मैच में भारत को पाकिस्तान से दो रनों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। यह उन तीन मैचों में से एक मैच था जब भारत को पाकिस्तान के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। यह इकलौता ऐसा मैच भी जो इन दोनों टीमों ने एक दूसरे के देश में अब तक खेला है। स्मृति मांधना और शेफाली वर्मा के रूप में भारत के पास एक विध्वंसक सलामी जोड़ी है। मांधना ने टी20 में 28.13 की औसत और 121.83 के स्ट्राइक रेट से 3320 रन बनाए हैं। जबकि शेफाली ने 129.48 के स्ट्राइक रेट और 24.27 की औसत से 1748 रन बनाए हैं। भारत पर अगर पाकिस्तान को दबाव बनाना है तो उसे इन दोनों को ही जल्दी पवेलियन भेजना होगा।

पाकिस्तान के लिए सबसे अहम खिलाड़ी खुद उनकी कप्तान निदा डार साबित हो सकती हैं। हरफनमौला डार गेंदबाजी के दौरान अधिकांश समय विकेट निकाल पाने में सफल होती हैं और अपनी टीम के लिए प्रायः उपयोगी रन भी बनाती हैं। सिदरा अमीन इस समय क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में बेहतरीन लय में हैं। उन्होंने अपनी पिछली आठ टी20 पारियों में 205 रन बनाए हैं। हरमनप्रीत कौर की टीम ने पिछले एक साल में 17 टी-20 मुकाबले खेले हैं जिनमे से दस में उनके हाथ जीत लगी है जबकि पांच में उसे हार का सामना करना पड़ा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### नेपाल का भविष्य उज्ज्वल है: प्रधानमंत्री ओली

**काठमांडू।** नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने गुरुवार को कहा कि देश का भविष्य उज्ज्वल है, लेकिन लगातार राजनीतिक उथल-पुथल के बीच इसके वर्तमान परिदृश्य को बदलने की जरूरत है। द राइजिंग नेपाल अखबार के अनुसार, चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में सोमवार को शपथ लेने वाले ओली ने कहा कि देश का वर्तमान परिदृश्य अच्छा नहीं है। नेपाल को लगातार राजनीतिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ा है क्योंकि गणतंत्र लागू होने के बाद पिछले 16 वर्षों में देश ने 14 सरकारें देखी हैं।

### राफा क्रॉसिंग को फिर से खोलने का प्रस्ताव खारिज

**रामल्लाह।** फिलिस्तीन ने इजरायल की वापसी के बिना राफा क्रॉसिंग को फिर से खोलने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। आधिकारिक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्र के अनुसार पिछले सप्ताह मिस्र और गाजा पट्टी के बीच राफा सीमा क्रॉसिंग के संचालन की संभावना का पता लगाने के लिए फिलिस्तीन, अमेरिका और इजरायल के प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित की गई थी।

### चीन में एक मॉल में आग लगने से 16 लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के दक्षिण पश्चिम में सिचुआन प्रांत में एक शॉपिंग मॉल में आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। चीन के सरकारी मीडिया के अनुसार, बुधवार की शाम करीब छह बजे सिचुआन प्रांत के जिगोंग शहर के हाई-टेक जोन में स्थित 14 मंजिला इमारत में आग लग गई। तस्वीरों और वीडियो में धुएं का गुबार दिख रहा है। स्थानीय अग्निशमन विभाग ने बताया कि बचाव अभियान गुरुवार को पूरा हो गया। इमारत में फंसे करीब 75 लोगों को बाहर निकाल लिया गया।

### यूक्रेन की सेना रूस के हमले के बाद पीछे हटी

**कीव।** यूक्रेन की सेना पूर्वी दोनोत्सक क्षेत्र के उरोझाइन गांव से पीछे हट गई है और उसने एक अन्य अग्रिम मोर्चे पर भी आत्मसमर्पण कर दिया है। वहीं दूसरी ओर रूस की सेना लगातार हमले कर यूक्रेन की सुरक्षा दीवार को ध्वस्त कर रही है। स्थानीय स्तर पर लड़ रही थल सेना के प्रवक्ता नजर वोलोशिन ने एसोसिएटेड प्रेस को एक लिखित संदेश में बताया कि गांव मलबे में तब्दील हो गया है, जिससे वहां मोर्चे पर डटे रहना असंभव हो गया है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि सेना कब पीछे हटी। रूस ने फरवरी 2022 में युद्ध के शुरुआती दिनों में उरोझाइन पर कब्जा कर लिया था।

### चंद्रमा पर लैंडर भेजने का नासा का मिशन रद

**वाशिंगटन।** अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा कि वह लागत में वृद्धि और प्रक्षेपण में देरी होने के कारण, पानी की खोज के लिए चंद्रमा पर रोवर भेजने के मिशन को रद कर रहा है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बुधवार को कहा कि वाइपर रोवर को एस्ट्रोबोटिक टेक्नोलॉजी द्वारा उपलब्ध कराए गए एक लैंडर के जरिये 2023 के अंत तक प्रक्षेपित किया जाना था लेकिन अतिरिक्त परीक्षण और लागत बढ़ने से मिशन में देरी होती रही, जिससे अन्य परियोजनाओं पर खतरा मंडराने लगा है।

# तकनीकी दिक्कत के चलते रूस में उतरा एयर इंडिया का विमान

मुंबई, एजेंसी

- दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को जा रहा विमान क्रास्नोयार्स्क अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लैंड किया

दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को जा रही एअर इंडिया के एक विमान को गुरुवार को तकनीकी दिक्कत के चलते रूस के क्रास्नोयार्स्क अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारा गया। एयरलाइन ने यह जानकारी दी।

एअर इंडिया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विमान के मार्ग में परिवर्तन करने के बाद इसे क्रास्नोयार्स्क अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतारा गया। उसने कहा कि वह यात्रियों की देखभाल सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही है। विमान में सवार यात्रियों की संख्या का तुरंत पता नहीं चल सका है। एअर इंडिया ने कहा, दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को जा रही एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-183 को एक तकनीकी कारण से रूस के क्रास्नोयार्स्क अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (यूएनकेएल) पर उतारा गया। एयरलाइन ने कहा, हम संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि विमान के दोबारा से उड़ान भरने तक यात्रियों की देखभाल की जा सके। एअर इंडिया ने कहा, यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा और कुशलता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# भूस्खलन एक गंभीर प्राकृतिक आपदा



भारत में भूस्खलन एक गंभीर प्राकृतिक आपदा है जिसके भयानक परिणाम होते हैं। पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्रों में आबादी के बढ़ने के साथ ही भूस्खलन को समझना, सतत विकास और आपदा प्रबंधन के लिए महत्त्वपूर्ण हो जाता है। आइए भूस्खलन के विभिन्न पहलुओं को समझने का प्रयास करते हैं।

### भू-वैज्ञानिक घटना है भूस्खलन

भूस्खलन एक भू-वैज्ञानिक घटना है, जिसमें पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव से चट्टान, मिट्टी या मलबे के एक बड़े हिस्से का अचानक और तेजी से ढलान पर नीचे की ओर खिसकना शामिल होता है। इसमें वृहद् स्तर पर पत्थरों का खिसकना, मिट्टी और हिमनदों का बहाव तथा पहाड़ियों का टूटना आदि को सम्मिलित किया जाता है।

### भारत में भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्र

भारत विश्व के शीर्ष पांच भूस्खलन संभावित देशों में से एक है। बर्फ से ढके क्षेत्रों को छोड़कर, भारत का लगभग 12 .6 प्रतिशत भौगोलिक भूमि क्षेत्र भूस्खलन की संभावना वाला है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र भारत के कुल भूस्खलन संभावित क्षेत्रों का लगभग 50 प्रतिशत शामिल है। हिमालय में स्थित उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू और कश्मीर, पश्चिमी घाट के किनारे स्थित महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु और पूर्वी घाट के साथ आंध्र प्रदेश में अरकू क्षेत्र शामिल हैं।

### भूस्खलन के लिए संभावित क्षेत्र

- पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्र जैसी खड़ी ढलानों पर भूस्खलन की घटनाएं होना सामान्य बात है।
- ऐसे स्थान जहां चट्टानों में जोड़ और दरारें हों, वहां भूस्खलन की घटनाओं का खतरा अधिक होता है।
- जहां कमज़ोर और वायुदार मिट्टी मौजूद हो, वो भी भूस्खलन को बढ़ावा देती है।
- वनों में आग लगने से मिट्टी कमज़ोर हो जाती है, जिससे भूस्खलन का खतरा बढ़ जाता है।
- वनों की कटाई और निर्माण कार्य जैसी मानवीय गतिविधियों से भी भूस्खलन हो सकता हैं।
- नदियों और नालों के किनारे भी भूस्खलन-संभावित क्षेत्र होते हैं।
- जहां सतही जल जमा होता है या भूमि, जल से अत्यधिक संतृप्त हो जाती है, वहां भी भूस्खलन की आशंका अधिक होती है।

# हिंसक झड़पों में 18 और लोगों की मौत

## बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर हिंसा

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में गुरुवार को सरकारी नौकरियों के लिए आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान राजधानी ढाका तथा अन्य जगहों पर हिंसा भड़कने से कम से कम 18 और लोगों की मौत हो गई तथा 2,500 से अधिक लोग घायल हो गए। इसके साथ ही विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से मरने वालों की संख्या 25 हो गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने ढाका के रामपुरा इलाके में सरकारी बांग्लादेश टेलीविजन भवन की घेराबंदी कर दी और इसके अगले हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया और वहां खड़े अनेक वाहनों को आग लगा दी। इससे वहां पत्रकारों सहित कई कर्मचारी फंस गए। ढाका और अन्य शहरों में विश्वविद्यालय के छात्र 1971 में पाकिस्तान से देश की आजादी के लिए लड़ने वाले युद्ध नायकों के रिश्तेदारों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कुछ नौकरियों को आरक्षित करने की प्रणाली के खिलाफ कई दिनों से रैलियां कर रहे हैं। समाचारपत्र द डेली स्टार ने कहा, ''प्रदर्शनकारियों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों तथा सत्तारूढ़ पार्टी के लोगों के बीच आज देश भर में हुई झड़पों में कम से कम 18 लोग मारे गए तथा 2,500 से अधिक लोग घायल हो गए। इससे पहले, प्रोथोम अलो अखबार ने अपनी खबर में कहा था, कुल मिलाकर 11 लोगों की मौत की खबर है। इनमें नौ लोगों की मौत ढाका, एक व्यक्ति की मौत राजधानी के बाहरी इलाके सावर तथा एक व्यक्ति की मौत दक्षिण-पश्चिमी मदारीपुर जिले में हुई है।



बांग्लादेश में अनिश्चितकाल बंद के दौरान तैनात सुरक्षाकर्मी।

### बांग्लादेश में बाहर न निकलें भारतीय : भारतीय उच्चायोग

**ढाका।** भारत ने बांग्लादेश में हो रहे विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर यहां रहने वाले अपने नागरिकों के लिए गुरुवार को परामर्श जारी करते हुए कहा कि वे यात्रा करने से बचें और कम से कम बाहर निकलें। सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जारी विरोध प्रदर्शनों में हिंसा फैलने से देशभर में कम से कम छह लोगों की जान जा चुकी है। हिंसा के कारण सरकार ने मंगलवार देर रात बांग्लादेश में सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के साथ-साथ स्कूलों और कॉलेजों को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया तथा छात्रों से छात्रावास खाली करने को कहा गया। भारतीय उच्चायोग ने यहां एक बयान में कहा, बांग्लादेश में मौजूदा हालात को देखते हुए बांग्लादेश में रहने वाले भारतीय समुदाय के सदस्यों और भारतीय छात्रों को यात्रा से बचने और अपने निवास स्थान से बाहर कम से कम आवाजाही की सलाह दी जाती है।

### सरकार ने विरोधी छात्रों से बातचीत की इच्छा जताई

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने गुरुवार को देशभर में फिर से हिंसा भड़कने के बाद नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ बातचीत करने की इच्छा व्यक्त की। आधिकारिक समाचार एजेंसी बीएसएस ने बताया कि अधिकारियों ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजधानी सहित देश भर में बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के जवानों को तैनात किया है। कानून मंत्री अनीसुल हक ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ बातचीत के लिए बैठक करने का फैसला किया और यह जिम्मेदारी उन्हें तथा शिक्षा मंत्री मोहिबुल हसन चौधरी को सौंपी गई है। उन्होंने कहा, जब भी वे सहमत होंगे, हम बैठक करेंगे। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कानून मंत्री से उच्चतम न्यायालय में लंबित आरक्षण मामले की जल्द सुनवाई के लिए पहल करने को कहा है।

# नेपाल में भूस्खलन बस हादसे में अभी तक 19 शव बरामद

**काठमांडू।** नेपाल के चितवन जिले में पिछले सप्ताह दो बसों के भूस्खलन के मलबे के साथ नदी में बहने के बाद बचावकर्मियों ने अब तक 19 शव बरामद किए हैं, जिनमें चार भारतीय भी शामिल हैं। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। भूस्खलन की यह घटना शुक्रवार को चितवन जिले के नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर सिमलताल इलाके में हुई थी। 54 लोगों में से तीन लोग घटना के तुरंत बाद तैरकर सुरक्षित निकल गए। बीरगंज से काठमांडू जा रही पहली बस में सात भारतीय नागरिकों समेत 24 यात्री थे। काठमांडू से गौर जा रही दूसरी बस में 30 लोग सवार थे।

# विदेश में भारत का पहला जन औषधि केंद्र खुला

पोर्ट लुई, एजेंसी

- विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मॉरीशस में उद्घाटन किया

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। जयशंकर 16 से 17 जून तक दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस में थे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ भारत के पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन दोनों देशों के बीच विशेष रूप से स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग का प्रमाण है। सभी को सस्ती जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए जन औषधि केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री कुमार जगन्नाथ के साथ मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते हुए प्रसन्नता हो रही है। यह औषधि केंद्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वादे के तहत शुरू किया गया है। उन्होंने कहा, भारत-मॉरीशस स्वास्थ्य साझेदारी परियोजना के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए किफायती, भारत में निर्मित दवाओं की आपूर्ति की जाएगी।

# बाइडन फिर कोविड-19 से हुए संक्रमित

मिलवाउकी, एजेंसी

- लास वेगास में उनका एक महत्वपूर्ण प्रचार अभियान बीमारी के कारण बाधित हो गया



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन एक बार फिर कोविड-19 से संक्रमित हो गए हैं। व्हाइट हाउस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इसके साथ, राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के महत्वपूर्ण मोड़ पर उन्हें अपना अभियान रोकना पड़ा है। बाइडन (81) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मैं बीमार हूं। बाइडन बुधवार को कोविड-19 से संक्रमित हो गए, जिसके कारण लास वेगास में उनका एक महत्वपूर्ण प्रचार अभियान बाधित हो गया।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने एक बयान में कहा, उन्हें कोविड-19 रोधी टीका लगा हुआ है और उन्होंने बूस्टर डोज भी ले रखी है। उनमें हल्के लक्षण नजर आ रहे हैं। बाइडन अपने आवास डेलावेयर लौट आये हैं, जहां वह एकांतवास में रहेंगे। हालांकि, इस दौरान वह अपने सभी दायित्वों का निर्वहन करेंगे। प्रेस सचिव ने कहा कि व्हाइट हाउस राष्ट्रपति की स्थिति के बारे में नियमित जानकारी उपलब्ध कराता रहेगा।

# उर्सुला वॉन डेर लेयेन यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष फिर चुनी गईं

**स्ट्रासबर्ग (फ्रांस)।** यूरोपीय संसद के सांसदों ने गुरुवार को उर्सुला वॉन डेर लेयेन को दूसरी बार पांच साल के लिए यूरोपीय संघ के कार्यकारी आयोग की अध्यक्ष के रूप में चुना। उर्सुला के फिर से चुने जाने से 27 देशों के इस समूह के नेतृत्व की निरंतरता सुनिश्चित हो गई है क्योंकि यूरोप यूक्रेन युद्ध से लेकर जलवायु परिवर्तन तक विभिन्न संकटों से जूझ रहा है। पिछले महीने 720 सदस्यीय यूरोपीय संसद के चुनाव में धुर दक्षिणपंथियों की संख्या बढ़ने से यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष पद का चुनाव दिलचस्प हो गया था। उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने उन्हें पद पर बनाए रखने के संबंध में यूरोपीय संसद में होने वाले मतदान से पहले संकट और ध्रुवीकरण के समय यूरोप के लिए एक मजबूत नेता बने रहने का संकल्प लिया था।

# छात्रा की मौत के बाद हंसने वाला पुलिसकर्मी बर्खास्त

न्यूयॉर्क/सिएटल, एजेंसी



- वाशिंगटन के नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी की भारतीय छात्रा की सड़क हादसे में मौत का मामला

अमेरिका में भारतीय छात्रा की मौत के बाद असंवेदनशील टिप्पणियां करने और हंसने वाले एक पुलिस अधिकारी को बर्खास्त कर दिया गया है। वाशिंगटन के नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी की छात्रा जाह्नवी कंडुला (23) जब 23 जनवरी को सड़क पार कर रही थी, तब पुलिस के एक वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी। इस वाहन को केविन डेव नाम का अधिकारी चला रहा था और वह एक अन्य मामले की जांच के लिए तेजी से वाहन चलाते हुए जा रहा था। वाहन की टक्कर से कंडुला 100 फुट दूर जाकर गिरी थी।

सिएटल पुलिस विभाग द्वारा जारी बॉडीकैम फुटेज में अधिकारी डैनियल ऑडरर भीषण दुर्घटना पर हंसते हुए और यह कहते सुनाई दिया कि ओह, मुझे लगता है कि वह बोनट पर आ गिरी, आगे के शीशे से टकराई और फिर जब उसने (पुलिस वाहन के चालक ने) ब्रेक मारे तो कार से दूर जाकर गिरी... वह मर चुकी है। अनुशासनात्मक कार्रवाई रिपोर्ट में कहा गया कि ये असंवेदनशील टिप्पणियां करने के बाद ऑडरर चार सेकंड तक जोर-जोर से हंसा। सिएटल पुलिस विभाग की कार्यवाहक प्रमुख स्यू राह ने एक ई-मेल में कहा कि कंडुला के परिवार को जो पीड़ा पहुंची उसे दूर नहीं जा सकता।

# इमरान की पार्टी पर प्रतिबंध के निर्णय को पीपीपी का समर्थन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज द्वारा जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के फैसले का गुरुवार को गठबंधन की प्रमुख सहयोगी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने समर्थन करने की घोषणा की। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने घोषणा की है कि वह कैबिनेट के सभी फैसलों का समर्थन करेगी। सूचना मंत्री अता तरार ने सोमवार को खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले के बारे में एक महत्वपूर्ण घोषणा की थी, जिसके बाद कई लोगों के मन में यह सवाल उत्पन्न हुआ था कि क्या नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) को इस मामले में अपने गठबंधन सहयोगियों का समर्थन प्राप्त है।

# पाकिस्तान में फेसबुक और इंस्टाग्राम पर बंदिशें

लाहौर, एजेंसी

- सरकार के इस कदम को सोशल मीडिया पर पूर्ण रोक की योजना के तौर पर देखा जा रहा

पाकिस्तान की सरकार ने सोशल मीडिया मंच एक्स को करीब छह महीने तक सफलतापूर्वक प्रतिबंधित रखने के बाद फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे मंचों को भी निशाना बनाया और आम लोगों तक इनकी पहुंच रोक दी है। सरकार के इस कदम को सोशल मीडिया पर पूर्ण रोक की योजना के तौर पर देखा जा रहा है।

पाकिस्तान में बुधवार से फेसबुक और इंस्टाग्राम पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे उपयोगकर्ताओं को विभिन्न इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) के सोशल मीडिया मंच तक पहुंच बनाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ उपयोगकर्ताओं को मेटा के स्वामित्व वाले अन्य ऐप, जैसे व्हाट्सऐप के साथ भी समस्याएं आ रही हैं। पाकिस्तान की सरकार ने आम जनता तक फेसबुक और इंस्टाग्राम की पहुंच रोकने के संबंध में अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। यह प्रतिबंध उच्च न्यायपालिका, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान के बीच चल रही खींचतान के बीच लगाया गया है। माना जाता है कि पाकिस्तान में सरकार सेना चला रही है।

पंजाब प्रांत में पाकिस्तान की सबसे अधिक 12 करोड़ आबादी रहती है। दूरसंचार कंपनी नयाटेल ने गुरुवार को एक्स पर कहा, पिछले दो दिन से सभी सेवा प्रदाताओं द्वारा मुहैया कराई जा रही फेसबुक और इंस्टाग्राम सेवाएं बाधित हैं। यह रुकावट पहले से ही अवरुद्ध ट्विटर/एक्स के अतिरिक्त है।

# चीन ने पूर्व विदेश रक्षा मंत्रियों को शीर्ष निकाय से हटाया

**बीजिंग।** चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने गुरुवार को अपनी केंद्रीय समिति से बर्खास्त विदेश मंत्री किन गांग का इस्तीफा स्वीकार कर लिया तथा पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और दो अन्य शीर्ष जनरलों को पार्टी से निष्कासित करने के निर्णय का समर्थन किया। यह निर्णय गुरुवार को यहां संपन्न हुई पार्टी की केंद्रीय समिति की शीर्ष स्तरीय बैठक के दौरान लिया गया। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के तीसरे पूर्ण अधिवेशन नामक चार दिवसीय सत्र के अंत में जारी विज्ञप्ति के अनुसार, अर्थव्यवस्था में सुधार के उपायों पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई बैठक में कॉमरेड किन गांग का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। किन (58) सबसे कम समय तक विदेश मंत्री रहने के बाद 2023 में अचानक सार्वजनिक तौर पर दिखना बंद हो गये थे।

# अलग हुए हार्दिक पांड्या और नताशा स्टेनकोविक

नयी दिल्ली, एजेंसी



- आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर फैसले का खुलासा किया

भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने गुरुवार को चार साल के रिश्ते के बाद पत्नी नताशा स्टेनकोविक से अलग होने की घोषणा की। दोनों ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक संयुक्त बयान में इस फैसले का खुलासा किया। दोनों ने 31 मई 2020 को शादी की थी और इसी साल 30 जुलाई को उनके बेटे अगस्त्य का जन्म हुआ था। उन्होंने 14 फरवरी 2023 को उदयपुर में एक भव्य समारोह में करीबी दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में रीति रिवाज से दोबारा शादी की थी।

इंस्टाग्राम पर उन्होंने लिखा, चार साल साथ रहने के बाद नताशा और मैंने मिलकर अलग होने का फैसला किया है। हमने साथ मिलकर सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया और सब अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। अब हम लोगों को लगता है कि अलग होने में हम दोनों की भलाई है। उन्होंने लिखा, यह हमारे लिए एक मुश्किल फैसला था क्योंकि हमने साथ मिलकर परिवार के तौर पर आनंद लिया, एक दूसरे का सम्मान किया और साथ दिया।

खगोल विज्ञान | नासा के मून ऑर्बिटर द्वारा पता चली महत्वपूर्ण जानकारी

# चांद पर खोजा अंतरिक्ष यात्रियों के ठहरने का ठिकाना

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** चंद्रमा पर एक आश्चर्यजनक सुरंग का पता चला है। यह सुरंग ज्वालामुखी से निकले लावा के बाहर निकलने का मार्ग है। नासा के मून ऑर्बिटर द्वारा वैज्ञानिकों की अंतर्राष्ट्रीय टीम ने ये खोज की है। यह स्थान अंतरिक्ष यात्रियों के ठहरने के लिए उपयुक्त स्थान हो सकता है।

भले ही मानव समेत कई अंतरिक्ष मिशन चंद्रमा पर चलाए गए हों, लेकिन नई खोज बेहद महत्वपूर्ण है। इस खोज से संभावना व्यक्त की जा सकती है कि चांद की सतह हैरतअंगेज कई अन्य रहस्यों का पता चल सकता है। चंद्रमा की सतह पर मिली सुरंग को लेकर शोधकर्ताओं की अंतर्राष्ट्रीय टीम का कहना है कि चंद्रमा पर सुरंगनुमा लावा ट्यूब की पहली बार पुष्टि हुई है। यह लावा ट्यूब चांद के मारे ट्रैंक्विलिटैटिस नामक सतह के नीचे है। यह वही स्थान है, जहां 1969 में अपोलो 11 उतरा था। नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर के जरिए इसका पता चला है। यह लावा ट्यूब भविष्य की खोज के लिए एक रोमांचक लक्ष्य हो सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह सुरंग अंतरिक्ष यात्रियों के आश्रय के लिए उपयोग किया जा सकता है। कई दशक से वैज्ञानिक चंद्रमा पर लावा ट्यूबों के अस्तित्व पर बहस करते आ रहे हैं। इस लावा ट्यूब सतह के नीचे एक प्राकृतिक सुरंग है, जो बहते हुए लावा से बनी हुई है। 15 जुलाई को इटली के ट्रेंटो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय टीम ने इस सुरंग की पहली संभावित पुष्टि की है। शोध दल ने 15 जुलाई को नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में निष्कर्ष प्रकाशित किया है।



चांद पर मिली सुरंग की तस्वीर।

### मायावी रहे हैं लावा ट्यूब

**नैनीताल:** वैज्ञानिक पहले से ही जानते थे कि चंद्रमा की सतह पर सुरंगें हैं। जिसके चलते 50 वर्षों पहले चंद्र लावा ट्यूबों के अस्तित्व का सिद्धांत दिया गया था। चंद्रमा पर ज्वालामुखीय गतिविधि का एक सुस्थापित इतिहास माना जाता रहा है। ज्वालामुखी विस्फोट अरबों साल पहले हुए होंगे। मगर अब जाकर पहली बार यह ठोस सबूत मिला है। उम्मीद है कि यह मायावी सुरंगें और भी होंगी।

# नक्सलियों ने सुरंग को उड़ाया, दो जवान शहीद

बीजापुर, एजेंसी

- गंभीर रूप से घायल चार जवानों के रायपुर अस्पताल भेजा

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया, जिससे विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के दो जवानों की जान चली गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना में विशेष कार्य बल के दो आरक्षक-भरत साहू और सत्येर सिंह कांगे की मौत हो गई, जबकि चार अन्य जवानों के घायल होने की खबर है। अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद 16 जुलाई को एसटीएफ, डीआरजी और सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन के संयुक्त दल को रवाना किया गया। अधिकारियों के मुताबिक, संयुक्त दल जब अभियान पूरा कर लौट रहा था, तभी बुधवार देर रात बीजापुर जिले के तर्रेम क्षेत्र में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया।

### दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने गुरुवार को नियंत्रण रेखा से घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी और दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों को खुफिया सूचना मिली थी।